3 **बस्तर संभाग** लंबित अपराधों पर नियंत्रण करने पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम...

6 **अभिमत** हमारे प्रेरणास्रोत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

10 **संस्कारधानी** कोचियों तक आसानी से पहुंच रही शराब, सरकारी दुकान के...

11 **छत्तीसगढ़** भारतीय जनता पार्टी मंडल ने राम मंदिर में मोर आवास...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 7 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 105 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### हैदराबाद में भूकंप के हल्के झटके




**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भारतीय मौसम विभाग ने विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गयी। भूकंप अपराह्न 3.23 मिनट पर आया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केन्द्र हैदराबाद से करीब 87 किमी पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में 17.56 उत्तरी अक्षांश और 77.68 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किमी की गहराई में था। मौसम विभाग ने बताया कि भूकंप से जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### भारत-नेपाल सीमा पर तनाव, बुलाई बैठक

**नैनीताल।** भारत और नेपाल सीमा पर तनाव के बीच बुधवार को पहली बार भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक आहूत की गयी है। माना जा रहा है कि भारत की ओर से नेपाल के समक्ष जोरदार तरीके से अपना पक्ष रखा जायेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार सीमांत पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला में स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से भारतीय क्षेत्र में इन दिनों काली नदी पर तटबंध का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### रुपया रिकार्ड निचले स्तर 82.50 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़का

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही मजबूती के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में हुयी बिकवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 65 पैसे टूटकर अब तक रिकार्ड निचले स्तर 82.50 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। पिछले दिवस रुपया 81.85 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। पिछले दो सत्रों में रुपया 1.17 रुपये प्रति डॉलर टूट गया है। रुपया आज 9 पैसे की गिरावट लेकर 81.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। पूरे सत्र रुपया इससे ऊपर नहीं उठ सका। इस दौरान डॉलर की मांग आने के दबाव में यह 82.63 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर

# देवभोग बनेगा नगर पंचायत : सीएम भूपेश

## झाखरपारा को उप-तहसील बनाने, सिनापाली में जिला सहकारी ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के तहत गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवभोग पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां आमजनता से शासन की योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली और हितग्राहियों से शासन की योजनाओं से मिले लाभ के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि रोजगार, लोगों की आय में वृद्धि और महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार गरीब से गरीब व्यक्तियों तक योजना का लाभ दिला रही है। सभी की आय में वृद्धि करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। देवभोग में रीपा के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति दी गई है, इससे जल्द ही ग्रामीण को रोजगार भी मिलने लगेगा। हमारी सरकार सभी के जेब मे पैसा डालने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में भी सभी के जेब मे पैसा डालने का काम किया गया है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की। इस मौके पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने



इस अवसर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने देवभोग को नगर पंचायत बनाने, झाखरपारा को उप-तहसील बनाने, देवभोग कन्या हायर सेकंडरी स्कूल का नवीन भवन, देवभोग के बालक स्कूल भवन के जीर्णोद्धार, ग्राम सिनापाली में जिला सहकारी ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने, देवभोग में नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण, कोष्टा मुड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण, ऋषि झरना को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए 30 लाख देने, बेलाडुनाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण, सरदापुर आईटीआई का नाम अमर शहीद भोजराम तांडी के नाम पर करने, ग्राम मूंगिया और झखरपारा में पुल निर्माण की घोषणा की।

**काशीराम ने गोबर बेचने से मिले पैसे से पत्नी के लिए ली स्कूटी–** काशीराम नागवंशी ने मुख्यमंत्री को गोधन न्याय योजना से मिल रहे लाभ के बारे में बताया कि उन्होंने 299 क्विंटल 42 किलो गोबर बेचकर 59 हजार 8 सौ 84 रुपए कमाए, इन पैसों से पत्नी के लिए एक स्कूटी ली। देवभोग में भेंट-मुलाकात में स्व-सहायता समूह की कविता नायक ने बताया कि वर्मी खाद निर्माण से 95 हजार 800 रुपये मिले हैं। 10 सदस्य है। सभी को लगभग 9 से 10 हजार मिला है। इन पैसों से उन्होंने 4 बकरी खरीदी है। उन्होंने योजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। ग्रामीण युवक कुंदन कश्यप ने मुख्यमंत्री को बताया कि मात्रात्मक त्रुटि की वजह से उन्हें जाति प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहा था। आप के प्रयास से यह त्रुटि सुधर गई और उन्हें जाति प्रमाण पत्र मिल गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जाति को लिखते समय अंग्रेजी में लिखे। हिंदी में उच्चारण की वजह से गलत लिख जा रहा था।

### जोगेन्दर प्रसाद का 3.70 लाख रूपए का कर्ज माफ

देवभोग में आयोजित भेंट मुलाकात में कृषक जोगेन्दर प्रसाद बेहरा ने बताया कि उनकी 30 एकड़ जमीन है, उनका 3 लाख 70 हजार रुपए का कर्ज माफ हुआ है। शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। भूमिहीन श्रमिक मुरारी सेन ने मुख्यमंत्री को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से मिल रहे लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भूमिहीन मजदूरों को भी शासन के इस योजना में 7 हजार मिल रहा है, अच्छा लग रहा है। किसान गिरिराज ने बताया कि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना की सभी किश्त प्राप्त हो गई। प्राप्त पैसे से खेत में सुधार कार्य करवाया है।

### हाटबाजार क्लीनिक में मुफ्त में हुआ अमरचंद का इलाज

हाटबाजार क्लीनिक योजना के हितग्राही अमरचन्द कश्यप ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके गांव के बाजार में क्लीनिक लगती है। उनका पेट दर्द रहता था। गांव में शिविर लगने से मुफ्त में जांच और दवा मिल जाती है। इससे वे ठीक हो गए हैं और समय पर खाना खा पाते हैं। भेंट-मुलाकात में आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा भूमिका कश्यप और छात्र आदर्श वर्धन ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके स्कूल में लैब, लाइब्रेरी सहित सुविधाओं वाले क्लास रूम है। शिक्षक अच्छे से पढ़ाते है। आदर्श ने बताया कि पहले उन्हें 14 हजार निजी स्कूल में पढ़ाई का लगता था। अब पैसे नही लगते। एक हितग्राही उर्मिला बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसके ढाई साल के नाती को आंगनबाड़ी भेजते है। यहाँ वह स्वस्थ और तंदुरुस्त हो गया है। आंगनबाड़ी में दाल, चावल, रोटी, हरी सब्जी, चिक्की, सप्ताह में केला भी मिलता है।

**स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित श्याम शंकर मिश्र की प्रतिमा का अनावरण–** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देवभोग में अंचल के स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित श्याम शंकर मिश्र की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सहित स्वतंत्रता सग्राहम सेनानी स्वर्गीय पंडित मिश्र के परिजन और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान राष्ट्र को करेंगे समर्पित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नौवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) गोवा की राजधानी पणजी में तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को यहां घोषणा करते हुए बताया कि तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान गोवा में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गाजियाबाद में राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम) और दिल्ली में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच) को 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगें। उन्होंने कहा कि ये संस्थान अनुसंधान के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करेंगे और बड़ी आबादी के लिए सस्ती तथा गुणवत्तायुक्त आयुष सेवायें प्रदान करेंगे। इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई, आयुष मंत्रालय के सचिव पद्मश्री वैद्य राजेश कोटेचा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुष मंत्री ने कहा कि इन तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों की स्थापना से आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी में यूजी-पीजी और डॉक्टरेट करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 400 अतिरिक्त सीटें सृजित होंगी। सोनोवाल ने बताया कि नौ वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) गोवा की राजधानी पणजी में वैश्विक स्तर पर 8-11 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इसमें आयुष प्रणाली में निहित वैज्ञानिकता, प्रभावकारिता और क्षमता को विश्व के सामने रखा जाएगा।

## ड्रोन तकनीक का हब बनेगा भारत : अनुराग

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि भारत ड्रोन प्रौद्योगिकी का केंद्र बन जाएगा और देश को अगले साल तक कम से कम एक लाख ड्रोन पायलटों की आवश्यकता होगी। ठाकुर ने यहां 'ड्रोन यात्रा 2.0' को हरी झंडी दिखाने के बाद अपने संबोधन में कहा कि प्रौद्योगिकी वास्तव में तेजी से दुनिया को बदल रही है और यह अब से अधिक प्रासंगिक कभी नहीं रही क्योंकि इसके अनुप्रयोग इस ग्रह के कुछ सबसे अधिक दबाव वाली समस्याओं को हल कर रहे हैं।

## ईडी कोर्ट से नहीं मिली कोई राहत, 10 तक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ईडी के जद में आने वाले आईएएस- उपसचिव और कारोबारियों को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिल पाई है। अटकलें लगाई जा रही थी कि कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, आईएएस समीर विश्नोई, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल ने जो जमानत के लिए आवेदन किया था उस पर कोई निर्णय है सकता है पर ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि कोर्ट में 10 दिसंबर तक रिमांड अवधि बढ़ा दी है। प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस के सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कई घंटे की सुनवाई के बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, समीर विश्नोई, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल को कोर्ट ने 10 दिसंबर तक के लिए जेल भेज दिया है। वहीं उप सचिव सौम्या चौरसिया



को 10 दिसंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक सौरभ कुमार पाण्डेय ने बताया, एजेंसी ने सौम्या चौरसिया को अदालत में पेश कर 10 दिन की रिमांड मांगी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने चार दिन की रिमांड बढ़ाई है। उन्हें 10 दिसम्बर को फिर से अदालत के सामने पेश किया जाएगा। न्यायिक रिमांड पर चल रहे आरोपियों को भी 10 दिसम्बर तक न्यायिक हिरासत में ही भेजा गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता फैजल रिजवी ने बताया, हिरासत के दौरान सौम्या चौरसिया को बच्चों से मिलने की अनुमति दी गई है।

## देश की खुशहाली के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' से जुड़ें : राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के पदयात्रियों को निर्लिप्त होकर देश सेवा के लिए आगे बढ़ने वाले यात्री बताते हुए कहा है कि इसमें सिर्फ देश सेवा है इसलिए सभी देशवासियों को इस यात्रा में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की महंगाई, बेरोजगारी और नफरत वाली नीति में देश का हित नहीं है और न इससे किसी देशवासी का भला होने वाला है जबकि भारत जोड़ो यात्रा देशहित में है और इसके यात्रियों में देशभक्ति का जज्बा तथा देशवासियों की समस्याओं का निदान है। गांधी ने फेसबुक संदेश में कहा न द्वेष, न चिढ़, न क्रोध - किसी भी भारत यात्री के दिल में इनमें से कुछ भी नहीं है।

## सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयारी : जोशी

# शीतकालीन सत्र में विपक्ष महंगाई, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर रहेगा मुखर

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com


संसद के शीतकालीन सत्र के लिए विपक्ष ने सरकार को महंगाई, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग, भारत-चीन सीमा मुद्दे को लेकर घेरने की तैयारी की है और दोनों सदनों में विपक्ष को अधिक समय देने की मांग की है। लोकसभा में सदन के उपनेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद के पुस्तकालय भवन में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं ने ये तेवर दिखाये। सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आश्वासन दिया कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है तथा संसदीय मर्यादा एवं अनुशासन के साथ चर्चा होनी चाहिए। बैठक में



जोशी के अलावा राज्यसभा के नेता सदन एवं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, वी मुरलीधरन उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक के तिरुची शिवा एवं टी आर बालू, लोकजनशक्ति पार्टी से पशुपति पारस, वंदना चव्हाण, नेशनल कॉन्फ्रेंस के डॉ फारुक अब्दुल्ला, असम गण परिषद के वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य और माकपा के विनय विश्वम शामिल थे। कांग्रेस ने महंगाई एवं केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की और कहा कि विपक्ष को अधिक समय दिया जाना चाहिए। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार को हिन्दुओं एवं मुस्लिमों के त्योहारों के साथ साथ ईसाइयों के त्योहारों का भी ध्यान रखना चाहिए और संसद के सत्र की तिथि तय करते समय क्रिसमस के पर्व का ख्याल रखना चाहिए था। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार सप्ताहांत में है और उस समय संसद बंद रहती है।

### संसद में बेरोजगारी तथा महंगाई पर हो चर्चा : कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ा संकट महंगाई और बेरोजगारी का है इसलिए सरकार को शीतकालीन सत्र में इन दोनों मुद्दों पर चर्चा करानी चाहिए। सर्वदलीय बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे तथा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि संसद सत्र में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सिर्फ एक दिन में करने, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए कोटा और बेरोजगारी पर चर्चा होनी चाहिए। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार को संसद सत्र की तारीख तय करते समय सभी धर्मों के लोगों का भी ध्यान रखना चाहिए।


JOIN INDIAN NAVY

Indian Navy invites online applications from unmarried male and unmarried female candidates (who fulfil eligibility conditions as laid down by the Government of India) for Agniveer 01/2023 (May 23) Batch

| Entry | Educational Qualification | Vacancies | Born Between (Both Date Inclusive) |
|---|---|---|---|
| AGNIVEER (Senior Secondary Recruit) | Qualified in 10+2 examination with Maths & Physics and at least one of these subjects:- Chemistry/ Biology/ Computer Science from the Boards of School Education recognised by Ministry of Education, Govt. of India | 1400 (including a maximum of 280 female) | 01 May 2002 to 31 Oct 2005 |
| AGNIVEER (Matric Recruit) | Passed Matriculation Examination from the Boards of School Education recognised by Ministry of Education, Govt. of India | 100 (including a maximum of 20 female) | |

Online application window is open from 08 Dec 22 to 17 Dec 22

For eligibility criteria and details for the batch, visit www.joinindiannavy.gov.in and Employment News dated 03 Dec 22.

For queries contact Help Desk : Email - sailor@navy.gov.in, Telephone - 011 21410669

Scan this QR Code to apply online

CBC10701/13/0011/2223

# बालोद जिले में 8 परिवहन सुविधा केंद्र, बावजूद आरटीओ एजेंटों की विभाग में है धमक, हर काम पर होता है कमीशन का खेल

## शासन की मंशा पर पानी फेर रहा जिले के आरटीओ विभाग

रवि भूतड़ा ≺ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार ने मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज कर क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केंद्र स्थापित किया हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां आसानी से लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए क्षेत्रीय परिवहन सुविधा केन्द्र शुरू किए गए हैं। जिले में 12 परिवहन सुविधा केंद्र खोले जाने की योजना है। लेकिन अभी सिर्फ 8 केंद्र ही शुरू हो पाए हैं। सरकार की मंशा है कि परिवहन विभाग के द्वारा शुरू किए गए परिवहन सुविधा केन्द्रों से लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने या बाकी परिवहन सम्बंधित काम के लिए अब आरटीओ दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। इन केंद्रों के खुलने से जनता को न केवल एजेंटो से छुटकारा मिलेगा, बल्कि घर के नजदीक ही परिवहन से जुड़े तमाम कार्य भी पूरे हो जाए। बावजूद इसके आज भी आरटीओ में दलाल हावी है। बिना दलाल और उनके हस्तक्षेप के कोई काम आज भी यहां संभव नही। शासन की मंशा पर पानी फेरते हुए ड्राइविंग लाइसेंस से नाम ट्रांसफर या हर छोटे-मोटे काम के लिए मोटी कमीशन का खेल जारी हैं। लर्निंग लाइसेंस का का जहां 350 रुपये और परमानेंट लाइसेंस का चालान के साथ 1 हजार 450 रुपये लगता हैं। तो वही एजेंट इसे दुगुना और तीन गुना तक कर देते हैं। क्योंकि अगर कोई लाइसेंस बनाने सीधे आरटीओ कार्यालय जाता है, तो प्रक्रिया को पेचीदा कर उसे बार बार विभाग के चक्कर लगाए जाते है। और यही काम एजेंट चंद दिनों में कर देते है। जिसमे विभाग में बैठे अधिकारी कर्मचारीयों की पूरी पूरी संलिप्तता हैं।

**आरटीओ दफ्तर में भ्रष्टाचार और दलालों का वायरस-** एजेंट की सबसे ज्यादा कमाई और कमीशन वाहन के पंजीयन कराने और वाहन बेचने के बाद नए मालिक का पंजीयन कराने में होती है। यह काम आसान होने के बाद भी आरटीओ के एजेंट, विभाग के कुछ कर्मचारी और अधिकारी के साथ मिलकर इतना पेचीदा कर देते हैं कि यदि वाहन चालक चाहे भी तो खुद यह काम नहीं करवा सकता। तय शुल्क के डेढ़ से दो गुना पैसे देने लोग मजबूर हैं। और कोई मजबूर मिल गया तो फिर शुल्क से तीन गुना भी अधिक राशि ली जाती हैं। पाकुरभाट स्तिथ आरटीओ कार्यालय के सामने और शहर में कई एजेंटों की दुकान हैं। जो कार्यालय के अंदर और कार्यालय के ठीक सामने दिनभर जमघट लगाए होते हैं। इधर विभाग के जिम्मेदार भी इन एजेंटों को रोकने का दुस्साहस नहीं करते। इसकी वजह उन्हें मिलने वाला मोटा कमीशन है। ऐसे में ये कहना गलत नही होगा कि आरटीओ दफ्तर में भ्रष्टाचार और दलालों का वायरस घुस गया है।

**दो लाख रुपए से ज्यादा की दलाली हर दिन-** आरटीओ दफ्तर ऐसा है जहां घुसते ही पैसे के लेन देन का मीटर घूमने लगता है। जितना जल्दी और बड़ा काम उतना ही फास्ट पैसा मीटर दौड़ेगा। आरटीओ ऑफिस में हर दिन सैकड़ो लोग अलग-अलग कामों के लिए जाते हैं। दलाल सरकारी फीस से दो से तीन गुना तक वसूलते हैं। अब सवाल यह है कि सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत के बगैर क्या यह मुमकिन है...? आरटीओ ऑफिस में माना जाए कि हर दिन लाइसेंस, फिटनेस, आरसी के करीब 200 लोगों के काम होते हैं और एक व्यक्ति से एक हजार रुपए से अधिक की अवैध वसूली होती है। तो इसके मायने है कि हर दिन दो लाख रुपए सीधे दलालों और सहयोगी कर्मचारियों की जेब में जाते हैं। बाहरी जिलों के वाहनों का भी फिटनेस कार्य कर जमकर वसूली का खेल चलता हैं।

**आरटीओ दफ्तर में कैसे होता है करप्शन..?-** पड़ताल में हमें बालोद जिले का एक व्यक्ति भी मिला। यह दलालों के संपर्क में था। वह ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आया था। हमने जब उससे बातचीत के लिए कहा तो उसने पहले तो इनकार कर दिया। फिर फोटो और नाम नहीं छापने की शर्त पर कई राज खोले। उसने बताया कि वह कई दलालों से मिला लेकिन ज्यादातर ने दो से ढाई हजार रुपए की फीस बताई। सभी ने कहा कि सरकारी नियमों में आसानी से नहीं बन पाएगा।

> 12 परिवहन सुविधा केंद्र स्वीकृत है, जिसमें 8 खोले गए है, बाकियों में कुछ कुछ कमी थी, जो क्राइटेरिया पूरा नही कर पाए, वे अभी वेटिंग में है, प्रोसेस में है, हर काम पारदर्शिता से होता है।
> **प्रकाश रावटे, जिला परिवहन अधिकारी, बालोद**

# खेल के मैदान में हर खिलाड़ी के अंदर सिर्फ खेल भावना होनी चाहिए : योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोड़गिरी में यंग स्टार क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किसान नेता योगेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ । प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच घटियाकला इलेवन व पिरदा इलेवन के मध्य हुआ । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय लिया । इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि आज के समय में क्रिकेट पूरे विश्व के लोगों की पसंद है । क्रिकेट के मैदान में जो नौजवान अपनी किस्मत को आजमा रहे हैं, आने वाले समय में जरूर अपने जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने करेंगे । खेल के मैदान में हर खिलाड़ी के अंदर सिर्फ और सिर्फ खेल भावना होनी चाहिए । क्योंकि हार और जीत तो एक ही सिक्के के दो पहलू हैं । आज खेल से ही मनुष्य की शारीरिक और मानसिक विकास का होना संभव है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है । इस दौरान संरपच अलखराम पाटिल, पंच पुनम पटेल, केवल पाटिल, कमलेश साहू, गणेश पाटिल, अमित पाटिल, मुकेश पाटिल, विक्की साहू, राहुल राजपूत, जोहन ठाकुर, प्रमोद साहू, योगेश पाटिल, पुष्पेंद्र साहू, प्रेमचंद पाटिल, नरेश साहू, दीपक धीवर, विकास दुबे, दुर्वास पाटिल, अनिकेत साहू, कमलेश यादव, रुस्तम परगनिहा, आकाश पाटिल, कप्तान मोहित चक्रधारी, राहुल पाटिल, सौरभ पाटिल, शुभम परगनिहा, इंद्रजीत वर्मा, मनीष चक्रधारी, लकी साहू, आयुष साहू, पुष्पेंद्र पाटिल, अमर साहू, कनिष्क पटेल, शुभम राजपूत, सूरज ठाकुर, गुलशन वर्मा, सागर वर्मा, यश वर्मा, योगेश वर्मा उपस्थित थे।

# विधायक प्रमोद शर्मा के दखल के बाद हड़ताल खत्म

पायनियर संवाददाता ≺ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

अदित्या बिरला पब्लिक स्कूल बैकुंठ में पिछले 15 दिनों से चल रहे हड़ताल को बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा और हड़ताली पालको के साथ स्कूल प्रबंधक और प्लांट प्रबंधक के बीच वार्तालाप के बाद हड़ताल को शर्तो के साथ खत्म किया गया है स्कूल प्राचार्य की मनमानी अड़ियल रवैय्या असमय फीस वृद्धि सहित 12सूत्रीय मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से हजारो छात्रों के पालक हड़ताल पर थे हड़ताली पालको ने बताया जब से श्री मति नीरजा तिवारी प्राचार्य बनकर आई है तब से ही विवादों में रही है इतना भारी विरोध के बाद भी प्रबंधको के द्वारा प्राचार्य को सहयोग करना समझ से परे है हिटलरशाही रवैय्या और अकुशल व्यवहार ने ऐसा वातावरण निर्मित किया है की पालक अपने बच्चे के भविष्य को लेकर चिंतित है मामला को बढ़ते देख विधायक ने मोर्चा सम्हाला और रायपुर कलेक्टर से चर्चा की जिस पर तिल्दा एसडीएम प्रकाश टंडन पहुचे जहाँ शासन प्रशासन की ओर छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नही होने देने की बात कही। पालक प्राचार्य को हटाने की बात पर डटे रहे जिस पर बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा ने कहाँ की आस पास के सभी सरपंच ने पालको का साथ देते हुए अपने लेटर पेड़ के माध्यम से और हर दिन हड़ताल में शामिल होकर प्रदर्शन कर रहे है उसके बाद भी प्रबंधक अपनी जिद्द पर अड़ा हुआ है यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है 15 जनवरी तक उक्त प्राचार्य को न हटाने पर पालको के साथ प्लांट के मेन गेट में धरना करने की घोषणा विधायक शर्मा ने की है जिसके बाद पालको ने हड़ताल को खत्म किया।

# शैलजा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महासचिव बनाए जाने पर विमल साहू ने बधाई दी



पायनियर संवाददाता ≺ लवन
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी महासचिव बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उक्त विषय पर चर्चा करते हुए विमल साहू ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि शैलजा के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सफलता के नए शिखर पर पहुंचेगी। 2023 में पुनः छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जीत का सिलसिला उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में लगातार बरकरार रहेगा।

# सामान्य वर्ग के अधिकारों के हनन के विरूद्ध जन आक्रोश जताने सैकड़ों की संख्या में बेमेतरा से पदयात्रा कर ज्ञापन देने जायेंगे रायपुर

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केन्द्र द्वारा सन् 2019 मे संविधान संशोधन के तहत ई.डब्ल्यू.एस.(आर्थिक रूप से कमजोर) सामान्य वर्ग के लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण करने का प्रावधान किया गया है जिसमे केन्द्र द्वारा राज्यों को आदेशित भी किया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा गत दिनो आरक्षण संबंधित विशेष सत्र बुलाकर उक्त वर्ग के आरक्षण मे कटौती कर 4 प्रतिशत कर दिया गया है जो न्याय संगत नही है सामान्य वर्ग के लोगों मे भारी रोश ब्याप्त है।



बेमेतरा के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि रामानन्द त्रिपाठी के अगवाई मे आज समाज प्रमुखों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिसमे सर्वब्राम्हण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पांण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला, सरयुपारी ब्राम्हण समाज बेमेतरा अध्यक्ष अजय शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे, भरत मिश्रा, लाला तिवारी, गिरीश मिश्रा, रमेश नंदवाना, विक्की चौबे सहित अनेको लोग बेमेतरा कलेक्टर को सूचनार्थ ज्ञापन दिये जिसमे दिनांक 12 दिसम्बर 2022 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे परशुराम चौक बेमेतरा से सैकड़ों की संख्या मे सामान्य वर्ग के लोग पदयात्रा कर रायपुर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को ईस हेतु ज्ञापन देने जायेंगे।

त्रिपाठी जी एवं समाज प्रमुखों ने बेमेतरा जिला के सभी सामान्य वर्ग के लोगों को ईस पदयात्रा मे सम्मिलित होकर अपनी हक की मांगे रखने के लिए रायपुर जाने के लिए निवेदन किये हैं जिसमे ( ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया, पंजाबी, सिंधी तथा अन्य वर्ग) सम्मिलित है ।

प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि हम किसी भी वर्ग विशेष के आरक्षण के खिलाफ नही हैं लेकिन हमारी यह मांग है कि केन्द्र द्वारा पारित किया गया आर्थिक रूप से सामान्य वर्ग के कमजोर लोगों के आरक्षण को कटौती कर 4 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा किया गया है उसे पुनः विशेष सत्र बुलाकर 10 प्रतिशत किया जाये तथा संपूर्ण आरक्षण के पश्चात बचत संख्या को केवल सामान्य वर्ग को ही अवसर दिया जाए ईसमे अन्य वर्गो की सहभागिता नही रहना चाहिए।

# जनचौपाल में मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित 37 आवेदन मिले

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान शहर सहित दूर-दराज के गांव से आए ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं को कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला ने बारी-बारी से सुना। जनचौपाल में मांग, समस्या एवं शिकायत से संबंधित 37 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने कहा कि तकनीकी रुप से जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रुप में सूचना भी दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा सुरुचि सिंह, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, बेरला युगल किशोर उर्वशा सहित विभिन्न



विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने, ट्रायसायकल प्रदान किये जाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने, किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि का लाभ नहीं मिलने के संबंध में, पुराना शौचालय, कीचन, शाला भवन डिसमेंटल कर नवीन निर्माण करने के संबंध में, मनरेगा में हुए घोटाले के संबंध में, डिमाण्ड राशि जमा पश्चात विद्युत कनेक्शन देने के संबंध में, ग्राम रवेली प.ह.न.20 के पटवारी के द्वारा सी फार्म भरकर नहीं देने की शिकायत के संबंध में, शेष बचे धान के उपार्जन हेतु टोकन जारी करने के संबंध में, एक आवेदक द्वारा ज्ञापन दिया गया कि अनियमितता की शिकायत करने के बावजूद सरपंच सचिवों के उपर कार्यवाही नहीं करने पर जनपद पंचायत सीईओ नवागढ़ के उपर उचित कार्यवाही करने की मांग की, मेहतरुराम देवांगन नया पारा वार्ड नं. 15 बेमेतरा को वृद्ध पेंशन दिलाने के संबंध में, धान विक्रय की अनुमति के संबंध में, जिला खनिज न्यास निधि की राशि दिलाने के संबंध में, ग्राम बनरांका ठाकुर पारा मितानीन रुकमणी धुर्वे द्वारा ग्राम स्वच्छता व पोषण समिति में बिल में फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरण करने जांच कर मितानिन के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में, कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण हेतु वाहन अधिग्रहण की राशि भुगतान करने, पेयजल हेतु वार्ड एक नारायणपुर में सौर ऊर्जा लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

# कलेक्टर औचक निरीक्षण पर पहुंचे धान खरीदी केंद्र बंजी और नगर पंचायत कार्यालय नई लेदरी

पायनियर संवाददाता ≺ मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. धुव ने धान खरीदी केंद्र बंजी और नगर पंचायत कार्यालय नई लेदरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे पहले वे धान खरीदी केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने धान खरीदी का जायजा लिया। उन्होंने धान बेचने आये किसानों से बात की और धान खरीदी के संबंध में सीधे किसानों से फीडबैक लिया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्र में किसी तरह की अव्यवस्था ना हो। किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए और धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित हो।



उल्लेखनीय है की मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में अब तक किसानों से 1,09,449.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 68,584 क्विंटल धान का उठाव भी मिलरों द्वारा कर लिया गया है। बंजी धान उपार्जन केंद्र में अब तक 1617 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

**सीएमओ को जनसुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश-** कलेक्टर ध्रुव ने इसी क्रम में नगर पंचायत कार्यालय नई लेदरी का भी औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर ने कार्यालय को व्यस्थित रखने, परिसर में स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों से भी बात की और उन्हें समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नई लेदरी से चर्चा कर जनता की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता देते हुए काम करने कहा। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं की समय पर उपलब्धता का पूरा ध्यान रखें। कलेक्टर ने स्वच्छता, पानी की व्यवस्था जैसी जनसुविधाओं के सुचारू रूप से संचालन करने सीएमओ को निर्देशित किया।

# सूने मकानों को निशाना बनाने वाले 3 चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ≺ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के केल्हारी थाना अंतर्गत सुने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपयों के जेवरात चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही उनके कब्जे से चोरी का माल भी जप्त कर लिया गया है। चोरी के मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी केल्हारी प्रधुम्न तिवारी ने बताया की प्रार्थी रमेश प्रसाद शुक्ला पिता हरिप्रसाद शुक्ला निवासी पसौरी थाना केल्हारी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था की 4 नवम्बर को करीब 09.30 बजे अपनी बहन के यहाँ धनपुर पेण्ड्रा गया हुआ था। उसकी पत्नी सवित्री शुक्ला घर पर अकेली थी। शाम करीब 07.00 बजे गांव में तुलसी एकादशी की पूजा में शामिल होने घर के दरवाजे में ताला बंद कर पड़ोस में गई थी।



**कैसे हुई चोरी की जानकारी-** रात करीब 08.00 बजे जब उसकी पत्नी घर वापस आई तो दरवाजा खोलने पर वह नहीं खुला। पड़ोसी लोगों को बुलाकर घर अन्दर जाकर देखी तो कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी। अलमारी का लाकर टूटा हुआ था। लाकर में रखा सोना चांदी का जेवरात एवं नगदी रकम कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था।

**फिर शुरू हुई पुलिस की तफ्तीश-** प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना केल्हारी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और मामले की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक को दी गई। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी टी. आर. कोशिमा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक निमेष कुमार बरैया के दिशा निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुर्रे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर चोरी का माल और अज्ञात आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिये निर्देशित किया गया था।

**पुलिस ने बिछाया जाल-** विशेष गठित टीम के द्वारा प्रकरण के सभी बिन्दुओं का बारीकी से विश्लेषण किया गया और मुखबिर सक्रिय किये गये। प्रकरण में संदिग्ध संदीप कुमार चक्रधारी को पकड़कर जब उससे पुछताछ की गई तो पुछताछ में उसने बताया की अपने साथी अखिलेश टांडिया एवं अंकुश पुरी के साथ मिलकर रमेश शुक्ला के यहां चोरी करने का प्लान बनाये और 4 नवम्बर 2022 को अखिलेश ने बताया की रमेश गुरुजी बाहर गये हैं और घर में उनकी पत्नी के अलावा और कोई नहीं है। शाम करीब 7.00 बजे घर में ताला देख तीनों घर के पीछे बाथरूम के पास से चढ़कर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखे आलमारी में से एक आलमारी का चाभी मिलने पर आलमारी खोलकर उसमें रखे सोने चांदी का जेवर चोरी किये तथा दूसरी आलमारी नहीं खुलने से घर के अंदर ही पड़े लोहे कुदाल से आलमारी के लॉक को तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं पांच हजार रूपये नगद चोरी कर लिये और चोरी के जेवर और नगदी पैसा को आपस में बांट लिये।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

केल्हारी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रद्युम्न तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक निरीक्षक ओम प्रकाश दुबे, प्र.आर. शेष नारायण सिंह, जितेन्द्र मिश्रा, जुनास एक्का, आरक्षक प्रिंस राय, पुष्कल सिन्हा, शम्भूनाथ यादव, दीपक मिंज, राजकुमार सेन, जुगल कौल, ललित यादव, भगत सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### ये रहे चोरी की घटना में शामिल

संदीप कुमार चक्रधारी पिता धीरेन्द्र कुमार चक्रधारी उम्र 25 वर्ष निवासी पसौरी थाना केल्हारी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छग)।
अखिलेश टांडिया पिता शिवलाल टांडिया उम्र 24 वर्ष निवासी पसौरी थाना केल्हारी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।
अंकुश पुरी पिता राजकुमार पुरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पसौरी थाना केल्हारी जिला एमसीबी।

### कुल इतने का माल हुआ जप्त

सोने के जेवरात 195 ग्राम कीमत लगभग 875000 रुपये
चांदी के जेवरात 1 किलो 265 ग्राम कीमत लगभग 75000 रुपये
घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल सुपर स्पेलेंडर कीमत लगभग 50,000 रुपये

# बीआईओपी स्कूल में की जा रहीं हैं मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य



पायनियर संवाददाता ≺ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

दन्तेवाडा जिले के समस्त नगरीय निकाय एवम पंचायत क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है।इसी परिप्रेक्ष्य में एएलओ द्वारा बीआईओपी स्कूल किरन्दुल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 के भाग संख्या 236 एवं 237 की निर्वाचक नामावली वर्ष 2023 की पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा हैं।जिसके तहत आज मंगलवार को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 02 संसोधन हेतु 08 एवं स्थानांतरण हेतु 03 लोगों ने फॉर्म भरा। मौके पर एएलओ सविता पोटाई,पुष्पा सिंह,पुष्पा साहू एवं प्रतिज्ञा सिंह उपस्थित थे।

# लंबित अपराधों पर नियंत्रण करने पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग

## दिसंबर माह में अभियान चलाकर पेंडिंग अपराध निकाल करने दिया गया आदेश

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा पेंडिग अपराधो के निकाल एवं समीक्षा हेतु सभी थाना,चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली गई। मीटिंग मे पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों के लंबित मामलो की समीक्षा कर अनावश्यक लंबित प्रकरणों के तत्काल निकाल करने आदेश दिया गया। थाना प्रभारियों को लगातार प्रतिबंधक कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ठगी एवं महिला संबंधी अपराधों के निराकरण हेतु राज्य से बाहर के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाने और लगातार टीम बाहर भेजकर आरोपियों को गिरफ्तार करने आदेश दिए गए। धान खरीदी सीजन के दौरान थाना प्रभारियो को नाके में निगरानी रखने दिए गए आदेश। सभी थानों को प्रतिदिन संध्या पेट्रोलिंग के आदेश दिए गए। बाजार स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाने हेतु थाना प्रभारियों को आदेश दिए गए। जिले में हो रहे छोटी छोटी चोरी की घटना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए थाना प्रभारियो को तत्काल चोरी के प्रकरणों में गिरफ्तारी करने आदेश दिए गए।

साथ ही संबंधित राजपत्रित अधिकारियों को चोरी के प्रकरणों की विशेष रूप से समीक्षा करने निर्देश दिए गए। सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को नियमित अंतराल में चलित थाना लगाने की प्रक्रिया लगातार चालू रखने आदेश दिए गए। साथ ही ग्राम कोटवार, पटेल गायता की समय समय पर मीटिंग करने हिदायत दिया गया। यातायात प्रभारी को शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके एवं बाजार के दिन प्वाइंट ड्यूटी लगाने आदेश दिए गए। यातायात प्रभारी को तेजगति से वाहन चलाने वालो पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए, शराबी वाहन चालको के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। प्रतिदिन नेशनल हाईवे पर बेतरतीब खड़े वाहनों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हिदायत दिया गया। क्राईम मीटिंग के दौरान एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी मुख्यालय डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, एसडीओपी केशकाल भूपत धनेश्री, एसडीओपी कोंडागांव निमितेष सिंह, डीएसपी अजाक के.पी. मरकाम, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, स्टेनो डीपी नाग एवं जिले के सभी थाना, यातायात व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## बस्तर के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने लगी

■ मादरकोंटा के आरण्यक गुफा में प्रवेश के लिए 100 रुपए शुल्क तय

**जगदलपुर।** स्तर जिले में नए वर्ष 2023 के आगमन से पहले इन दिनों पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी हैं जिसके मद्देनजर काफी भीड़ देखने को मिल रही है। उल्लेखनीय है कि पर्यटन स्थलों में प्रशासन का एक भी जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं है, हालांकि पर्यटन विभाग और वन विभाग टिकट के नाम पर और पार्किंग के नाम पर मनमानी पैसा पर्यटकों से वसूली कर रहे है। लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। मादरकोंटा में 100 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है।

जो अंचल के ग्रामीणों के लिए काफी अधिक हैं। यह वही जगह हैं जहां कलेक्टर रजत बंसल ने रात गुजारी थी, और अब पर्यटक शुल्क का विरोध कर रहे हैं। इन पर्यटन स्थलों में केवल बस्तर से ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के अलग-अलग शहरों से पर्यटक नए साल का जश्न मनाने अभी से पहुंच रहे हैं। और ऐसे में इनकी नाराजगी को जायज माना जा रहा है।

# संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में रहा जगदलपुर का वर्चस्व



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय विद्यालय नारायणपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन की फ्लैगशिप योजना न्यूनतम साझा कार्यक्रम(सी.एम.पी.) के अंतर्गत प्राथमिक अनुभगा के छात्र/छात्राओं हेतु एक दिवसीय संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 3 दिसंबर को किया गया। प्रतियोगिता में जगदलपुर संकुल के कोंडागांव केंद्रीय विद्यालय, नारायणपुर केंद्रीय विद्यालय और जगदलपुर केंद्रीय विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त सी.ई.ओ. जिला पंचायत नारायणपुर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी विद्यालयों से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनका एवं उनके अनुरक्षकों तथा निर्णायकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों के संस्थान प्रमुखों सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा समस्त विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि, प्राचार्य, प्रधानाध्यापक के.वि. जगदलपुर, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं निर्णायकों द्वारा मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर को 80 मी दौड़ बालक वर्ग, 50मी, 80मी, 100मी दौड़ बालिका वर्ग कबड्डी बालिका एवं बालक वर्ग, खो-खो बालिका वर्ग, लम्बी कूद बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कुल 42 स्वर्ण पदक, 17 रजत पदक एवं 9 कांस्य पदक प्राप्त हुए । सम्पूर्ण प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर प्रथम स्थान, केंद्रीय विद्यालय नारायणपुर द्वितीय स्थान एवं केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव तृतीय स्थान पर रहा।

# दलपत सागर में ऐतिहासिक दीपोत्सव में योगदान देने वाले हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के सबसे बड़े मानव निर्मित तालाब दलपत सागर में पिछले माह 12 नवंबर को स्वच्छता के संकल्प के साथ आयोजित ऐतिहासिक दीपोत्सव में योगदान देने वालों को जगदलपुर नगर निगम द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महापौर सफीरा साहू ने कहा कि हम सभी का संकल्प स्वच्छ और सुंदर जगदलपुर का निर्माण है। जिसके लिए प्रत्येक शहरवासी योगदान दे रहा है। दलपत सागर में इस साल जलाए गए सवा दो लाख दीए भी इसी स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण के प्रति लोगों का उत्साह है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्य से अधिक दीए जलाए गए। इसके लिए लोगों ने खुले हृदय से योगदान दिया। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा स्वच्छता के लिए जगदलपुर शहर को पूरे देश में दूसरा स्थान के लिए सम्मानित किया गया है। जगदलपुर वासियों की स्वच्छता के प्रति यह उत्साह हमें निश्चित तौर पर प्रथम स्थान दिलाएगी। विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक एवं स्वयंसेवी संगठन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता दीदी, युवोदय के स्वयंसेवक सहित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य यशवर्द्धन राव सहित पार्षदगण, नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग उपस्थित थे।

# सीएम ने आरक्षण देकर प्रदेशवासियों का दिल जीता : आचार्य

## आदिवासी भाइयों को 32 प्रतिशत तथा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



महामंत्री कांग्रेस कमेटी कोण्डागांव के सौरभ आचार्य ने कहा कि, आरक्षण को लेकर आदिवासी समाज को भड़काने व रोटी सेंकने वालों को कांग्रेस ने करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पीसीसी चीफ ने आदिवासी समाज को वादा किया था कि, 32 प्रतिशत आरक्षण व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर हर सम्भव प्रयास करेंगे और 32 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास कर दिया गया।

**सभी वर्ग का उत्थान ही कांग्रेस का लक्ष्य-** सौरभ आचार्य ने कहा कि, आरक्षण की कटौती के लिए भाजपा जिम्मेदार है, लेकिन पूरा सरकार को बदनाम करने में था और उधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम लगातार प्रयासरत थे कि, कैसे भी आदिवासी भाइयों व सभी समाज को उनका हक मिले। लेकिन हर किसी के हित में सोचने पर कांग्रेस सरकार ने आरक्षण को लेकर गंभीरता दिखाई और विधानसभा का सत्र बुलाकर आरक्षण बिल को पास कराया साथ ही आरक्षण लेकर राजनीति करने वालों की बोलती बंद कर दी। आचार्य ने आगे कहा कि, भाजपा की नेत्री लता उसेंडी चाह रही थी कि, आरक्षण की कटौती न हो, लेकिन हमारी सरकार ने ऐसा होने नही दिया। उधर सीपीआई पार्टी के नेताओं ने हर जगह जाकर कटौती को लेकर आरोप प्रत्यारोप लगाने का कार्य शुरू कर दिया था, लेकिन प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के प्रयास का नतीजा है कि, आज विधेयक पास हुआ और आदिवासियों भाइयों सहित सभी समाजों को उनको हमने जो वादा किया उसे पूरा करके दिखाया। आज प्रदेश में आदिवासियों का 32 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण और एस सी को 13 प्रतिशत एवं अन्य को 4 प्रतिशन आरक्षण मिल गया। इस अवसर में ये दोहराना चाहता हूँ कि, छत्तीसगढ़ राज्य में सभी समाजों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक विकास सिर्फ कांग्रेस सरकार में ही संभव है।

## सशस्त्र झण्डा दिवस आज

**कांकेर।** राष्ट्र की सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए युद्ध के दौरान अपना बलिदान देने वाले या घायल हुए सैनिकों को सम्मानित करने के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र झण्डा दिवस एवं 16 दिसम्बर को विजय दिवस और इस वर्ष दिसम्बर को गौरव माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश के नागरिक उदारता से समामेलित विशेष निधि में अपना योगदान देते हैं। एकत्रित राशि से युद्ध में वीरगति को प्राप्त या घायल हुए सैनिकों के निकटतम परिजनों के कल्याण और पुनर्वास के लिए उपयोग किया जाता है। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, आश्रितों को निर्धनता अनुदान, बच्चों को शिक्षा के लिए अनुदान तथा अन्य कई अनुदान दिये जाते हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल उदय कुमार टी. (से.नि.) द्वारा जिले के नागरिकों से अपील किया गया।

# केवल व्यक्तिगत हित के लिए, अधिकारियों से मिलता है कर्मा परिवार त्रस्त अधिकारी इसलिए उनसे मिलना नहीं चाहते : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



एक जनप्रतिनिधि के तौर नेताओं की ये जिम्मेदारी होती है कि वो अपने क्षेत्र की समस्याओं को पहचाने और जनता के हित के लिए वो सरकार को इस विषय में सूचित कर समस्या का निदान प्रशासन के माध्यम से करे। परंतु दंतेवाड़ा जिले में कर्मा परिवार के राजनेता एक जनप्रतिनिधि होने की अवधारणा को न केवल अपमानित कर रहे हैं अपितु वो राजनीति को एक व्यवसाय की तरह केवल अपने नफे नुकसान के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने बड़ी आशा से इस परिवार से विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था परंतु सत्ता के नशे में मदमस्त इन नेताओं ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दरकिनार करते हुए केवल स्वहित के कार्यों को ही तवज्जो दिया। रामू नेताम ने कहा कि प्रेस के माध्यम प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाधीश के कुछ समय इंतजार कराए जाने से नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष ने सत्ता की अकड़ का प्रदर्शन करते हुए जिलाधीश से कहा कि आप दो कौड़ी के लोगों को तवज्जो दे रहे हैं और उन्हें समय दे रहे हैं ये ठीक नहीं है। जबकि उस समय कुछ आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवी जिलाधीश से जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधीश से भेंट कर रहे थे।

रामू नेताम ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता का सेवक होता है और अपनी ही जनता को दो कौड़ी के लोग कहना जिला पंचायत अध्यक्ष की अहंकारी और घटिया सोच का प्रदर्शन है जब कांग्रेस सरकार आदिवासियों का आरक्षण छीन रही थी तब जिला पंचायत सदस्य और कर्मा परिवार के किसी सदस्य ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी और आज जब आदिवासी समाज के लोग प्रशासन से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मिल रहे हैं तो उन्हें दो कौड़ी का कह रहीं हैं ।

# जल संरक्षण और संवर्धन प्रशिक्षण के लिए जिले के 100 कृषक महाराष्ट्र रवाना

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले के 100 कृषकों के दल को आज नगर पालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, जनप्रतिनिधियों एवं उप संचालक कृषि विभाग के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर महाराष्ट्र रवाना किया गया। उप संचालक कृषि पीआर बघेल ने बताया कि जल ग्रहण विकास योजना के तहत सुकमा से 100 कृषकों का चयन कर महाराष्ट्र के रालेगण सिद्धि के लिए बस के माध्यम से रवाना किया गया है। जहां कृषकों को जल संवर्धन संरक्षण सहित फलोद्यान, वृक्षारोपण सहित अन्य कृषि संबंधी गतिविधियों का भ्रमण सह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कृषकों को मौसम आधारित फल एवं सब्जी रोपण तथा ग्रीष्म ऋतु में जल संरक्षण संवर्धन के तरीकों के साथ ही बोये जाने वाले फसलों की बेहतर पैदावार कैसे लें, इस विषय पर जिले के किसानों का सीमावर्ती राज्य के उन्नत कृषकों के साथ चर्चा परिचर्चा भी कराई जाएगी।

### सीएसआर मद से भोंगापाल बुद्धदेव मंदिर परिसर में नलकूप खनन एवं शौचालय निर्माण 4 लाख 75 हजार रूपए की स्वीकृति

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत जिले के फरसगांव ब्लाक के भोंगापाल बुद्धदेव मंदिर के समीप नलकूप खनन एवं शौचालय निर्माण के लिए 4 लाख 75 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत कार्य को योजना के प्रावधानों का परिपालन कर आगामी फरवरी 2023 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फरसगांव को दिए गए हैं।

## विभिन्न पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी, 9 दिसम्बर तक दावा आपत्ति

**सुकमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पावारास, सुकमा, कोण्टा, छिन्दगढ़, दोरनापाल, कुकानार एवं तोंगपाल में शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों पर प्रतिनियुक्ति व संविदा पर शिक्षकों की व्यवस्था के लिए विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें व्याख्याता वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक जीव विज्ञान, अंग्रेजी, कला समूह (अंग्रेजी माध्यम), प्रधान पाठक प्राथमिक शाला स्तर (अंग्रेजी माध्यम), सहायक शिक्षक जीव विज्ञान, गणित (अंग्रेजी माध्यम) एवं ग्रंथपाल के पदों की पात्र व अपात्र की सूची जारी की गई है।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने रायपुर जाकर किया लोक निर्माण कार्यालय का घेराव



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के समस्त लोक निर्माण विभाग संभाग कोण्डागांव के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयो ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन रायपुर में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की जानकारी नहीं भेजे जाने के संबंध में प्रमुख अभियंता कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिला के लोक निर्माण विभाग के 5 हजार कर्मचारी उपस्थित थे। और कर्मचारी भविष्य निधि काटने के संबंध में भी कर्मचारियों द्वारा विभाग के प्रमुख अभियंता को अवगत कराया गया। अवगत कराने के पश्चात विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी को भेजा जाएगा और कर्मचारी भविष्य जो नहीं काटा जा रहा है। जहा कर्मचारी भविष्य निधि काटा जाएगा एक सप्ताह के अंदर बोलकर कहा गया है।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

## पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्यों पर थिरके बच्चे, लोक गीत ने मोहा सबका मन

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



युवाओं तथा स्कूली बच्चों में लोक कला नृत्य, संगीत और खेलों के प्रति प्रोत्साहन लाने के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव का एक दिवसीय आयोजन कुम्हाररास खेल मैदान में किया गया। महोत्सव के समापन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने विजेता खिलाड़ियों तथा दलों का पारितोषिक प्रदान किया और खेल सहित अन्य विधाओं में संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहन दिया। युवा महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, वाद विवाद, लोक नृत्य, लोक गायन आदि की प्रतिस्पर्धा दो आयु वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें सुकमा, कोण्टा और छिन्दगढ़ तीनों विकासखण्ड से 132 पुरूष एवं 108 महिलाओं सहित कुल 240 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कबड्डी में जहां खिलाड़ियों ने अपनी सूझबूझ और स्फूर्ति का परिचय दिया तो वहीं लोक नृत्य और लोक गायन में पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों सहित अन्य दलों ने बस्तरिया नृत्य, धुरवा नृत्य, धुरवा डंडा नृत्य, कथक आकर्षण का केन्द्र रहे। पारंपरिक परिधानों और आभूषणों में सुसज्जित बालक एवं बालिकाओं ने ढोल की थाप और बांसुरी की धुन पर लयबद्ध नृत्य की प्रस्तुति दी।

# ग्राम पंचायत हिरोली में किया गया मलेरिया जांच



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का सातवां चरण चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत हिरोली में 40 घरों से 264 लोगों की मलेरिया जांच की गई। जिसमें 03 लोग मलेरिया पॉजीटिव पाएं गए। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरण किया गया। इस कार्य मे लीना कड़ती, मितानिन, आंगनबाड़ी रानी राव कार्यकर्ता का सहयोग रहा। उक्त जानकारी एएनएम सुरेखा मण्डावी द्वारा मीडिया को दी गई।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवन्त हॉस्पिटल,
जीई रोड, तात्यापारा चौक, रायपुर–492001
कॉन्टैक्ट नंबर : 0771–2223355 ई–मेल : raipur@kvbmail.com

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार, दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका प्रलक्षित कब्जा प्रत्याभूत लेनदार, दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, प्रत्याभूत लेनदार, दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की (1) मैसर्स पुनरासर पल्सेज (कर्जदार), स्वामिनी : श्रीमती सुनीता देवी झंवर, दुकान नंबर 54, द्वितीय तल, भैस्थान रोड, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़ (2) श्री रतन झंवर (गारंटर), पुत्र श्री रामगोपाल झंवर, ई–560, निकट राधाकृष्ण मंदिर, समता कालोनी, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़ की तरफ 30–11–2022 तक बकाया राशि रू. 13,43,666.98 (रूपए तेरह लाख तेतालीस हजार छह सौ छियासठ तथा पैसे अठ्ठानवे मात्र) तथा 01–12–2022 से आगे कानून के अनुसार देय आगे ब्याज की वसूली के लिए दिनांक 12 जनवरी, 2023 (12–01–2023) को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

सम्पत्ति हेतु सुरक्षित मूल्य रू. 13,49,000/– (रूपए तेरह लाख उन्चास हजार मात्र) होगा और सम्पत्ति हेतु धरोहर राशि जमा रू. 1,34,900/– (रूपए एक लाख चौंतीस हजार नौ सौ मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : कार्यालय संख्या 54, द्वितीय तल, राधा मोहन टावर, क्षेत्रफल 100 वर्ग फीट, जो खसरा नंबर 353/8 एवं 354/4, पी.एच. नंबर 106 ए/46, मौजा –रायपुर खास, रामसागर पारा, वार्ड नंबर 17, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। सम्पत्ति श्री रतन कुमार झंवर के नाम है।


बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया बैंक की/प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध करवाया गया लिंक नामतः www.kvb.co.in/Property Under Auction और सेवा प्रदाता मैसर्स केनबैंक कम्प्यूटर सर्विस लिमिटेड के वेबपोर्टल में भी उपलब्ध करवाया गया लिंक नामतः www.indianbankseauction.com देखें।

सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का कानूनी नोटिस

कर्जदार/रों और गारंटर/रों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित बकाया राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित, ई–नीलामी की तिथि से पहले चुका दें, जिसमें असफल रहने पर, अनुसूची सम्पत्ति नीलाम/बिक्री की जाएगी और शेष बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

तिथि : 05–12–2022
स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनोपज पर आधारित इन्क्यूबेशन सेंटर और रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र देवभोग में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए वनोपन पर आधारित इन्क्यूबेशन सेंटर और रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीण उद्यम पार्क स्थापना के लिए 7.42 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वनोपज पर आधारित यह पार्क वनांचल क्षेत्र के हजारों वनोपज संग्राहक परिवार के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी उपस्थित हैं।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजिम विधानसभा क्षेत्र को 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रूपये लागत के 203 विकास कार्यो का सौगात दी




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजिम विधानसभा क्षेत्र में अपने दूसरे दिवस के प्रवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजिम में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के लिए 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रूपये लागत के 203 विकास कार्यो की सौगात दी, जिसमें 57 करोड़ 81 लाख 71 हजार रूपये लागत के 167 कार्य का भूमिपूजन एवं 10 करोड़ 78 लाख रूपये लागत के 36 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

भूमिपूजन होने वाले कार्यो में विद्युत विभाग अंतर्गत 151 लाख 16 हजार रूपये लागत के 1 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 13 करोड़ 41 लाख 36 हजार रूपये लागत के 7 कार्य, जल संसाधन विभाग के 7 करोड़ 65 लाख 91 हजार रूपये लागत के 3 कार्य, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना के 6 करोड़ 71 लाख 23 हजार रूपये लागत के 8 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 16 करोड़ 59 लाख 61 हजार रूपये लागत के 17 कार्य, नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत 3 करोड़ 82 लाख 60 हजार रूपये लागत के 33 कार्य, नगर पंचायत राजिम के 2 करोड़ 89 लाख 56 हजार रूपये लागत के 48 कार्य, नगर पंचायत फिंगेश्वर के 2 करोड़ 88 लाख 29 हजार रूपये लागत के 29 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 20 लाख 14 हजार रूपये के 2 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 84 लाख 49 हजार रूपये लागत के 7 कार्य एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 1 करोड़ 27 लाख रूपये लागत के 12 कार्य शामिल है। लोकार्पित होने वाले कार्यो में लोक निर्माण विभाग के 5 करोड़ 58 लाख रूपये लागत के 5 कार्य, वन विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 51 लाख रूपये लागत के 4 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के 74 लाख रूपये लागत के 2 कार्य, आदिवासी विकास विभाग के 1 करोड़ 62 लाख रूपये लागत के 1 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 16 लाख रूपये के 3 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 64 लाख रूपये लागत के 11 कार्य एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 50 लाख रूपये लागत के 10 कार्य शामिल है।

## नाबालिग लड़की को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** नाबालिग लड़की को भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक झा द्वारा महिलाओं पर घटित अपराधों पर कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में 31.अग.22 को प्रार्थी के नाबालिग लड़की घर में बिना बताये कहीं चली गई थी जो घर वापस नही आने पर नाबालिक लडकी को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने की प्रबल संभावना पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान लगातार अज्ञात आरोपी एवं पीड़िता का पतासाजी गंभीरता से किया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मुस्कान अभियान के दौरान पतासाजी कर पीड़िता को 3.दिस.को आरोपी व्यास नारायण जांगड़े (23) पिता-नेतराम जांगड़े को गिरफ्तार किया। ग्राम-लांजा, थाना सिमगा के में पीड़िता को आरोपी कब्जे से सरोना रायपुर से बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा का पाये जाने से पाक्सो एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक निमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाही में महिला प्रधान आरक्षक जागेश्वरी वर्मा आरक्षक धर्मेंद्र यादव, आरक्षक प्रवीण वर्मा एवं सायबर सेल का विशेष योगदान रहा था।

## आसानी से करें वोटर आईडी को आधार से लिंक

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से मतदाता परिचय पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जा रहा है। जिले के लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं के लिए इसके लिए फॉर्म भरा जा चुके है। ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत इसका प्रतिशत कम है। इसलिए मतदाताओं से इसमें अधिक से अधिक सहभागिता की अपेक्षा है। इस हेतु आयोग के द्वारा ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फॉर्म एकत्रित किए जा रहे हैं। यह कार्य बहुत ही सरल है और इसे मतदाता स्वयं अपना 10 मिनट निकालकर पूर्ण कर सकते हैं और मतदाता सूची को शुद्ध बनाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। प्रकिया के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे ने बताया कि सर्वप्रथम आपको गूगल प्लेस्टोर से 'वोटर हेल्पलाइन एप' अपने एंड्राइड मोबाइल पर इंसटाल कर लेना है।इसके पश्चात अपने मोबाइल नंबर की सहायता से रजिस्ट्रेशन कर लेना है। रजिस्ट्रेशन के दौरान सेट किए गए पासवर्ड एवं ओटीपी डालकर लॉगिन पूर्ण करना है। फिर वोटर रजिस्ट्रेशन ऑप्शन पर क्लिक करके वोटर ऑथेंटिकेशन फॉर्म (फॉर्म 6बी) पर क्लिक करें। इसके पश्चात शुरू करें में क्लिक करने के पश्चात अपने एपिक नंबर की सहायता से अपनी डिटेल सर्च करें। आगे बढ़े और स् ीन पर दिखाई जा रही अपनी जानकारियों को जांच कर लें उसके बाद आगे बढ़े। अब फॉर्म में अपना 12 डिजिट का आधार क्रमांक एवं मोबाइल नंबर दर्ज करें। अपने गांव या शहर का नाम इंग्लिश में दर्ज कर फॉर्म सबमिट करें। फिर कन्फर्म करने पर आपको अपना फॉर्म रिफरेन्स नंबर प्राप्त होगा। इसे आगे के उपयोग के लिए लिखकर या नोट करके रख लें। इस प्रकार आपका आधार लिंक का फॉर्म जमा हो जाएगा आप अपने मोबाइल से ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों या अन्य का भी आधार लिंक का कार्य कर सकते हैं।

## मड़ई-मेला आयोजन के लिए यादव समाज की बैठक

**बलौदाबाजार।** यादव समाज के द्वारा राऊत नृत्य महोत्सव एवं मड़ई-मेला का आयोजन किये जाने के संबंध में आवश्यक चर्चा किये जाने पीतल कारखाना के सामने, सामुदायिक भवन बलौदाबाजार में बैठक आहूत की गई है। उक्त बैठक के संबंध में किशोर यादव जिलाध्यक्ष सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के द्वारा उक्त बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सर्व यादव समाज, झिरिया यादव समाज, कोसरिया यादव समाज, ठेठवार यादव समाज, देशहा यादव समाज, कनौजिया यादव समाज सहित सभी वर्ग के समाज के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम आज ग्राम बलौदा में

### लोकार्पण भूमि पूजन हितग्राहियों को सामग्रीयो का करेंगे वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की अगली कड़ी में बुधवार 7 दिसम्बर को महासमुंद जिले के सरायपाली विधासनसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात के लिए पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरायपाली के ग्राम बलौदा एवं बसना के ग्राम भंवरपुर में आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री सरायपाली रेस्ट हाऊस में विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 8 दिसम्बर को जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज यहां कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जानकारी दी। भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हितग्राहियों को सामग्रियों का भी वितरण करेंगे। कलेक्टर क्षीरसागर ने



मुख्यमंत्री के जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की सभी तैयारियों के लिए पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा है कि जिन्हें जो दायित्व दिया गया है कि उसका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा, एसडीएम उमेश कुमार साहू सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने इसके बाद जल जीवन मिशन समिति की बैठक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मीजल्स रूबेला तथा विशेष टीकाकरण की बैठक भी ली। उन्होंने कहा कि जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाए और 15 दिनों के भीतर घर-घर भ्रमण कर मीजल्स रूबेला तथा विशेष टीकाकरण हेड काउंट सर्वे किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरा पालन किया जाए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर. बंजारे ने बताया कि माह जनवरी से मार्च तक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में विशेष टीकाकरण का आयोजन किया जाना है। इसमें क्षेत्र के समस्त छूटे हुए लाभार्थियों को टीकाकृत किया जाना है। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द गुप्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी और महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग से भी पूर्व की तरह सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## नवा रायपुर में नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नवा रायपुर, अटल नगर के सेक्टर 27 स्थित बॉटनिकल गॉर्डन में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नगर निगम के नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत इसे शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार 5 दिसंबर से निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ हुआ। यह योग आयोग द्वारा नगर निगम क्षेत्र में शुरू किया गया 26वां केन्द्र होगा। इस केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक श्यामा साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा। ज्ञानेन्द्र शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास केन्द्र से आमजनों को फायदा मिलता है। इससे योग के प्रचार प्रसार में भी मदद मिलती है। यह लोगों को योग से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। योग से शरीर और मन को शुद्ध व स्वस्थ रखते हुए अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सकता है।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में योग आयोग के सचिव एम एल पाण्डेय, योग आयोग के प्रभारी अधिकारी, योग साधकगण सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## किसान उत्साह से कर रहे पैरादान, जिला पंचायत सीईओ गावों में पहुंचकर किसानों का रहें है उत्साह वर्धन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा पलारी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम घोटिया में पहुंचकर पैरादान करने वालों का उत्साह वर्धन किया। अभियान प्रारंभ करने के एक घंटे के भीतर ही 15 किसानों ने पैरादान करने की सहमति दे दी। पैरादान कराने में सरपंच, जनपद सदस्य सहित अन्य की विशेष भूमिका रही। सभी किसानों ने पैरादान करने काफी उत्सुकता जाहिर की। मौके पर 4 किसानों ने 5 ट्रैक्टर पैरादान किया। गौरतलब है कि पंचायत सहित अन्य विभागों के मैदानी अमला, पैरादान करने हेतु घर-घर अभियान चला रहे है। इस दौरान पलारी सीईओ रोहित नायक सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।



**रायपुर।** राजिम में अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित श्याम शंकर मिश्र की आदमकद प्रतिमा का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण किया।

**योजनाओ का फीडबैक लेने दौराकर रहा हू: भूपेश**

## मुख्यमंत्री राजिम रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले के दौरे के दौरान उमुक्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजिम में प्रेसवार्ता ली। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात अभियान के तहत कल मैंने राजिम विधानसभा क्षेत्र के छुरा, फिंगेश्वर और राजिम में लोगों से भेंट मुलाकात की। आप लोगों को यह पता ही है कि मैं शासन की योजनाओं का प्रत्यक्ष फीडबैक लेने के लिए प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर रहा हूं। अब तक लगभग 50 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा पूरा हो चुका है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मैंने इस बात को प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि हमारी न्याय योजनाओं से लोगों के जीवन में बहुत बदलाव आया है। उनका जीवन स्तर ऊंचा उठा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरियाबंद जिला बहुत




ही सुंदर जिला है। इस जिले में पर्यटन के विकास की अपार संभावना है। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ में जिन 9 स्थानों को चिन्हित कर विकसित किया जा रहा है, उनमें राजिम भी शामिल है। राजिम में पर्यटकों की सुविधा के लिए अधोसंरचना विकसित की जा रही है। राजिम मेला को भी व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने अपनी योजनाओं का लगातार विस्तार किया है, इससे हितग्राहियों की संख्या लगातार बड़ी है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ अब खरीफ की सभी फसलों, उद्यानिकी फसलों और वृक्षारोपण करने वाले किसानों को भी मिल रहा है। राज्य में कोदो-कुटकी-रागी का समर्थन मूल्य घोषित करने साथ- साथ हमने इन फसलों की खरीदी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है।मुख्यमंत्री ने कहा की राजिम मेले को ध्यान में रखते हुए 55 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है मेला स्थल के लिए राशि भी स्वीकृत की गई है। यह स्थान विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मेलन या संगोष्ठी आदि के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजिम राम वन गमन परिपथ के तहत विकसित किया जा रहा है।

बघेल ने कहा की भेंट-मुलाकात का मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि शासन की योजनाएं आम जनता तक पहुंच रहा है या नहीं। अभी तक 50 विधानसभाओं में जमीनी हकीकत का जायजा लिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि किसान, मजदूर, गोपालकों को भी योजना का लाभ हो रहा है। महिलाएं भी गौठानों के मध्यम से स्वावलंबी हुई हैं। गोबर और वर्मी खाद बेच कर अपनी जरूरत की चीजे खरीद पा रही हैं।

## दशगात्र में सम्मिलित हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल सोमवार 5 दिसम्बर को कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम अहिल्दा पहुंचकर आत्माराम यदु के माताजी जगनी बाई यदु के निधन पर उनके दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

उन्होंने मृत आत्मा को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति, एवं उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। अग्रवाल उनके परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर अजय राव, भाजपा के जिला मंत्री राजकुमार साहू महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुलोचना यादव, कसडोल मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल ,विजय केशरवानी, सुनिता वर्मा, जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, रामकुमार साहू, प्रशांत यादव, सर्वेन्द्र साहू, लवन मंडल के अध्यक्ष विजय यादव रघुराम वर्मा, योगेश वर्मा, युगेश वर्मा, दौलत वर्मा, पवन साहू, हरीश साहू, उत्तम साहू, विजय गोयल, बंशी चेलक, रामकुमार साहू, नरेंद्र साहू ,सुमन्त साहू, सुनिल तोंडरे के अलावा भारी संख्या में परिवारजन उपस्थित थे।

# पीडीएस में कालाबाजारी को लेकर हितग्राहियों के हवाले पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## संचालक के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशनकार्ड हितग्राहियों के खाद्यान्न का कालाबाजारी की जाने का मामला उजागर

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

पीडीएस के खाद्यान्न व चावल कालाबाजारी पर रोक एवं बतौर ठेकेदार उचित मूल्य दुकान के संचालक पर कार्यवाही के मांग को लेकर हितग्राहियों के हवाले पत्रकारों ने बीते दिन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन स्वरूप परिपत्र सौंपा है। गौरतलब हो कि रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत सरोरा, परसदा, भुरसुदा (गुजरा) में संचालित उचित मूल्य के बतौर ठेकेदार ,संचालक के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशनकार्ड हितग्राहियों के खाद्यान्न का कालाबाजारी किये जाने का मामला उजागर हुआ था । गौरतलब हो कि खाद्य विभाग के आदेशानुसार बिते नवंबर माह में प्राथमिक राशन कार्डधारी हितग्राहियों को प्रति यूनिट 15 किलो चावल आबंटित किया जाना सुनिश्चित था, लेकिन इसके विपरीत उचित मूल्य दुकान संचालक बतौर ठेकेदार ने प्रति यूनिट दस किलो चांवल का आबंटन कर प्रति यूनिट 05 किलो चांवल का कालाबाजारी किया है । वहीं हितग्राहियों के अनुसार अन्य खाद्यान्न में भी कालाबाजारी की गई है बताया गया कि विगत तीन माह से शक्कर का आबंटन भी नहीं किया गया है । वहीं उसके पूर्व शक्कर में भी खाद्य विभाग द्वारा निर्धारित दर से ज्यादा रूपये लिये जाना सामने आया है, हितग्राहियों के अनुसार खाद्य विभाग द्वारा शक्कर में 17 रुपए प्रति किलो निर्धारित दर है लेकिन संचालक के द्वारा 20 रूपये प्रति किलो की दर से पैसा लिया गया है ।वहीं जानकारी में आया है कि ठेकेदार के अधीन उचित मूल्य के दुकानों को महीने में सप्ताह भर ही खोला जाता है । जिसके चलते सभी हितग्राहियों के मध्य प्रति माह नियमतः खाद्यान्न आबंटन नहीं हो पाता, यहां पर बता देवे कि जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान के बतौर ठेकेदार जो नवंबर माह के चावल वितरण में बड़ी गड़बड़ी कर लाखों रुपए का वारा न्यारा किया है, जानकारी में आया है कि इसके पहले भी कथित ठेकेदार द्वारा बीते वित्तीय वर्ष 2021 के अप्रेल माह में खाद्य विभाग के निर्धारित मापदंड से कम मात्रा हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराकर लाखों का गोलमाल किया था। इस मामलो को गंभीरता से लेते हुए पत्रकारों के टीम ने। कथित उचित मूल्य के दुकानों का तफ्तीश किया, जहां से ठेकेदार के कालाबाजारी उजागर हुआ,वहीं पत्रकारों को संबोधित क्षेत्र के हितग्राहियों ने संबंधित उचित मूल्य दुकान के बतौर ठेकेदार के खिलाफ लिखित में वर्जन भी दिया है । हितग्राहियों ने बताया कि इसके पूर्व भी प्रशासन को इन मामलो पर शिकायत किया जा चुका है । इस विषय पर जांच एवं दोषी पर कार्रवाई करने को लेकर पत्रकारो के टीम ने बीते दिन सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश टंडन को हितग्राहियों के हवाले ज्ञापन सौंपा है । इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश टंडन ने पत्रकारों को जांच एवं दोषी पर कार्रवाई करने को आश्वस्त किया है।



# ग्रामीण स्तर में खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए

## जिलाध्यक्ष धुर्वे ने खिलाड़ियों को तिलक लगाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



न्यू ईगल क्रिकेट क्लब धुर्वाटोला के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वार्ड क्रमांक 4 धुर्वाटोला में किया गया। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम धुर्वे (अनुसूचित जनजाति मोर्चा बालोद व सांसद प्रतिनिधि) ने कहा कि खेल कोई भी हो हमें हार जीत की परवाह ना करते हुए खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए तथा हार से निराश ना होकर हमें सीख लेनी चाहिए। क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता रेखा चौहान (पार्षद वार्ड क्रमांक 4 नगर पंचायत डौंडी) ने की। विशेष अतिथि के रूप में मनीष झा (मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल डौंडी) ने कहा कि इस तरह ग्रामीण स्तर में क्रिकेट प्रतियोगिता कराने से ग्रामीण बच्चों को खेल में प्रोत्साहन मिलती है व हम सभी अपने बचपन से ही खेल खेलते हुए बड़े होते हैं और हमारे जीवन में भी खेल का बहुत ही महत्व होता है। खेल और शिक्षा का समन्वय बना कर चलने वाले लोग सफ़ल और स्वस्थ होते हैं। खेल कई प्रकार के खेले जाते हैं जिनसे हमारा मनोरंजन और व्यायाम भी हो जाता है। दिनेश अग्रवाल (भूतपूर्व विधायक प्रतिनिधि) अजय चौहान (महामंत्री भाजपा मंडल डौंडी) अब्दुल इब्राहिम (उपाध्यक्ष नगर पंचायत चिखलाकसा),डॉ रुपेश नायक (उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी) संजीव मानकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 7 नगर पंचायत डौंडी), मोमबाई मरकाम (पूर्व पार्षद नगर पंचायत डौंडी), कस्तूरी यादव पूर्व( पार्षद नगर पंचायत डौंडी), गौतम देवहरी ,झगरू मरकाम, हेमलता मरकाम,जगत यादव,संतु राई विजय धुर्वा, बुधियार देवहारी, शेरसिंह ठाकुर,कुंवर सिंह महेरिया सुरेश कुमेटी,कोमल देशमुख, बीएल साहू,नरेंद्र ठाकुर,भूपेंद्र कुल्हारा,कृष्ण भुआर्य,न्यू ईगल क्रिकेट क्लब धुर्वाटोला के सदस्य व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# नव संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, दिया जाएगा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान में सुपर 50 योजना शुरू की जा रही है। जिसके तहत सिर्फ जशपुर जिले के स्थानीय युवक एवं युवतियों दोनों को निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। नव संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ पीएससी, छत्तीसगढ़ व्यापम, छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती, एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी भर्ती परीक्षाओं एसएससी, बैंकिंग, रेलवे की तैयारी कर रहे हैं योजना का लाभ मिलेगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ व्यापम एवं बीएड उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे जिले के स्थानीय युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, प्रत्येक 4 माह पश्चात अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से भी आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। तैयारी से जिले के युवाओं के लिए विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना सुनिश्चित किया जाएगा। संस्थान से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित प्रतिभागियों को सफलता प्राप्त करने के लिए दैनिक समय सारिणी अनुसार क्लास, होमवर्क, टेस्ट पेपर सीरीज, स्मार्ट क्लास, ग्रुप डिस्कसन के माध्यम से तैयारी कराई जाएगी। आवेदन पत्र आप दिए गए लिंक पर क्लिक करके गूगल फॉर्म के माध्यम से भर सकते हैं। भरे गए आवेदन पत्र के आधार पर आपसे एक एंट्रेंस एग्जाम लिया जाएगा जिसके माध्यम से टॉप 50 का चयन किया जाएगा।

# स्कूलों, कालेज के पाठ्यक्रम में एससीईआरटी ने शुरू की बदलाव की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूली पाठ्यक्रम को रोजगारन्मुखी करने के लिए काम शुरू कर दिया है। नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऐसे पाठ्यक्रम डिजाइन की जा रही है, जो रोजगार दे सके। इसके लिए राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम बनाने के लिए विशेषज्ञों की राय लेनी शुरू कर दी है। आने वाले शिक्षा सत्र में प्रदेश के सात लाख से अधिक विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के काबिल भी बनाया जाएगा।

# गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं खाद निर्माण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

## कलेक्टर की अध्यक्षता में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक

- अधिक से अधिक किसानों को गौठान के लिए पैरादान कराने के लिए करें प्रोत्साहितः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने गौठानो में नियमित रूप से गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, खाद विक्रय के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक कृषि विभाग, समस्त जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय एवं सहकारी समिति, नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों की स्थिति, गोबर खरीदी, निर्मित जैविक खाद, टाका भराव, विक्रय हुए खाद की गौठानवार जानकारी लेते हुए सभी गौठानो मे नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही आवर्ती चराई के गौठान में भी गोबर खरीदी, खाद निर्माण में तेजी लाकर उनकी स्थिति में सुधार लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी गौठानो मे गोबर क्रय, खाद निर्माण एवं वर्मी खाद के विक्रय में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

# गौरीशंकर अग्रवाल ने योगेश बंजारे के घर जाकर हालचाल जाना



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल सोमवार को कसडोल नगर स्थित नगर पंचायत कसडोल के पूर्व अध्यक्ष योगेश बंजारे के निवास स्थान पहुंचे। उन्होंने अस्वस्थ चल रहे बंजारे के स्वास्थ्य की जानकारी ली,उनका हालचाल जाना, कुशल क्षेम पूछे एवं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की । इस अवसर पर डॉ अजय राव भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राजकुमार साहू जिलामंत्री, कृष्ण कुमार पटेल मंडल अध्यक्ष, देवचरण पटेल पूर्व पर्यटन मंडल सदस्य, जोगी दवानी जिला महामंत्री आर्थिक प्रकोष्ठ, गोटी लाल साहू, बूटी साहू, गोपाल साहू पूर्व बूथ अध्यक्ष, विनोद बंजारे मंडल महामंत्री अनसूचित जाति मोर्चा, अनिल श्रीवास मंडल मंत्री, राजू साहू मंडल महामंत्री युवा मोर्चा, डॉ पी एल टंडन,अन्जीव जायसवाल सभापति, ईश्वर पटेल जनपद पंचायत सदस्य, कृष्णा देवांगन बूथ अध्यक्ष, गोपाल साहू जिला उपाध्यक्ष प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना उपस्थित थे।

# कुपोषण के खिलाफ सोनाखान मैराथन 2022 का आयोजन 8 को

## दू कदम सुपोषण बर थीम में कराया जा रहा है मैराथन




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर कुपोषण से निपटने और सुपोषण का संदेश जनजन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा महान शहीद वीर नारायण सिंह जन्मस्थली सोनाखान में सोनाखान मैराथन 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन का थीम दू कदम सुपोषण बर रखा गया है। इसके साथ ही मैराथन के जरिए सोनाखान के पर्यटन को बढ़ावा देना,जंगलों के प्रति स्नेह जगाना एवं सोनाखान के नजदीक उपलब्ध विभिन्न औषधियों के बारे में जानकारी मुहैया कराना है। कलेक्टर ने सभी जिला वासियों से मैराथन में भाग लेने का आग्रह किया है। उक्त मैराथन में सोनाखान के ग्रामीण पर्यटन समूह के सदस्य,स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक,अधिकारीगण सहित अन्य जागरूकजन शामिल हो सकतें है। मैराथन में शामिल होने 79870-14413,62606-17586 एवं 9098177340 में फोन कर पंजीयन कराया जा सकता है। गौरतलब है मैराथन रूट खूबसूरत घंने जंगलों से होकर गुजरेगा जोकि पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।सोनाखान में इस तरीके का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। आज तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने एसडीएम,सीईओ एवं महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है।

# छत्तीसगढ़ में किडनी, लिवर, हृदय, बोमैरो, कार्निया सहित सभी तरह के अंगों का होगा प्रत्यारोपण

- राज्य का पहला अंग प्रत्यारोपण अस्पताल जल्द शुरू होगा, मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने 200 करोड़ की योजना 20 माह में पूरा हुआ


पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बड़ी बहन की किडनी खराब होने के बाद अंग प्रत्यारोपण के लिए जूझते रहे, उस पीड़ा को अनुभव कर युवा इंजीनियर आकाश श्रीवास्तव कीडनी प्रत्यारोपण अस्पताल खोलने का जो सपना देखा था वह जल्द साकार होने जा रहा है। राज्य में अंग प्रत्यारोपण के इलाज के लिए 200 बिस्तरों का डेडिकेटेड अस्पताल बनाने की तैयारी में है। जिसमें शासन की मदद से जरूरतमंद लोगों को अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।
श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष-2009 में बड़ी बहन के किडनी खराब होने की जानकारी हुई। परिवार के किसी भी सदस्य का किडनी काम नहीं आने की वजह से आठ साल तक डायलिसिस के बाद एक रिश्तेदार किडनी देने के लिए तैयार हुए। इतने वर्षो में बहन की तकलीफ के साथ ही राज्य में अंग प्रत्यारोपण की सुविधाओं व बेहतर इलाज को लेकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान भविष्य में अस्पताल खोलने का सपना देखा था, जो हर वर्ग के लिए मददगार हो। श्रीवास्तव ने बताया, इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद भारत नेट प्रोजेक्ट समेत अन्य कार्य करने के साथ ही अंग प्रत्यारोपण के लिए अस्पताल पर शोध करता रहा। इस बीच तकनीकों को समझने सिंगापुर गया। वहां यूएस की मायो क्लीनिक संस्था से जुड़कर करार किया। श्रीवास्तव ने बताया कि तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों को साथ लाकर 200 करोड़ रुपये के अस्पताल की योजना पर अंततः मुहर लग चुकी है। भिलाई के नेहरू नगर में जमीन चिन्हित कर लिया गया है। जनवरी से अस्पताल पर का शुरू हो जाएगा। जो 20 माह में बनकर पूरा होगा। श्रीवास्तव ने बताया कि सपना साकार होने के साथ ही उन तमाम मरीजों जिन्हें अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होगी, बेहद कम दर पर बल्कि जरूरमंदों को सामाजिक संस्थानों की मदद के माध्यम से निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। श्रीवास्तव ने बताया कि यह राज्य का पहला अंग प्रत्यारोपण डेडिकेटेड अस्पताल होगा, जो प्रत्येक मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देगा।
यहां किडनी, लिवर, हृदय, बोमैरो, कार्निया समेत सभी तरह के अंग प्रत्यारोपण से जुड़े इलाज होंगे। वहीं मरीजों के लिए चिकित्सा सेवाएं भी बेहद आसान होगी।

# छत्तीसगढ़ के कारसेवकों ने पहले की थी कारसेवा, अब श्रीराम मंदिर में टेकेंगे माथा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




अयोध्या में बावरी मस्जिद के विध्वंस के दौरान प्रदेश के सैकड़ों लोगों ने कारसेवा की थी। अब श्रीराम मंदिर का निर्माण शुरू होने के बाद प्रदेश के हजारों लोगों में उत्साह का माहौल है। मंदिर निर्माण को देखने के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोग पहुंच रहे हैं। साथ ही मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद अपने करीबी लोगों का जत्था लेकर भगवान श्रीराम के दर्शन की तैयारी भी रहे हैं। मंदिर निर्माण आंदोलन के दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों ने सक्रिय योगदान दिया था। बालोद के भाजपा नेता यशवंत जैन ने कारसेवा के दौरान ईंट की ढुलाई की थी। रायपुर के भाजपा से जड़े उपासने परिवार ने एक महीने रुककर अयोध्या में पदयात्रा कर लोगों को जागरूक किया था। बता दें कि प्रदेश से मंदिर निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई गई है। यशवंत जैन ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण का उनका और उनके जैसे लाखों लोगों का सपना था। कारसेवा के समय वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जड़े थे। युवाओं की टोली लेकर गए और वहां श्रमदान किया। अब एक ही सपना बचा है कि मंदिर का भव्य निर्माण पूरा हो और हम लोग परिवार और साथियों के साथ दर्शन करने को पहुंचें। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने कारसेवा के दिनों को याद करते हुए कहते हैं कि मंदिर निर्माण के लिए प्रदेश के कई लोगों ने श्रम और पैसे से मदद की है। प्रदेश के लोगों को जागरूक करने के लिए उनकी टीम गांव-गांव का दौरा करती थी। उस समय भी छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वालों की कमी नहीं थी। उपासने ने कहा कि मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद वह अपनी मां और परिवार के सदस्यों के साथ अयोध्या भी गए थे। सच्चिदानंद उपासने की माता रजनी उपासने विधायक चुनी गई थीं। प्रदेश में मंदिर निर्माण को लेकर लोगों ने राजनीतिक दल के बंधन को भी तोड़ दिया है। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से जनवरी 2021 में राशि संग्रहण का कार्य शुरू किया था। इसमें डोंगरगढ़ के प्रसिद्ध बंलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट ने 11 लाख, आरएसएस के प्रांत प्रमुख डा. पूर्णेंदु सक्सेना ने 11 लाख, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने पांच लाख, कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने एक लाख 11 हजार 111 रुपये, शदाणी दरबार ने एक लाख और रावतपुरा सरकार आश्रम की ओर से एक लाख रुपये की राशि मंदिर निर्माण के लिए दी गई थी।

# सीएसआर के तहत हो रहे कार्यो का अधिकारी करें कड़ी निगरानी, गुणवत्ता का रखे विशेष ख्याल :कलेक्टर

- 9.7 करोड़ के सीएसआर मद से होना है विभिन्न कार्य, कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय- सीमा के तहत विभागीय कार्यों की कामकाज की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को कहा कि विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के द्वारा सीएसआर के तहत 9.7 करोड़ रुपये विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए है। जिसकी कड़ी निगरानी करने के निर्देश कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उक्त कार्यों में अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान द्वारा 3 करोड़,अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 2 करोड़,अल्ट्राटेक रावन 1.7 करोड़,न्यू विस्टा रिसदा द्वारा 1.5 करोड़, एवं श्रीसीमेंट खपराडीह के द्वारा 1.5 करोड़ के कार्य निष्पादित किए जाएंगे। इसके साथ ही आज भाटापारा सिविल हॉस्पिटल में सिजेरियन प्रारंभ होने एवं मनरेगा में सबसे अधिक रोजगार मुहैया कराने पर स्वास्थ्य एवं जिला पंचायत की पूरी टीम को कलेक्टर रजत बंसल ने बधाई दी है। इसके साथ ही कहा हमें यही नही रुकना है। आम लोगों के हित मे जितना अच्छा सर्विस उपलब्ध करा सकें उसके लिए निरंतर प्रयास करतें रहना है। इसके साथ ही बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है एवं आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए पूरी तैयारी के निर्देश दिए है। बैठक में कहा कि जिले की सभी गोठानों में गोबर की खरीदी शत प्रतिशत होनी चाहिए। हमारे जिले के लोगों को भी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना का फायदा जरूर मिलना चाहिए। खासकर किसी भी गरीब का काम ना रुके उस का विशेष ध्यान रखे। कलेक्टर बंसल ने राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनमें और अधिक बेहतर परिणाम के लिए दिशा-निर्देश दिए।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

### // ऑनलाईन पंचमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-380 //

क्रमांक 2475/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2022-23 रायपुर, दिनांक 30/11/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 08/12/2022 तक आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | आमंत्रण / एन. आई.टी. क्रमांक |
|---|---|---|
| Zonal Tender (Differenct Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) division-Tilda, Distt.-Raipur (C.G.) | 35.00 | 5th Call / NIT380 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 01/12/2022 से देखी जा सकती है।

**टीपः**- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 12/12/2022 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**G-96423/3**



## न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.मा.क्र. 202207210100012/अ-59/वर्ष 2021-2022
ग्राम-पड़कीडीह प.ह.न. 38 तहसील सुहेला

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग छ.ग. स्टेट पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा का पत्र क्रमांक 10-20/10-25/सामान्य/1672/भाटापारा, दिनांक 08.07.2022 द्वारा ग्राम पड़कीडीह तहसील सुहेला में स्वीकृत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु शासकीय भूमि 484 का टुकड़ा 488 का टुकड़ा का रकबा क्रमशः 0.180, 0.215 हे. भूमि को आबंटित करने एवं आबंटन की प्रत्याशा में अग्रिम आधिपत्य की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा पांचसाला एवं ग्राम पंचायत प्रस्ताव की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को अगर कोई दावा आपत्ति हो तो उद्घोषणा ग्राम में प्रकाशन पश्चात दिनांक 20/12/2022 के पूर्व अपना दावा आपत्ति मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या वकील, मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हो। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सुहेला**

संपादकीय

## कालेजियम मामला विमर्श का विषय

**सर्वोच्च न्यायालय** के कालेजियम पर विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजिजू की टिप्पणी से न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच मतभेद सामने आए हैं और यह मुद्दा विमर्श का विषय बन गया है। ऐसा लगता है कि काफी समय से कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच तनाव बढ़ रहा था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के भारत के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ लेने के बाद संभवतः यह तनाव और बढ़ गया है। शायद वर्तमान केन्द्र सरकार और न्यायपालिका के बीच सहज संबंधों में कुछ खटास आ गई है और यह बेचैनी एक प्रकार से बढ़ती दिख रही है। इसका पहला संकेत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के तरीके पर सरकार द्वारा दिखाई जल्दबाजी पर अप्रसन्नता प्रकट करने से मिला। सरकार में शामिल लोगों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय की कालेजियम व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वास्तव में विधि मंत्री किरन रिजिजू इस मामले में मुखर हैं और वे लगातार कालेजियम व्यवस्था की आलोचना कर सार्वजनिक मंचों पर इस व्यवस्था की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भी विधि मंत्री की टिप्पणियों पर अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की है। शायद सर्वोच्च न्यायालय के जिम्मेदार लोगों का सोचना है कि विधि मंत्री केवल अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने के बजाय वर्तमान सरकार में व्याप्त सोच प्रकट कर रहे हैं। कुछ भाजपा-विरोधियों का मानना है कि वर्तमान सरकार ने अपने प्रचंड राजनीतिक बहुमत का लाभ उठा कर अनेक संवैधानिक संस्थाओं को अपने अनुकूल ढाल लिया है। लेकिन इन भाजपा-विरोधी आलोचकों का मानना है कि न्यायपालिका बाकी संवैधानिक संस्थानों से एकदम अलग है। उनके अनुसार संभवतः वर्तमान प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ सरकारी कार्रवाइयों के ज्यादा समर्थक नहीं हैं और वे सरकार से कुछ असहज करने वाले सवाल पूछ सकते हैं जिनसे सरकार को परेशानी हो सकती है। हालांकि, भाजपा-विरोधी आलोचकों की यह आलोचना अतिरंजित लगती है। कालेजियम के बारे में भले ही किरन रिजिजू की राय उनकी अपनी व्यक्तिगत हो, पर यह विधि मंत्री के रूप में संभवतः उनके पद के उपयुक्त नहीं है। वास्तव में संविधान में सब कुछ नहीं लिखा है और घोषित-अघोषित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के पास अपनी स्वायत्तता व निष्पक्षता या तटस्थता को बनाए रखने के लिए काफी नियम और शक्तियां हैं। सरकार चाहे सर्वोच्च न्यायालय की इन विशिष्ट शक्तियों को पसंद करे या नहीं, पर वास्तव में ये शक्तियां उसे संविधान से मिली हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 1990 के दशक में कालेजियम व्यवस्था स्थापित की थी जो आज तक जारी है, हालांकि सरकार संभवतः यह व्यवस्था बदल कर न्यायाधीशों की नियुक्ति की नई व्यवस्था लागू करना चाहती है। कुछ बुद्धिजीवियों को भय है कि ऐसा होने पर न्यायाधीशों की निष्ठा सरकार के प्रति हो सकती है क्योंकि उनके विचार से निर्वाचन आयोग समेत अनेक संवैधानिक संस्थाओं की निष्ठा अब सरकार के प्रति है। सभी जानते हैं कि सरकारें अपनी कार्रवाइयों व अपने द्वारा बनाए कानूनों को अदालत में चुनौती मिलना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि इससे अनावश्यक विलंब व परेशानी पैदा होती है। हालांकि, कुछ विवादास्पद मुद्दों की न्यायिक समीक्षा की जरूरत हो सकती है। अनेक बुद्धिजीवियों व न्यायविदों के अनुसार, वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लिए अनेक निर्णयों की गंभीर न्यायिक समीक्षा होनी चाहिए। नोटबंदी ऐसे मामलों में से एक है जिन पर न्यायपालिका विचार कर रही है। इसी तरह के कई अन्य मुद्दे भी हैं जो विभिन्न याचिकाओं या जनहित याचिकाओं के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि वर्तमान सरकार कानूनों-नियमों की न्यायिक समीक्षा के प्रति सहज दृष्टिकोण अपना रही है तथा वह संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों की सीमा में रह कर काम कर रही है।

# हमारे प्रेरणास्रोत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

### स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जिन मूल्यों व आदर्शों के प्रति अडिग थे, उनकी आज अनेक राजनेता ज्यादा चिन्ता नहीं करते हैं।




**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, सामाजिक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।)

अनेक अशिक्षित व जातिवादी राजनेताओं ने 11 करोड़ से अधिक बिहारी जनता का भविष्य बरबाद कर दिया है। कुछ परिवार-केन्द्रित, सामन्ती सोच वाली राजनीतिक पार्टियों ने बिहारी गरिमा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, जबकि वे स्वयं को सामाजिक न्याय का पैरोकार बताते हैं। बिहार ने असाधारण व्यक्तित्व वाले डा. राजेन्द्र प्रसाद को जन्म दिया था जो राजनेताओं व आम जनता के लिए समान रूप से 'रोल माडल' हैं। लेकिन दुःख की बात है कि वे कुछ ही लोगों के प्रेरणास्त्रोत हैं। इसके बजाय राज्य में अत्यधिक दयनीय नेतृत्व दिख रहा है। राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म बिहार के एक गांव में हुआ था, लेकिन अपने कठोर परिश्रम व प्रतिभ से वे गांव की सीमाओं से ऊपर उठे।

वे प्रतिभाशाली छात्र थे, उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और बाद में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। कोलकाता व पटना उच्च न्यायालयों में वे बड़े अच्छे व सफल वकील रहे। उनके अपने शब्दों में, 'मैं बहुत अमीर और विद्वान परिवार से था।' वे जल्द ही असहयोग आंदोलन में शामिल हुए तथा महात्मा गांधी के विश्वस्त साथी बन गए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनको कई साल जेल में बिताने पड़े। वे 1934, 1935 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। हिंदूवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अडिग थी और वे कट्टर हिंदू थे।

राजेन्द्र बाबू पूर्णतः स्वतंत्र व दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेता थे। अनेक अवसरों पर उनका पंडित नेहरू से टकराव हुआ। मतभेदों की शुरुआत भारतीय गणतंत्र के जन्म के समय हिंदू कोड बिल से हुई थी। भीमराव अंबेडकर ने अक्टूबर, 1947 में संविधान सभी के समक्ष बिल का प्रस्ताव रखा और नेहरू ने इसका मजबूती से समर्थन किया। वे इस बिल को संविधान का हिस्सा बनाना चाहते थे। इसके अंतर्गत सभी हिंदुओं के लिए एक संहिता बनाई जानी थी। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में राजेन्द्र प्रसाद ने हस्तक्षेप किया। उनका विश्वास था कि समाज में धर्म अन्य बाकी चीजों जितना ही महत्वपूर्ण है तथा वे सभी भारतीयों के लिए समान नागरिक संहिता चाहते थे। पहले राष्ट्रपति चुनाव में पटेल व कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। उस समय नेहरू तत्कालीन गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के पक्ष में थे और उनको देश का प्रथम राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। राजगोपालाचारी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा नहीं लिया था और इसलिए वे कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय नहीं थे। नेहरू की तुलना में पटेल व राजेन्द्र प्रसाद की संगठन पर ज्यादा मजबूत पकड़ थी। कांग्रेस ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को चुना। संविधान सभा ने सर्व सम्मति से उनको भारत का पहला राष्ट्रपति बनाया।

एक और असहमति तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का आमंत्रण था। नेहरू ने राष्ट्रपति को सलाह दी कि 'इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में न शामिल हों क्योंकि दुर्भाग्य से इसके अनेक प्रभाव होंगे।' राजेन्द्र प्रसाद ने नेहरू की सलाह को अनदेखा कर कहा, 'यदि मुझे आमंत्रण मिले तो मैं एक मस्जिद या चर्च के मामले में भी यही करूंगा।' स्वतंत्रता आंदोलन तथा भारतीय लोकतंत्र को स्थिर बनाने में प्रथम राष्ट्रपति का असाधारण योगदान है। उन्होंने पूरी गंभीरता से संविधान सभा की कार्यवाहियों में हिस्सा लिया तथा भारतीय संविधान की सर्व सम्मति से स्वीकार्यता में सहायता की। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति भवन में निवास के 12 लंबे वर्षों में अच्छी लोकतांत्रिक परंपरायें स्थापित कीं। वे सरल, सहज, सादगी से रहने वाले तथा मानवतापूर्ण व गरिमापूर्ण व्यवहार करने वाले थे। संभवतः डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत के महानतम राष्ट्रपति रहे हैं।



ओबीसी राजनीति के उभार ने समृद्ध बिहार का राजेन्द्र बाबू का सपना तोड़ दिया। लालू यादव, नीतीश कुमार व अनेक अन्य जाति-आधारित नेताओं ने व्यवस्थित रूप से उनके राज्य को नष्ट किया है। विकास के फर्जी वादों और सामाजिक न्याय के विकृत सपनों ने पिछड़े वर्गों की महत्वाकांक्षायें बढ़ा दीं जिनके चलते राज्य की व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो गई। जातिवादी राजनीति ने विभिन्न जातियों के अनेक 'राबिनहुड' बिहार के कई जिलों में पैदा कर दिए जिसके कारण हालिया समय में बिहार से अन्य राज्यों को सबसे बड़ा पलायन देखने में आया है। रोजगार के अवसर गायब हुए हैं तथा बिहारी गरिमा को बाहर सुदूर क्षेत्रों में शरण लेनी पड़ी है। यह अलग बात है कि बड़ी संख्या में बिहारियों को भारत तथा भारत के बाहर सफलता मिली, पर अपनी मातृभूमि छोड़ने का कष्ट उनको आज भी सता रहा है।

बिहार का स्वर्णयुग श्रीकृष्ण सिन्हा के कार्यकाल में दिखा। श्री बाबू के नाम से लोकप्रिय राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री ने 1946 से 1961 तक शासन किया। डा. राजेन्द्र प्रसाद के साथ मिल कर श्रीकृष्ण सिन्हा को 'आधुनिक बिहार का निर्माता' कहा जाता है। जब वे जनता को संबोधित करने के लिए उठते थे तो उनको सिंह जैसी गर्जना के कारण 'बिहार केसरी' के रूप में भी जाना जाता था। लेकिन विडंबना है कि हिंदी हृदय प्रदेश में लोग वोट देने के बजाय अपनी जाति को वोट देते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब इस ब्रांड के मजबूत नेता नहीं रहे। राम मनोहर लोहिया के रास्ते पर चलते हुए वे भी मंडल के झंडाबरदार रहे हैं। कुर्मी जाति के ये नेता ओबीसी नेताओं की दूसरी कतार में हैं। अपने पूर्व कार्यकालों में उन्होंने निचली जातियों के सशकतीकरण के लिए काम किया तथा सामाजिक रूप से विशिष्ट मतदाताओं में भी आकर्षण होने के कारण उनको 'विकास पुरुष' के रूप में छवि बनाने का अवसर मिला।

मंडल आयोग ने ओबीसी का ध्रुवीकरण कर दिया जिससे वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट हो गए। इसी युग में लालू प्रसाद यादव बिहार में राजनीतिक नायक के रूप में उभरे। यह बिहार के लिए परिवर्तनकारी समय सिद्ध हुआ। लोहिया के अनुसार, भारत में वर्ग के बजाय जाति स्तरीकरण की मूल इकाई है। इस विकृत दर्शन ने बिहार को विकलांग बना दिया, जाति ने योग्यता को कुचल दिया तथा राज्य की राजनीति, नौकरशाही, न्यायपालिका व मीडिया में संस्थानों का समग्र रूप से पतन हुआ। ये संस्थान 'जातीय अफीम' के जहर के शिकार हो गए। इसके बाद आए जेपी आंदोलन ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नष्ट कर दिया। जेपी ने विश्वविद्यालयों व कालेजों को लक्ष्य बनाया जिसके परिणामस्वरूप नौजवानों ने शिक्षा की अनदेखी की तथा वे बेलगाम व गुंडागर्दी की राजनीति में शामिल हो गए।

निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखें तो कुछ राजनीतिक परिवारों को छोड़ कर पिछड़े समूहों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए नौकरशाही के दरवाजे खुल गए हैं या वे जातीय पदानुक्रम के कारण गरीब परिवारों से आते हैं। लेकिन नवंबर, 2014 में जारी 'नौकरशाही प्रतिनिधित्व रिपोर्ट' के अनुसार केन्द्रीय उच्च नौकरशाही में उनकी संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से राजनीतिक क्षेत्र में स्थितियां सुधरी हैं। स्वतंत्रता के बाद पहले चार-पांच दशक में पिछड़ी जातियों का व्यवस्था में असर नहीं था, लेकिन मंडल आयोग आने के बाद उनका स्थानीय संस्थाओं से लेकर विधानसभाओं व संसद तक में असर बढ़ा है। लेकिन जाति-आधारित राजनीति का प्रशासन की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अपने समुदाय के किसी व्यक्ति द्वारा हितों की रक्षा से मनोवैज्ञानिक सशक्तीकरण एक सीमा तक हुआ है। लेकिन प्रशासन की गुणवत्ता पर इसका बुरा असर हुआ है और बिहार में यह स्थाई महामारी बन गया है। लोकतंत्र में सबको समृद्ध होने का अधिकार है और गरीबों में सबसे गरीब को राज्य में गरिमापूर्ण ढंग से प्रतियोगिता का समान मंच मिलना चाहिए।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के शब्दों में 'लक्ष्यों को प्राप्ति की दिशा में हमारे साधन भी लक्ष्यों की तरह पवित्र होने चाहिए।' बिहारियों की वर्तमान पीढ़ी को दृढ़ प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वह डा. राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों को अपने भीतर समाहित करेगी। वर्तमान समय में उनकी विचारों के विपरीत का अर्थ अयोग्य, जातिवादी, भ्रष्ट, माफिया व स्वार्थी राजनेताओं द्वारा नेतृत्व है। समय आ गया है कि बिहार में रहने वाले लोग अपना गंभीर आत्मावलोकन कर देखें कि वे यथास्थिति चाहते हैं या परिवर्तन पसंद करेंगे। इसमें राजेन्द्र बाबू की विरासत हमारी सहायता कर सकती है।

# अपने बनाए जाल में फंसे शी जिनपिंग



**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

लंबे समय बाद चीन को कोरोना वायरस पर नियंत्रण की अपनी रणनीति के खिलाफ जनता का भारी विद्रोह देखते हुए पीछे हटना पड़ा है। ऐसा लगता है कि शी जिनपिंग शून्य कोविड नीति के मामले में अपने ही बनाए जाल में फंस गए हैं। लेकिन चीन में अब भी बड़ी संख्या में कोविड संक्रमित सामने आ रहे हैं। इस स्थिति से बचने का एक उपाय है कि शी जिनपिंग को जनता के प्रति विनम्रता अपनानी होगी और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक आयात करनी होगी।

पीपुल्स डेली अखबार ने पिछले सप्ताहांत में सरकार की 'शून्य कोविड' नीति के बड़े पैमाने पर हुए सार्वजनिक विरोध के बाद चीन में जोर देकर कहा था, ''हमारी कोविड-19 नीति वैज्ञानिक रूप से सबसे प्रभावी, सबसे किफायती और सर्वोत्तम परिणाम देने वाली है।'' राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मानें तो वह और भी अधिक मुश्किलों में आने वाले हैं।

प्रदर्शन अपने पैमाने और साहस के स्तर पर अभूतपूर्व थे। झिंजियांग के सुदूर प्रांत में लॉकडाउन से संबंधित दस मौतों के बाद समूचे चीन के बारह शहरों में वे अनायास फूट पड़े। छात्रों से लेकर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों तक सभी प्रकार के लोगों ने उनमें भाग लिया। कुछ लोगों ने शी और कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाने की भी मांग की। इसका मतलब यह नहीं है कि सत्ता ढहने के कगार पर है। अंतहीन लॉकडाउन और परिणामस्वरूप आय के नुकसान पर जनता का गुस्सा प्रबल है, लेकिन शासन की निगरानी तकनीक उत्कृष्ट है। पिछले सप्ताहांत में अपेक्षाकृत कम आधिकारिक हिंसा हुई।

शी की समस्या यह है कि प्रदर्शन शायद फिर से होंगे और बढ़ भी सकते हैं, क्योंकि लंबे समय तक बड़े पैमाने पर सामूहिक अलगाव और तालाबंदियां एक गैर-राजनीतिक मुद्दा है जो सरकार की नीति के खिलाफ लगभग हर किसी को एकजुट कर सकता है। या बल्कि, शी की व्यक्तिगत नीति के खिलाफ जा सकता है, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर जीरो-कोविड को कार्यालय में अपने समय की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में चित्रित करने के लिए चुना है। महामारी के पहले वर्ष में यह समझ में आया था, क्योंकि चीन के अथक लॉकडाउन और बड़े पैमाने पर परीक्षण अभियानों ने तब बहुत से लोगों की जान बचाई थी। चीन में कुल 1.4 अरब की आबादी में से लगभग 5,000 मौतें कोविड से संबंधित रही हैं।

शी और उनके प्रचारकों ने स्वाभाविक रूप से इस प्रतिपक्ष को प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया कि चीनी चिकित्सा और चीनी राजनीतिक व्यवस्था दोनों अपने पश्चिमी समकक्षों से बेहतर थे। क्या उन्हें यह भी पता था कि जीरो-कोविड नीति केवल अंतराल को बढ़ने से रोकने वाला उपाय हो सकती है जब तक कि प्रभावी टीके विकसित नहीं हो जाते, मगर ये स्थायी समाधान कभी नहीं होते?

उनके वैज्ञानिकों ने उन्हें यह बताने की कोशिश की होगी, लेकिन किसी तरह उन्होंने संदेश को स्वीकार नहीं किया। वहां एक टीकाकरण कार्यक्रम मौजूद था, लेकिन बहुत कठोर नहीं था-और शी कोविड वायरस को पूरी तरह से खत्म करने की कल्पना के पीछे भागते रहे। वह एक जाल में फंस गये हैं, लेकिन इस जाल को उन्होंने खुद बनाया है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार, डॉ एंथनी फौसी ने स्पष्ट किया है, ''लॉकडाउन हमेशा एक अस्थायी घटना होनी चाहिए, दीर्घकालिक रणनीति नहीं।'' लगभग तीन वर्षों तक उन्हें ''बिना किसी उद्देश्य या अंतिम लक्ष्य के'' जारी रखना सरासर मूर्खता है। इसके अलावा, शी इस बात से अनजान नजर आए हैं कि कोविड वायरस समय के साथ और अधिक संक्रामक होता जा रहा है।

ओमिक्रॉन वेरिएंट के नवीनतम संस्करण, जो पहली बार एक साल पहले सामने आए थे, को लेकर अनुमान है कि यह 2020 के अंत में वुहान में दिखाई देने वाले मूल वायरस की तुलना में दस गुना अधिक संक्रामक है। देश के भीतर और बाहर यात्रा पर कठोर प्रतिबंधों के कारण, वे संस्करण अभी तक चीन नहीं पहुंचे हैं। लेकिन चीनी आबादी इतनी खराब तरीके से सुरक्षित है कि अगर वे आते हैं तो एकमात्र विकल्प होगा कि अर्ध-स्थायी राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन हो या पूरे देश के पैमाने पर बड़े पैमाने पर लोगों की मौत होगी।

चीन में बने टीके वायरस के पिछले वेरिएंट के खिलाफ केवल 70 प्रतिशत प्रभावी हैं, और हाल के ओमिक्रॉन संस्करणों के खिलाफ तो बिलकुल ही अप्रभावी हो सकते हैं। बुजुर्ग विशेष रूप से कमजोर होते हैं : 80 से अधिक उम्र के केवल 40 प्रतिशत लोगों ने ही एकाध बूस्टर शॉट लिया है। पिछले मार्च में नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक लेख में अनुमान लगाया गया था कि वर्तमान परिस्थितियों में कोविड-शून्य लॉकडाउन और क्वारंटाइन को समाप्त करने से अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि वर्तमान में उपलब्ध बिस्तरों की तुलना में 15 गुना अधिक लोगों को अस्पताल के बिस्तरों की आवश्यकता होगी। इसने लगभग 1.5 मिलियन मौतों की भविष्यवाणी की थी। यह अभी भी अमेरिकी रिकॉर्ड की तुलना में कहीं बेहतर परिणाम होगा, लेकिन प्रकरण में इतनी देर से एक साथ पहुंचना, जब दुनिया के बाकी हिस्सों में लंबे समय से तालाबंदी और सामूहिक मौतें हो रही हैं, यह शी जिनपिंग के लिए राजनीतिक आपदा का कारण बन सकता है। और शायद कम्युनिस्ट शासन के लिए भी। निकलने का एक रास्ता है। सबसे पहले, शी को विनम्रता से काम लेना होगा और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक का आयात करना पड़ेगा। इसके लिए कहें तो छह महीने लगेंगे।

फिर उन्हें नफरत भरे लॉकडाउन और एकांतवासों से संबंधित उभरते संक्रमणों को नियंत्रित करना होगा, और अधिकतम संभव स्तर पर जनाक्रोश को नियंत्रित करना होगा, जब तक कि आबादी के एक बड़े हिस्से को ठीक से टीका नहीं लगाया जाता है - कहें कि अगले छह से बारह महीने तक। फिर, 2024 में किसी समय, वह प्रतिबंधों में ढील दे सकते हैं और चीनियों को शेष विश्व से पुनः जुड़ने दे सकते हैं। यह रणनीति आस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के लोगों के लिए काम आई थी, जिन्होंने, जैसे ही अधिकांश लोगों को उनके (आयातित) एमआरएनए टीके मिले, वैसे ही बड़े पैमाने पर लॉकडाउन समाप्त कर दिया। यदि शी ऐसा करने की शर्मिन्दगी सहन नहीं कर सकते हैं, तो वे जुआ खेल सकते हैं कि एक प्रभावी चीनी एमआरएनए टीका जल्द ही उपलब्ध हो जाएगा। अनेक टीके विकास की प्रक्रिया में हैं, और एक टीका कथित तौर पर चरण 3 के नैदानिक परीक्षणों में प्रवेश करने वाला है। लेकिन अगर वह उस पर दांव लगाते हैं और यह जल्द ही तैयार नहीं होने वाला है, तो जीवन भर के लिए हासिल मौजूदा राष्ट्रपति की उसकी नई हैसियत एक दुःस्वप्न बन जाएगी। कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। चीन में कोविड संक्रमण को न रोका गया तो जनता के विद्रोह का कारण और मजबूत हो जाएगा और यह चीन सरकार की अन्य नीतियों के खिलाफ व्यापक विद्रोह में बदल सकता है। यह स्थिति चीन सरकार के लिए अभूतपूर्व संकट पैदा कर सकती है।

## फरमाया



**भारत** हिंद महासागर में आने वाले चीनी जहाजों पर नजर रख रहा है।

**- आर. हरि कुमार**
नौसेना प्रमुख



**रूस** ने ऊर्जा क्षेत्र में भारी अस्थिरता पैदा कर सारी दुनिया को भारी नुकसान पहुंचाया है।

**- वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**हमारा** विचार लोगों को सीधे प्रशासन से जोड़ना है ताकि वे मौन तमाशबीन ही न बने रहें।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्य मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## ईरानी जनता की विजय

**ईरान** में सख्त महिला ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर महसा अमिनी की गिरफ्तारी और पीट कर मार डालने के बाद हिजाब के खिलाफ करीब दो माह से सरकार के विरूद्ध बढ़ते हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने अपनी ''नैतिकता पुलिस'' को भंग कर दिया है , साथ ही वहां की सरकार इस कानून पर विचार करने के लिए तैयार भी हो गई है। स्मरण रहे हिजाब संस्कृति को वहां के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने 2006 में ''नैतिकता पुलिस'' (मार्गदर्शन गश्ती दल) स्थापित किया था। जिसका अब वहीं की सरकार को जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा, इस दौरान सैकड़ों लोगों सहित अनेक बच्चे मारे गए। आखिर अंत में उस पर गंभीरता से विचार करने हेतु विवश होना पड़ा। हालांकि, अभी यह कहना उचित नहीं होगा कि ईरान का कट्टरपंथी इस्लामी शासन महिला अधिकारों व आम जनता के अन्य अधिकारों के मामले में कहां तक सहज स्थितियां अपनाता है। लेकिन यह निश्चित रूप से ईरानी जनता की विजय तथा भारत में ऐसे कट्टरपंथियों के लिए सबक है जो अपनी हर सनक को पवित्र कुरान पर थोपने का प्रयास करते हैं। हिजाब उनमें से एक है जिसे बच्चियों पर थोपा जा रहा है।

**महेश नेनावा,** इंदौर

## विश्व मृदा दिवस

**5 दिसंबर** को दुनियाभर में मृदा दिवस मनाया गया। जमीन अपनी ऊपरी मिट्टी को तेजी से खो रही है। भारत में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29 प्रतिशत यानी करीब 96 मिलियन हेक्टेयर से अधिक का क्षरण हुआ है। दुनियाभर में मिट्टी की उर्वरता खोने के मामले में 40 फीसदी तक गिरावट बढ़ गई है। इससे वैश्विक जीडीपी का लगभग आधा हिस्सा खतरे में है। इसके अलावा मिट्टी से लगातार ऑर्गेनिक कार्बन कम हो रहा है। लगातार घट रहे ऑर्गेनिक कार्बन से उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो कुछ सालों में विश्व भर में खाद्यान्न का संकट गंभीर हो जाएगा। यदि अगले 60 वर्षों में जमीन की उर्वरता नष्ट हो जाएगी तो मानव जाति का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा दुनिया भर के किसान उर्वरकों का और कीटनाशकों का इतना ज्यादा उपयोग कर रहे हैं कि मिट्टी के साथ-साथ जल भी प्रदूषित हो रहा है इनके प्रयोग से मिट्टी की उत्पाद उत्पादकता बढ़ाने वाले कीटाणु जीव और पशु पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो गई है। मृदा दिवस पर हमें प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के व्यापक प्रयास करने होंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## आरक्षण का जिन्न

**भारत** के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को कानून सम्मत करार दिया था। इसके बाद 50 प्रतिशत की सीमा स्वतः ही समाप्त हो जाती है। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण में बढ़ोतरी किए जाने के बाद अब वहां पर 77प्रतिशत की आरक्षण व्यवस्था की जा चुकी है इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी आरक्षण की व्यवस्था को नए ढंग से परिभाषित करते हुए 76प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दी है। मेरा व्यक्तिगत रुप से मानना है कि केंद्र और राज्य सरकारों को आरक्षण बढ़ाए जाने की जगह वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी संस्थान का निजीकरण करते हुए आरक्षण व्यवस्था यथावत लागू की जाए। सभी राजनीतिक दल अपने हिसाब से आरक्षण को बढ़ाने की वकालत करेंगे क्योंकि सबकी निगाहें 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर आकर टिक गई हैं और बहती गंगा में डुबकी लगाने की तैयारी में हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

# छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बने शंकर साहू

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त शिक्षकों के हित में छत्तीसगढ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन जिसका छत्तीसगढ़ शासन से पंजीयन उपरांत संगठन के सुचारू संचालन हेतु राजधानी- रायपुर के कलेक्ट्रेट गार्डन में प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से शंकर साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन का प्रदेश अध्यक्ष चयनित किया गया। संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में उपस्थित समस्त शिक्षकों द्वारा 04 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से हल करने हेतु उच्चाधिकारियों व शासन-प्रशासन से मिलकर बातचीत कर मांग पूरा कराने का यथासंभव प्रयास किया जायेगा व मांग पूरा नही होने की स्थिति में आगामी दिनों में संगठन द्वारा संघर्ष करने की रणनीति भी सर्वसम्मति से बनाया गया। संगठन की प्रमुख मांग इस प्रकार है-01- समस्त शिक्षकों की पूर्व विभाग की सेवा को जोड़कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए 04 स्तरीय उच्चतर वेतनमान/ क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए। वेतन विसंगति दूर किया जाए। समस्त शिक्षकों की पूर्व विभाग की सेवा को जोड़कर प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए एवं समस्त शिक्षकों व उनके परिजनों को निःशुल्क बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु कैशलेस चिकित्सा हेल्थ कार्ड प्रदान किया जाए। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन संगठन के सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर शंकर साहू ने प्रदेश कोर कमेटी के समस्त शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सदैव शिक्षक हित में कार्य करने का संकल्प लिया तथा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार व संगठन के पंजीयन नियमावली के अनुसार सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

शंकर साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश भर के शिक्षकों में बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार देवदास, अशोक कुमार तेता, दीपक प्रकाश, हीना कश्यप, अनिल रामटेके, तेजराम कामडिया, जितेंद्र साहू, भुनेश्वरी सहारे, संजय मेहर, सूर्य लाल साहू, शिवशंकर कोर्राम,आर के साहू, रामेश्वर साहू, हेमलता बढ़ाई, प्रेमचंद्र सोनवानी, रामाधार नायक, नरेंद्र साहू, दिलेन्द्र नायक, द्रोपति चनाप, कीर्तन मंडावी, दिनेश उसेंडी, पुनीत बडेन्द्र,अनुपमा सोनी, गायत्री चनाप, ब्यास नारायण सोरी, मनोज साहू, रत्नाकर खूंटिया, धनीराम मरकाम, लोलर प्रसाद चौधरी, नरेंद्र सोनी, गोवर्धन सारके, रामकरेश जोशी, रोहित डिंडोरे, सगुन मंडावी, अश्वनी देशलहरे, आनंद साहू, महेश शेट्टी,देवधर ठाकुर, परमेश्वर साहू, महेश्वर कोटपरिया, भूपेंद्र साहू, राहुल विनायक, गजपाल नायक, कमलकांत नेताम, संतोष राणा, उत्तम ठाकुर, विवेक मिलिंद, राकेश देवांगन, चेतन निषाद, ओमप्रकाश यादव, सत्येंद्र ताम्रकार, सुरेंद्र थूल, मोहित ठाकुर, राजेश उइके, कामतू प्रसाद चंदेल आदि शामिल है।

## महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने छात्राओं को दी जानकारी

**बेमेतरा।** कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा के केस वर्कर सरिता शर्मा एवं आई. टी. वर्कर मोना सिंह द्वारा 03 दिसम्बर 2022 को शा.उ.मा. विद्यालय लोलेसरा के सभी छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नं.-181, गुड टच बैड टच हेल्पलाईन नं.-1098 के बारे में जागरूक किया गया। केस वर्कर सीमा यदु एवं बहुउद्देशीय सहायक विसर्जनी ठाकुर द्वारा कल स्वामी आत्मानंद पू.मा. विद्यालय सिंघौरी बेमेतरा के समस्त छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नं.-181, गुड टच बैड टच हेल्पलाईन नं.-1098 के बारे में जागरूक किया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर के उद्देश्य एवं कार्यो की जानकारी देने के साथ ही सखी तक पहुंचने के तरीके जैसे 181- महिला हेल्पलाइन नं., 112-पुलिस हेल्प लाईन नं. एवं 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन नं. की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा दहेज प्रताड़ना, बलात्कार, छेड़छाड़, बाल विवाह, साइबर क्राइम, संपत्ति विवाद, पॉक्सो एक्ट, टोनही प्रताड़ना एवं विधिक सहायता की जानकारी दी गई।

# माइंस जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर, व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा नगर के वीर नारायण सिंह चौक से कोण्डे माइंस जाने वाली सड़क की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है। इसी मार्ग से माइंस की भारी वाहन चलती है, जिससे सड़क और ज्यादा खराब हो जाती है। इससे पैदल चलने वाली राहगीरों को काफी मुश्किल होती है। इस संबंध में राजहरा व्यापारी संघ ने एक ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर के कई सड़कों के किनारे फुटपाथ (पाथवे) का निर्माण कराया गया है, किन्तु पुराना बाजार क्षेत्र के किसी भी सड़क में फुटपाथ निर्माण नहीं कराया गया है। इसी क्रम में व्यापारी संघ द्वारा कहा गया कि दल्लीराजहरा का थोक सब्जी मंडी जो वर्तमान में चिखलाकसा में लग रहा है उसे स्थानांतरित कर पुराना बाजार वार्ड नं.19 के मंगल भवन या वार्ड नं.13 के सब्जी मंडी में संचालित कराया जाये। नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर से कहा गया कि इस संबंध में तीन माह पूर्व आपके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बरसात के बाद सी.सी. फुटपाथ निर्माण के लिए टेण्डर जारी किया जायेगा व सब्जी मण्डी को पुनः दल्ली राजहरा में संचालित किया जायेगा। किन्तु अब तक इन कार्यों के लिए कोई सार्थक पहल नहीं किये जाने से ये कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं। व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने नगर पालिका अध्यक्ष से कहा कि यह दोनों ही कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अतिशीघ्र पूरा किया जाये। जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देते समय ज्यादा व्यापारी संघ अध्यक्ष के साथ रमेश मित्तल, अमित जायसवाल, प्रेम जायसवाल, बॉबी मित्तल एवं अन्य व्यापारी गण उपस्थित थे।

## नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति वर्ग से 15 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** रसायन एवं उर्वरक, मंत्रालय, भारत सरकार की संस्था (सिपेट) रायपुर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के वेरोजगार युवा युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास का मशीन ऑपरेटर-सीएनसी लेथ एवं मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट प्लास्टिक प्रोसेशिंग हेतु निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये 15 दिसम्बर तक आवेदन संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा स्थित जिला अंत्यावसायी विभाग के कक्ष क्रमांक 82 मे जमा किया जा सकता है। जिला अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि बेरोजगार युवक युक्तियों का चयन कर कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन व उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था सिपेट के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। पात्रता एवं शर्तें-आवेदक/ आवेदिका अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए। आवेदक/आवेदिका जिले का मूल निवासी हो। आवेदक/आवेदिका की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो। आवेदक को आधारकार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा। शैक्षणिक योग्यता 8वीं (अंकसूची) की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आवेदक स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो, सहित सभी वांछित दस्तावेजों के साथ कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित अंत्यावसायी कार्यालय में उपस्थित होकर 15 दिसम्बर 2022 तक अपना आवेदन कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# गायों को क्रूरतापूर्वक मारपीट करने वाले भेजे गए सलाखों के पीछे

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

गायों को क्रूरतापूर्वक मारपीट करने वालों को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेजा गया। सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कांपा खार में कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा गायों को क्रूरतापूर्वक मारपीट कर रहे है, सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव घटनास्थल पहुचे तथा थाना प्रभारी कवर्धा को आवश्यक दिशा निर्देश देकर घटना की तस्दीक कर तत्काल आरोपियो को गिरफ्तार करने के निर्देष दिये। जिस पर थाना कवर्धा की टीम मौका स्थल पर पहुंचकर सूचना की तस्दीक किया गया, मौके में विश्व हिन्दू परिषद् गौ रक्षा दल का जिला प्रमुख निलेश सोनी अपने कुछ साथियों के साथ उपस्थित मिले तथा जिन्होंने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गायों के साथ क्रूरतापूर्वक मारपीट किये है गाय इधर उधर हो गए है, जिन्हें आसपास ढूढा गया, चार गाय मिले, जिन्हें अज्ञात लोगों व्यक्तियों के द्वारा क्रूरतापूर्वक मारपीट कर इनके घावों एवं अन्य अंगो में हरी मिर्ची तोड़कर उनके अंगो में डालकर चोट पहुंचाये है। सभी गायों के इलाज हेतु मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर त्वरित उपचार कराकर आगे के इलाज हेतु पशु चिकित्सालय कवर्धा लाया गया! विश्व हिन्दू परिषद् गौ रक्षा दल के जिला प्रमुख निलेश सोनी द्वारा उक्त घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर थाना कवर्धा में प्रथम सूचना पत्र 899/22 धारा 429 भादवि, पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(ए)(एफ) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी करने तत्काल पुलिस टीम रवाना किया गयाए दौरान विवेचना संदेही 01. भोजराज साहू पिता तिहारी राम साहू, उम्र-45 साल, 2. छविराम साहू पिता नारायण साहू, उम्र-35 साल, 03. दीक्षित साहू पिता दीनू साहू उम्र-27 साल, 04. मोहना यादव पिता मंगलू यादव उम्र-20 साल, 05.डोमन साहू पिता बैसाखू साहू उम्र-34 साल, 06. कमलेष साहू पिता नंदराम साहू, उम्र-39 साल सभी साकिनान ग्राम कांपा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम से पूछताछ करने पर सभी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि मवेशी हमारे खेत में फसल को चरने आ जाती थी।

इसी आक्रोश में आकर हम लोगो ने गायों के साथ मारपीट किये है। आरोपियो के द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर तत्काल गिरफतार करते हुये -04.12.2022 को यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# भर्रीटोला-43 के किसानों ने फसल बीमा राशि की मांग को लेकर कृषि उप संचालक कार्यालय का किया घेराव

**जमकर किया हंगामा, की नारेबाजी**

**किसानो ने अधिकारियों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के डौंडी ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला-43 के सैकड़ों किसानो ने प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि की मांग को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय बालोद स्थित उपसंचालक कृषि कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा किया। फसल बीमा की राशि की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी किया। ग्राम भर्रीटोला-43 के किसानो की माने तो गांव के 150 से अधिक किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि बीते 6 माह से उनके खाते में जमा नहीं हुई है। किसान लगातार फसल बीमा की राशि की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुच इसकी शिकायत 3 से 4 बार कर चुके है। किसानो का आरोप है कि कृषि उपसंचालक कार्यालय के चक्कर लगाकर भी वे थक चुके है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही विभाग द्वारा नही की गई हैं। मिला है तो सिर्फ आश्वासन। वही किसानो ने अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया है।

वही कृषि उपसंचालक नागेश्वर लाल पांडे का कहना है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का खरीफ वर्ष 2021-22 के ग्राम भर्रीटोला-43 के 149 किसानों का धान असिंचित का 24 लाख 76 हजार 823 रुपये एनईएफटी के माध्यम से बीमा कंपनी के द्वारा किसानो के खाते में जमा कर दिया गया है। धान सिंचित का एक किसान का वास्तविक उपज से अधिक होने के कारण अपात्र वह है। वही पांडे ने आगे कहा कि अब राशि क्यों किसानों के खाते में नही आई, ये सहकारी बैंक वाले बता पाएंगे। बहरहाल किसान कलेक्टोरेट, कृषि विभाग और बैंक के चक्कर लगाकर थक चुके है और आज तलक उन्हें बीमा राशि अप्राप्त है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। अब देखना होगा कि किसानों को बीमा राशि कब प्राप्त होती है।

# उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2022 निर्धारित की गई है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि उद्यानिकी फसल टमाटर, बैगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, प्याज एवं आलू रबी वर्ष 2022-23 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत बालोद जिले के इच्छुक ऋणी-अऋणी कृषक 15 दिसम्बर तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंश कम्पनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस हेतु बीमा कंपनी के प्रतिनिधि श गजेन्द्र कुमार देवांगन मोबाईल नम्बर 9770111641 से संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना में सभी अऋणी कृषक (भूधारक एवं बटाईदार), जो इस योजना मे शामिल होने के इच्छुक है, ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिये किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रुप मे देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जायेगा। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा मे हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत, नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों को विपरीत मौसम जैसे-कम तापमान, अधिक तापमान, अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम, वायु गति से फसलों को होने वाले क्षति एवं ओला वृष्टि तथा चक्रवाती हवा से फसल बीमा का लाभ प्राप्त होगा। स्थानीय आपदा के तहत् खरीफ मौसम के टमाटर, बैगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु ओलावृष्टि से बीमा सुरक्षा प्रदान करेगा, तथा ओलावृष्टि, चक्रवाती हवाएं की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कम्पनी के टोल फ्री नं. 1800-209-5959 एवं कृषक शिकायत निवारण के टोल फ्री नम्बर 14447 पर या लिखित रुप मे 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था, विभाग 48 घंटा के भीतर कृषकों से प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे। बीमा कम्पनी द्वारा जिले में 29 स्थानों पर स्वचलित मौसम स्टेशन स्थापित किया गया है, जिससे प्राप्त मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर ही बीमा दावा का भुगतान किया जाता है। कृषक द्वारा लगाये गये फसल का केवल एक बार ही बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है।

## कलेक्टर ने ली समय -सीमा की बैठक

# लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होने विभागवार लंबित आवेदनों की जानकारी ली और समय सीमा के भीतर लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रदेश व्यापी विधानसभा क्षेत्रवार रात्रि विश्राम का कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों में जारी है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निश्चित कार्यालयीन समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने अधिकारियों/ कर्मचारियों को पंचायतों का भ्रमण कर पंचायतों में पटवारियों की उपस्थिति एवं उनसे संबंधित कार्यों का पर्यवेक्षण, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की स्थिति, स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत पूर्ण हो, शासकीय स्कूल खुलने एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, राशन कार्ड/ राशन दुकान खुलने एवं राशन वितरण की स्थिति आदि की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में राजस्व विभाग से संबंधित 1920 प्रकरण लंबित है जिसका जल्द ही निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गौठानों में गोबर की रख-रखाव ठीक से हो, कृषकों को गौठानों में पैरा दान करने के लिए अपील करें। जिले के सभी स्कूलों, छात्रावासों की साफ-सफाई, रंग-रोगन व उचित व्यवस्था समय-सीमा पर करने के निर्देश दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य की जानकारी ली।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुगतान एवं संविदा में कार्यरत कर्मियों का मानदेय भुगतान करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने गौठानो को स्वावलंबी बनाने एवं आजीविका गतिविधियों को और अधिक तेजी प्रदान करनें के लिए गौठानों का निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों दिए। उन्होंने गौठानों को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने को कहा, इस हिसाब से हमें भविष्य की योजना बनाकर समय सीमा के भीतर क्रियान्वयन करना होगा। उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए और नरवा योजना को प्रभावी तरीके से योजना बनाकर कार्य करने को कहा।

## कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की आवश्यक बैठक आयोजित सम्पन्न हुई जहां पर विभिन्न विषयों पर क्रमसह चर्चा करके उस पर निर्णय लिया गया है। जन भागीदारी समिति अध्यक्षा ज्योति सिंघानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कलेज प्राचार्य डॉ डी डे सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति की पूर्ण सहभागिता रही उक्त बैठक में जन भागीदारी समिति के कर्मचारियो की वेतन में प्रतिमाह 1000/ की वृद्धि कर उन्हे चलित माह का वेतन प्रदान किया गया इसके साथ ही दो आया दीदी को जन भागीदारी समिति के व्यक्तिगत राशि से हजार हजार रुपए उत्कृष्ट सेवा कार्य के तौर पर बोनस राशि प्रदान किया। बैठक इस बात पर भी विचार किया गया कि महाविद्यालय के स्थापना वर्ष 2012-13 होने के उपरांत भी दिनांक तक महाविद्यालय में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण नहीं हुआ है जिससे छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउड्रीवॉल निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही महाविद्यालय के छात्राओं हेतु ऑडिटोरियम निर्माण के आवश्यकता पर भी चर्चा किया गया । उक्त निर्माण कार्य की सहमति और स्वीकृती प्रदान करने हेतु विधायक तथा जिलाधीश को भी पत्र प्रेषित किया गया।

**जिला स्तरीय एसडीजी क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित**

# राज्य योजना आयोग के निर्देशानुसार सतत् विकास लक्ष्य के क्रियान्वयन पर जोर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति (डीएलआईएमसी) की बैठक कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें विभागवार राज्य योजना आयोग छ.ग. द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कलेक्टर महोदय द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजना एवं कार्यक्रम के वर्तमान स्थिति के अनुसार इंडिकेटर्स की जानकारी उपलब्ध करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा आगामी समय-सीमा की बैठक के पूर्व संबंधित कार्यालय प्रमुखों को इंडिकेटर्स वार जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं संयोजक द्वारा जानकारी दी गई की जिला स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य की उक्त विषय पर 19 दिसंबर 2022 को राज्य योजना आयोग द्वारा संभाग स्तर दुर्ग में प्रशिक्षण आयोजित की गई है। सतत विकास लक्ष्य को संक्षेप में निम्नानुसार समझा जा सकता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा हमारे शब्द को बदलना की थीम पर सतत विकास लक्ष्य को सितम्बर 2015 में अपनाया गया है। जिसके लिये निर्धारित 17 गोल्स को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। विकास के लिये तीन आयाम, सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरण के साथ शांति व्यय, सुदृढ़ संस्थाएं व क्रियान्वयन हेतु साझेदारी शामिल किया गया है। राज्य योजना आयोग छ.ग. द्वारा जिला स्तर पर एसडीजी की प्रगति के अनुश्रवण में सहायता हेतु सीजी-डीआईएफ का प्रारूप तैयार किया गया है। जिसमें 45 टार्गेट्स के लिए 82 इंडिकेटर्स का समावेश किया गया है। बैठक में, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेमेतरा सुरुचि सिंह, सहित समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 06 दिसम्बर को देश के प्रथम कानूनमंत्री, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि को परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम बाबासाहब अंबेडकर की मूर्ति व तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया तिलक व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, उत्तर कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष विवेक मसीह, जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस प्रशांत बोकड़े, ब्लाक उपाध्यक्ष मोहन लाल साहू, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन, आई एल सोनवानी, सेवानिवृत शिक्षक हेमंत कांडे, चंद्ररेखा नांदेश्वर, पार्षद स्वप्निल तिवारी, एल्डरमैन जगदीश श्रीवास, परितोष हंसपाल ने बाबासहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह ने व आभार प्रदर्शन ब्लॉक महामंत्री सुरेश कुमार ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदण्ड, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री रूबी एंथोनी, पार्षद रोशन पटेल, एल्डरमैन जी. ईश्वर राव, जगदीश श्रीवास, ब्लॉक महामंत्री श्रीनिवास राव, ब्लॉक संयुक्त महामंत्री जितेन्द्र मेश्राम, ब्लॉक सचिव विलसन मैथ्यू, डोमेन्द्र सावलकर, प्रमोद चौधरी, मनोज साहू, बसंत साहू, पप्पू पंजवानी, अनिल कोम्बे, रमेश भगत, युकां नेता मनीष सेन, आदि भगत, जसविंदर सिंह गिल, हेमंत पटेल, विशाल दसोड़े, अभिजीत भगत, अशोक श्रीवास्तव,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# स्वावलंबी भारत अभियान के तहत महिला स्वरोजगार कार्यशाला का आयोजन दशहरा मैदान में किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




महिला स्वरोजगार कार्यशाला का आयोजन स्वावलंबी भारत अभियान के तहत किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 3 स्टेप पर कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था । जिसमें 1 स्वावलंबी भारत अभियान 2 महिला स्वरोजगार कार्यशाला 3 महिला सशक्तिकरण इन सभी में महिलाओं को गृहस्थ जीवन से आगे बढ़कर कार्य करने के प्रेरणा दिया जा रहा इस कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तु उद्योग स्थापित करने के लिए महिलाओं को आगे लाने का अथक प्रयास किया जा रहा है भारत शासन ने भी महिला को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लाई है द्य जिससे कि महिला पुरुषों से भी बढ़कर काम करें और वह अपना स्वत उद्योग बिठाए जिस प्रकार से अचार ,पापड़ ,बिस्किट ,चॉकलेट अनेकों प्रकार की प्रशिक्षण योजना के तहत महिलाओं को प्रदान किया जा रहा है द्य जो महिलाएं स्व सहायता संगठन में जुड़ना चाहती हैं।

उन्हें भी शासन के द्वारा प्रोत्साहन के तहत निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य ताकि वे बढ़-चढ़कर आगे घर में ही बैठकर अपना उद्योग स्थापित करें और उनका चलन विदेशों तक जाए इस प्रकार से जैजैपुर दशहरा मैदान में किया गया जिसमें मुख्य रुप से जानकी सत्यनारायण चंद्रा अध्यक्ष समर्थ जन कल्याण समिति पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर संरक्षण जया द्विवेदी ने किया इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष चेतन महंत बम्हनीडीह, सियाराम यादव भोथिया, सुखदेव खूटे जैजैपुर इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव आर एस एस विभाग कार्यवाहक मनमथनाथ शर्मा, गोपी सिंह ठाकुर जिला मंत्री भाजपा, लोकेश साहू बंटी साहू इस स्वावलंबी भारत अभियान कार्यक्रम में उपस्थित रहे यहां पर भोजन की व्यवस्था भी किया गया था द्य जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने जानकारी प्राप्त किया और अनेक प्रकार के फार्म के बारे में भी जानकारी लिए इस तरह से देखा जाए तो स्वावलंबी भारत अभियान,महिला स्वरोजगार कार्यशाला, महिला सशक्तिकरण में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना स्वत निर्माण एवं स्वदेशी चीज बाजार में भेजने का भी संकल्प लिए।

# कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केन्द्र झगरहट्टा और फंदवानी का निरीक्षण

## उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थित रूप से धान खरीदी करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में जिले में समर्थन मूल्य पर सुचारू रूप से हो रही धान खरीदी कार्य का निरीक्षण करने कलेक्टर मुंगेली विकासखंड के ग्राम झगरहट्टा और फंदवानी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्र में अब तक की कुल धान खरीदी, धान के उठाव हेतु जारी डीओ और मिलर्स द्वारा धान उठाव की प्रगति, पंजीकृत किसानों की संख्या, बारदाना की उपलब्धता, प्रतिदिन जारी टोकन आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान उपार्जन केंद्र में शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप करें। पंजीकृत लघु एवं सीमांत किसानों का धान प्राथमिकता से खरीदें। धान उठाव में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, तेजी लाने के दिए निर्देश कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र में धान उठाव की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं। डीओ जारी होने के बाद लगातार संबंधित मिलर्स से संपर्क स्थापित कर शीघ्र धान का उठाव कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने धान विक्रय करने के पहुंचे किसानों से भी चर्चा की और उनसे पंजीकृत रकबा, टोकन व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। वहीं संबंधित अधिकारियों को कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने और धान उपार्जन केन्द्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित रूप से टोकन जारी करें, जिससे धान विक्रय में उन्हें किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो तथा उपार्जन केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित ना हो। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम मुंगेली सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला खाद्य अधिकारी देवन्द्र बग्गा, जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई, सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक हितेश श्रीवास एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# स्त्री , पुरुष एवं बच्चों के सभी असाध्य रोगों के लिए आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रान्त के सुप्रसिद्ध ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ, मर्म चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा देंगे अपनी चिकित्सकीय सेवायें स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 7 दिसम्बर 2022 बुधवार को पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर में प्रातः 9 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर के विषय मे पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर के संचालक सुरेंद्र यादव ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष



प्रायोगिक 15 वर्षो से अधिक का चिकित्सकीय अनुभव रखने वाले छत्तीसगढ़ प्रान्त के ख्यातिलब्ध सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ, मर्म चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा सेवायें देंगे। जो कैंसर, मधुमेह, थायरायड, ब्लडप्रेशर, श्वास, टी.बी.,लकवा, साइटिका, गठियावात, पथरी, पीलिया, मस्तिष्कगत रोग माइग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अम्लपित्त, गैस, दुर्बलता, बन्ध्यत्व (स्त्री-पुरुष), श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, हृदय रोग, चर्मरोग, सोरायसिस, एक्जिमा, शीतपित्त आदि स्त्री, पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर संबंधित रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या- ऋतुचर्या, आहार-विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श देंगे। पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर के संचालक सुरेंद्र यादव ने अंचलवासियों से 07 दिसम्बर बुधवार को आयोजित इस विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।शिविर में पंजीयन कराने हेतु मो.नंबर 6232155829पर संपर्क कर जांच हेतु निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है जिससे शिविरार्थियों को असुविधा न हो।

# प्रदेश भर में खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का सिलसिला प्रारंभ

## थूक पालिस तो कही खानापूर्ति कर काम को अंजाम दिया जा रहा

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के निर्देश के बाद जहां प्रदेश भर में खस्ताहाल सडकों की मरम्मत का शिलशिला प्रारंभ हो गया है, जिसमें कही थूक पालिस तो कही खानापूर्ति कर काम को अंजाम दिया जा रहा है। बिलासपुर मुंगेली, मुंगेली रायपुर, मुंगेली कवर्धा, मुंगेली लोरमी मुख्य मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रो को जिला मुख्यालय से जोडने वाली सडके अपने निमार्ण काल के महज कुछ ही समय बाद दम तोडती नजर आ गई थी, जिसको लेकर ग्रामीणो द्वारा समय समय पर जिला मुख्यालय के दरवाजा खटखटाया गया किंतु प्रशासनिक अमले की कानो में जू तक न रेंगी। वही मुख्यमंत्री के फरमान



के बाद प्रशासनिक अमले ने अंगडाई ली और चीतपरिचित अंदाज में कुंभकर्णी नींद से जागे। ज्ञात हो बीते महिने भूपेश बघेल ने फरमान जारी किया था जिसमें सभी कलेक्टरो को साफतौर पर निर्देश जारी किया गया था कि प्रदेश में खस्ताहाल सडको का बनाया जाये । इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर द्वारा कुछ दिनो तक तो जिले के खराब सडको का निरिक्षण कर संबिधित विभाग को निर्देश जारी किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप अब विभाग द्वारा महज खाना पूर्ति का रवैया अपनाते हुए सडको की मरम्मत की जा रही है वही दुसरी तरफ केबल डालने के नाम पर सडको की अधंधुन खुदाई नगर वासियो के लिए सरदर्द का कारण बनता जा रहा है। वही बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग, सहित जिला अस्पताल जाने वाले मार्ग, चर्च के पास से पुराना बस स्टैण्ड को जोडने वाला पुल भी अपने लोकापर्ण के कुछ समय बाद से ही अपनी अपनी दुर्दशा को बया करता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में अब से पुरुष नसबंदी शिविर



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जैजैपुर में पुरुष नसबंधी का शिविर आयोजित किया गया । गौतम चंद्रा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण अंतर्गत जैजैपुर सीएचसी में NSVT का कैम्प आयोजित किया गया जिसमे बेलादुला सेक्शन गौतम चंद्रा RHO द्वारा एक केस तुषार RHO बीरेंद्र सिंह कुर्रे द्वारा एक केश और जगन्नाथ गोस्वामी परसाडीह RHO द्वारा एक केस को लाभांवित कराए ,डॉ. एस. पी .बंजारे (बीएमओ) द्वारा बताया कि NSVT का प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमे डाक्टर आर एल ठाकुर (सर्जन ) व संयुक्त टीम द्वारा आपरेशन किया गया जिसमे हितग्राही को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रुपए व प्रेरक को 400 रुपए का प्रोत्साहन राशि बैंक खाता में जमा कराया जायेगा। बढ़ती जनसंख्या को रोकने हेतु शासन द्वारा जारी आदेशानुसार हर संभव प्रयास किया जा रहा है द्य शिविर में एन टोप्पो एलएचवी जैजैपुर, एस चौधरी एमपीएस,राजेश खांडे संतोष चंद्रा,हेमलाल बंजारे ,पंकज व सभी सहयोगी स्टाफ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहकारी सेवा समिति सिवनी के अध्यक्ष चुने गए आशीष

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

सिवनी चांपा - बलौदा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सिवनी के सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में आशीष राठौर को चुना गया है,, इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित कि गई, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष राठौर का समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सेवा सहकारी समिति के सदस्यों की नवनिर्वाचित अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष के रूपं में आशीष राठौर ने किया पदभार भी ग्रहण इस अवसर पर उन्हें शपथ भी दिलाया गया, इस मौके पर गाँव की सरपंच लखेकुमारी चन्दकुमार राठौर, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेन्द राठौर, जनपद उपाध्यक्ष नम्रता राधवेन्द नामदेव, प्रबंधक ललीत देवागंन, पुर्व अध्यक्ष चुडामंणी राठौर, जयभवानी देवांगन, चन्दभान पान्णेय, साहेब लाल, सरवन कश्यप, महाबीर बरेठ, मनराखन राठौर, फिरंगी राठौर, मनोज राठौर आदि किसान भारी संख्या में उपस्थिति थे, कार्यक्रम के पश्चात आभार व्यक्त करते हुये आशीष राठौर ने क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास मंहत एवं मनहरण राठौर को धन्यवाद व्यक्त किया।



## भूपेश सरकार लगातार किसानों के लिए काम करें : साहू

# संगठन ब्लाक हसौद में बूथ कमेटी की बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व जिला संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में ग्राम पिहरीद के पोलिंग बुथ 237,238,239,240 के बुथ कमेटी का बैठक लिया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बालेश्वर साहू ने कहा कि भूपेश सरकार लगातार किसानो के लिए काम कर रही है छत्तीसगढ़ का किसान उन्नति और प्रगति की ओर बढ़ रहा क्योंकि कांग्रेस सरकार द्वारा किसानो के धान को 2640 प्रति क्विंटल के हिसाब धान खरीदा जा रहा है,सरकार द्वारा गोबर 2 रूपये किलो और गौमुत्र 4 रूपये प्रति लीटर खरीदने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार आया है और गांव के लोगो को रोजगार मिला है,




वही ब्लाक अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा जैजैपुर विधान जीतने के बुथ कमेटी को मजबूत करना अवश्यक है संगठन के माध्यम से ही चुनाव जीता जा सकता जा है तथा कांग्रेस सरकार के जनकल्याणकारी योजना का बुथ स्तर पर प्रचार प्रसार कर योजनाओ का लाभ हितग्राहीओ को दिलाना कांग्रेस कर्याकर्ताओं का कर्तव्य है। इस अवसर में प्रदीप निराला, संतोष साहू,गणेश माझी,गेस कुमार जाटवर, अनुज बंजारे,अशोक डहरिया, गोबर्धन कुर्रे, रामकुमार चन्द्रा, शत्रुघन डहरिया गुंजा जाटवर, लक्ष्मी डहरिया,पार्वती लहरे, सुनिता डहरिया, ललिता डहरिया, किरित राम साहू, लखन चन्द्रा,धनेश्वरी जाटवर, गया राम कुर्रे, सहीत बड़ी संख्या बुथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 03 जनवरी के अवसर पर बीआरसी भवन मुंगेली में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के तीनों विकासखंड से दिव्यांग बच्चे सम्मिलित हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के लिए 50 मीटर व 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली, मटका फोड़, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न खेल गतिविधि और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले दिव्यांग बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, वरिष्ठ नागरिक राकेश पात्रे, संजय यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सविता राजपूत, डीएमसी कौशिक और जिला कार्यक्रम समन्वयक समावेशी शिक्षा प्रभारी ए. के.कश्यप उपस्थित थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए और उनके कल्याण के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को गणमान्य नागरिक पात्रे ने भी संबोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती राजपूत ने शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सम्मानित व्यक्ति का अपमान करना ही मृत्यु का कारण हैः पूज्या देवी प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बिर्रा-मां चंडी की पावनधरा ग्राम पंचायत बिर्रा भाठापारा में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचिका देवी प्रतिभा (वृंदावन धाम) ने उपस्थित श्रद्धालुओं को महाभारत और परीक्षित जन्म, कलियुग आगमन की कथा सुनाते हुए कहा कि सम्मानित व्यक्ति का अपमान करना ही मृत्यु का कारण है। जैसे राजा परीक्षित ने तपस्या में लीन ऋषि के गले में मृत सर्प को डालकर अपमान किया जिसके कारण राजा परीक्षित की मृत्यु सन्निकट आ गई।तब राजा ने सुकदेव जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा सुनकर अपना उद्धार कराया। उन्होंने कलियुग की उपस्थिति कहां कहां होती है उसका भी विस्तार से वर्णन किया।देवी जी द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में क्षेत्रीय सांसद गुहाराम अजगल्ले, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कैलाश साहू सहित मुख्य यजमान श्यामदेवी - संतोष कश्यप, ज्योति -गजेन्द्र कश्यप, शिवेन्द्र कुमार कश्यप, जीवनचंद यादव, मूलचंद देवांगन,विजय थवाईत, जितेन्द्र तिवारी, पिंकू साहू,रानू थवाईत, अनिल कुमार साहू, अनुज यादव, नीतीश वैष्णव, राजू , रानु, सोनू, लालन, कश्यप, छन्नु कश्यप, महादेव, रामदयाल, रामगोपाल, विजय, अमित, नन्दु,भूनश्वर, चिनीलाल चंद्रा, मोतीलाल, हीरालाल, राजू, बूदेस, भुवन, दिलीप, शशिकांत, कश्यप, बैगा साहू, मन्नू साहू, संढवा साहू,शत्रुघन पटेल,भरत कश्यप सहित भारी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक हो रहा है।

## कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

# किसानों की आय दोगुना करने संबंधी गतिविधियों को दे बढ़ावा : कलेक्टर सिन्हा

■ कलेक्टर ने विभागों द्वारा बैंक को प्रेषित ऋण प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में कलेक्टोरट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनर्वीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने किसानों की आय दोगूना करने के लिए मछ्ली पालन, सुकरपालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने कहा।

उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने बैंक



शाखा प्रबंधकों से कहा कि शासन की योजनाओं के तहत विभागों द्वारा बैंक को प्रेषित ऋण प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने किसानों की आय दोगुना करने के कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वसहायता समूहों को मछलीपालन जैसे गतिविधियों में प्रशिक्षण देने कहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जन धन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं मुद्रा लोन की समीक्षा, जिले में बैंकिंग गति विधियां, वास्तविक बकाया ऋण राशि एवं राष्ट्रीय मापदण्ड, वार्षिक साख योजना 2021-22, शासकीय योजनान्तर्गत ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दुगुना करने, वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटली करण सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने आधार सीडींग बैंकिंग प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वार्षिक ऋण योजना में बैकों की प्रगति वार्षिक क्रेडिट योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग, और जिले में बैंको की स्थिति जैसे आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में स्वसहायता समूहों की बैंक लिंकेज प्रोग्रेस संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल, लीड बैंक अधिकारी, मछली पालन विभाग के अधिकारी, नाबार्ड विभिन्न संबंधित विभागों के जिला अधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

# उच्च शिक्षा मंत्री पटेल कुनकुरी में अन्तर्राज्यीय नॉकआउट फुटबॉल मैच के समापन समारोह में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





मंत्री उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी खेल व युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल की उपस्थिति में विगत दिवस कुनकुरी नगर के खेल मैदान में अन्तर्राज्यीय नॉकआउट फुटबॉल मैच 2022 के समापन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यू. डी. मिंज, विधायक पत्थलगांव व उपाध्यक्ष जनजातीय सलाहकार परिषद रामपुकार सिंह, विधायक भरतपुर सोनहत व उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण गुलाब कमरो, अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग भानुप्रताप सिंह, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पारम्परिक लोक नृत्य एवं कुनकुरी की स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। साथ ही सेंट जेवियर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर के विद्यार्थियों द्वारा शानदार बैंड प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान समारोह में पटेल सहित सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा खेल मैदान कुनकुरी में 58.21 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसके अंतर्गत दर्शक दीर्घा, सोलर हाई मास्क लाइट सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। प्रभारी मंत्री पटेल ने समारोह में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की जीवन में खेल का बहुत महत्व है। इससे हमारी शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। पटेल ने खिलाड़ियों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में दो ही पहलु होते है हार या जीत। परन्तु यहा हमें सबसे महत्त्वपूर्ण चीज जो मिलती है वह है अवसर के साथ सीख, जो हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस हेतु सभी खिलाड़ी बिना हार जीत की परवाह किए अपने प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को खेल के माध्यम से अपने हुनर प्रदर्शित करने के लिए एक अच्छा मंच मिला है। इसलिए सभी अपने कला का प्रदर्शन करें और अपना नाम प्रदेश के साथ ही देश विदेश में रोशन करें। प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि जशपुर जिला खेल के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। फुटबॉल, हॉकी जैसे खेल के क्षेत्र में यहां के युवा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाने में सफल रहे है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान कुनकुरी के सौंदर्यीकरण हेतु भूमिपूजन किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से मैदान की सुंदरता बढ़ जाएगी। जिसका निश्चित ही लाभ यहां के खेल प्रतिभाओं को मिलेगा। फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का अंतिम निर्णायक मुकाबला कुचिन्डा ओड़िशा और कुनकुरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। अंतिम मैच काफी रोमांचक रहा, दोनों ही टीमों ने मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 गोल किए। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट के माध्यम से हुआ, जिसमें कुचिन्डा ओड़िशा की टीम ने 2-1 से विजयी रही। पटेल सहित सभी अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को विनिंग ट्रॉफी एवं ईनामी राशि प्रदान कर सम्मानित किया। जिसके अंतर्गत कुचिन्डा ओड़िशा की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख 1 हजार राशि का चेक एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता रही कुनकुरी फुटबॉल क्लब की टीम को 71 हजार का चेक एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर की बैंड टीम की शानदार प्रस्तुति के लिए 1 लाख की राशि प्रदान किया गया। सभी अतिथियों द्वारा विजेता कुचिन्डा ओड़िशा की टीम को शुभकामनाएं दी एवं उपविजेता कुनकुरी फुटबॉल क्लब को निराश न होते हुए अपनी गलतियों को सुधार करते हुए आगे अच्छा प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## नव संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान में सुपर 50 योजना शुरू की जा रही है। जिसके तहत सिर्फ जशपुर जिले के स्थानीय युवक एवं युवतियों दोनों को निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। नव संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ पीएससी, छत्तीसगढ़ व्यापम, छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती, एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी भर्ती परीक्षाओं एसएससी, बैंकिंग, रेलवे की तैयारी कर रहे हैं योजना का लाभ मिलेगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ व्यापम एवं बीएड उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे जिले के स्थानीय युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, प्रत्येक 4 माह पश्चात अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से भी आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। तैयारी से जिले के युवाओं के लिए विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना सुनिश्चित किया जाएगा। संस्थान से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित प्रतिभागियों को सफलता प्राप्त करने के लिए दैनिक समय सारिणी अनुसार क्लास, होमवर्क, टेस्ट पेपर सीरीज, स्मार्ट क्लास, ग्रुप डिस्कसन के माध्यम से तैयारी कराई जाएगी। आवेदन पत्र आप दिए गए लिंक पर क्लिक करके गूगल फॉर्म के माध्यम से भर सकते हैं।

# अंजुमन इस्लामियां रजा कमिटी ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुर/पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



गौरतलब है कि शहर के अधिकतर मोहल्ले में बाहरी राज्यों से लोग बिना पुलिस सत्यापन के निवास कर रहे है इस मामले में बीते दिनों सर्वहिन्दू समाज के लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन सौपकर जांच करने के मांग की थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब इसी तरह के मामले की जांच हेतु मुस्लिम समाज भी आगे आया है लेकिन पुलिस है की मामले की गम्भीरता को समझ ही नहीं रही,समाज में अशांति फैलाने वालों पर कार्रवाई करने पत्थलगांव अंजुमन इस्लामिया रजा कमेटी द्वारा पत्थलगांव पुलिस के समक्ष आवेदन देकर समाज के कुछ संदिग्ध युवकों पर कार्रवाई करने की मांग की है उनका आरोप है कि समाज के ही कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा नौजवान युवाओं को बरगलाने का काम किया जा रहा है उनके द्वारा नौजवान युवायो वर्ग के साथ बैठक कर उन्हें भड़काऊ भाषण एवं समाज को तोड़ने हेतु उकसाने का काम किया जा रहा है जिससे उनके समाज में अशांति तो फैल ही रही है साथ ही शहर का शान्तिप्रिय सोहार्द वातावरण पर भी खतरा मंडराने का अंदेशा फैलता जा रहा है सबसे बड़ी बात यह है जब सर्व हिन्दू समाज एव अंजुमन इस्लामिया रजा कमेटी दोनों ही पक्ष के लोग बाहरी संदिग्धों पर रोक लगाने पुलिस के समक्ष गुहार लगा चुकी है उसके बावजूद अभी तक इस मामले में पुलिस किसी प्रकार की पहल करती नजर नहीं आ रही है जिससे भविष्य में किसी अनहोनी की घटना घटित हो जाए तो संदिग्धों की शिनाख्त करने पुलिस को ही परेशानी होगी।

**पत्थलगांव क्षेत्र में आपसी भाईचारा बरसों से :** विदित हो की पत्थलगांव क्षेत्र शुरू से ही हिंदू मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक रहा है लेकिन कुछ वर्षो से पत्थलगांव क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में बाहरी लोगों की तादाद बढ़ने से आपसी मनमुटाव की स्थिति निर्मित होने का अंदेशा है हिंदू समाज हो या फिर मुस्लिम समाज दोनों ही समाज के पुराने लोग इस समस्या के निजात के लिए भारी चिंतित नजर आ रहे हैं दरअसल आए दिनों क्षेत्र में दूसरे राज्यों से लोग यहां रोजगार के लिए आ रहे हैं साथ ही यहा कुछ दिन रहकर अपराधिक घटनाएं घटित कर फरार हो जाते हैं फिर बदनामी का दंश यहां बरसो से सद्भावना के साथ रह रहे पुराने परिवार के लोगों को झेलना पड़ता है जो गलत है।

**संदिग्ध प्रेमी जोड़ा पकडाया,अब निकाह का दवाबः-** मंगलवार को पुरानी बस्ती के लोगो ने एक किराए के मकान में एक संदिग्ध प्रेमी जोड़े को पकड़ परिजनों के हवाले किया, अब निकाह की तैयारी की जा रही है मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस्ती में एक किराये के मकान के अंदर मोहल्ले वालो ने कमरे से लड़का और लड़की को संदिग्ध हालत में पकड लिया है पूछताछ करने पर युवक सीतापुर क्षेत्र का बताया गया लोगों ने उनके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया अब उनके मध्य निकाह की का दवाब बन गया है।

## कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में 2 कमरों का लोकार्पण आज



**रायपुर।** स्व.गोपाल गुप्ता जी की स्मृति में उनकी पत्नी धर्मशीला गुप्ता जी के द्वारा कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प परिसर में 2 सर्वसुविधायुक्त कमरो का निर्माण लगभग सवा पांच लाख रुपए की लागत से करवाया गया है , दोनो कमरों में बाथरूम अटेच है। उक्त कमरों का लोकार्पण बुधवार सुबह 11 बजे किया जाएगा एवं दोनो कमरो की चाभी वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र निगम को सौपेंगी। धर्मशीला गुप्ता वर्तमान में शासकीय विद्यालय डंगनिया में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने अपने स्व. पति की स्मृति में बुजुर्गों के लिए सेवा से प्रभावित होकर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम आश्रम माना कैम्प का निरीक्षण करने के उपरांत इस स्थान का चयन किया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि माना कैम्प नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय यादव के साथ धर्मशीला गुप्ता के परिजन एवं वृद्धाश्रम के पदाधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

# कलिंगा विवि के कला और मानविकी संकाय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कला और मानविकी संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय ने 2 और 3 दिसंबर, 2022 को राजकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज के सहयोग से वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक संकट विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को भारतीय जीवन बीमा निगम, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, सागर आईएसआई, सुल्तान चंद (पी) लिमिटेड और हेल्थ पार्टनर एनएच एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा प्रायोजित किया गया था। 250 से अधिक पंजीकरण और 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। श्रेया द्विवेदी समारोह की अगुआ थीं। रवि भगत, एनएचएमएमआई नारायण के डीजीएम विपणन प्रमुख,अशोक ठाकुर, एलआईसी इंडिया के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक और संजय कुमार कंजोडे पहले दिन अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राहुल सिंह, सेवानिवृत्त उप निदेशक संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ आदिवासी एवं लोक कला अकादमी छत्तीसगढ़ सरकार के अध्यक्ष नवल शुक्ला और डॉ. अमिताभ बनर्जी, जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज, रायपुर के प्राचार्य सम्मेलन के दूसरे दिन के विशिष्ट अतिथि थे। कलिंगा विवि के रजिस्ट्रार डॉ संदीप गांधी द्वारा उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया गया और भूख और गरीबी से संबंधित वैश्विक संकट के कुछ मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बाल शोषण से लेकर कोविड-19 और जलवायु परिवर्तन तक वैश्विक संघर्षों की भयावह तस्वीरें पेश कीं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर ने बीएमजे (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल) की रिपोर्ट पर प्रकाश डाला। जहां, उन्होंने कार्डियक अरेस्ट के मुद्दों, त्वचा कैंसर, मानव तस्करी और आतंकवाद से संबंधित प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित किया। इसके अलावा कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ बायजू जॉन ने हर संकट के परिणाम का उल्लेख किया जो एक अवसर के साथ आता है। राजकीय जे. योगानंदम महाविद्यालय से सम्मेलन की संयोजक डॉ. कीर्ति तिवारी ने अपने स्वागत भाषण से सभी गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों का स्वागत किया और सम्मेलन की जानकारी दी। बाद में मुख्य अतिथि रवि भगत ने अपने भाषण में सद्गुरु की शिक्षाओं को उद्धृत किया ताकि लोगों को स्वयं की देखभाल करने और पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया जा सके। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार ने कोविड के समय में जीवन बचाने के संघर्ष के अपने अनुभव साझा किए।

# बालको ने दिव्यांगों को दिया माहवारी स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम की परियोजना 'नई किरण' के अंतर्गत इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी संचालित दिव्य ज्योति स्कूल के दिव्यांग छात्राओं के लिए एक दिवसीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यषाला आयोजित की। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता के अनेक आयामों से परिचित कराया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को यौन एवं प्रजनन संबंधी अधिकारों की जानकारी भी दी गई। 'नई किरण' परियोजना का उद्देश्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के जैव वैज्ञानिक पहलुओं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनके समाधान, पोषण आहार आदि से परिचित कराना है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेषक अभिजीत पति ने कहा कि बालको की नई किरण परियोजना का उद्देष्य क्षेत्र की महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर में उत्तरोत्तर सुधार तथा माहवारी संबंधी भ्रांतियों और शंकाओं का समाधान करना है। इसके अंतर्गत लक्षित महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए उन्हें अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है। माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियानों के निरंतर संचालन के जरिए समाज में माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रति बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष एवं दिव्य ज्योति स्कूल, कोरबा की प्राचार्य रीता खेत्रपाल ने बालको के अभियान की प्रषंसा करते हुए कहा कि दिव्यांग छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने की दृष्टि से कार्यशाला का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने आयोजन के लिए बालको प्रबंधन को साधुवाद दिया। बालको ने वर्ष 2019 से सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कोरबा जिले के 45 गांवों एवं नगर पालिक निगम क्षेत्रों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता परियोजना लागू की। परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की 200+ महिलाओं, 600+ किशोर बालिकाओं और अग्रिम पंक्ति की 60 कार्यकताओं को नेतृत्वकताओं के तौर पर विकसित किया गया है जिससे वे समुदाय में जाकर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करनें में सक्षम हुई हैं। अभियान के अंतर्गत पुरुषों को भी शामिल किया गया है ताकि वे महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल में योगदान कर सकें।

# वर्षा बागड़े बुद्ध विहार सेक्टर-6, भिलाई की अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com






भारतीय बौद्ध महासभा छ.ग. प्रदेश की बैठक में अध्यक्ष बी.एस. जागृत ने बताया कि, द बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी चंद्रबोधी पाटील ने वर्षा बागड़े को सेक्टर-6, भिलाई को अध्यक्ष नियुक्त किया एवं 21 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी में शामिल की है। वर्षा बागड़े अध्यक्ष, जीवन सुर्यवंशीवरिष्ठ उपाध्यक्ष, के.के. चौहान उपाध्यक्ष, निर्मला गजभियउपाध्यक्ष (महिला), सुदेश रामटेके महासचिव, बृजेश मेश्राम सचिव, नरेन्द्र शेन्डे कोषाध्यक्ष, अरूण कुमार वैद्य कार्यालय सचिव, अजय रामटेके लेखापाल, अनिता मेश्रामसचिव, प्रचार प्रसार.उषा मेश्राम सचिव, संगठन, अमित गजभियेसचिव, पर्यटन, लता मेश्राम सचिव, संस्कृति, सविता वासनिकसदस्य, श्वेता तिरपुड़े सदस्य, दानशिला रामटेके सचिव, संरक्षण, संगीता धावर्डे सचिव, प्रशासन कार्यालय, राजकुमार गढ़पायलेसचिव, संगठन, कविता रगारी सचिव, संस्कार, सुभाष गजभिये सचिव, संगठन, यशवंत रामटेके सचिव, संगठन मनोनीत किए गए है। सेक्टर-6 बुद्ध विहार, भिलाई में सपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यकारिणी के बृजेश मेश्राम, अमित गजभिये, श्वेता तिरपुड़े उपस्थित नहीं थे। दिन को 2 बजे बुद्ध विहार में बी.एस. जागृत भारतीय बौद्ध महासभा छ.ग. प्रदेश के अध्यक्ष के द्वारा सपथ ग्रहण समारोह कराया गया। पदाधिकारियों को भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी आयु. एस. आर. काण्डे, राष्ट्रीय संगठक सी. एल. माहेश्वरी, प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार आयु. संजय सेन्द्रे जी रिटा. सत्र न्यायाधिश के द्वारा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इस कार्यक्रम मे भारतीय बौद्ध महासभा जिला दुर्ग के अध्यक्ष आयु. सी. के. डोंगरे, उपाध्यक्ष सी. एल. देवदास भिलाई के निलिमा रामटेके, आयु. सुजाता चौहान, आयु. कविता मेश्राम, आयु. दिनेश कापड़े, आयु. राहुल चौरे, आयु. कविता वानखेडे, धनंजय मेश्राम, आयु. डी. आर. वाहने, आयु. बी. जामूलकर, आयु. डी. एन. डोंगरे, आयु. सविता मेश्राम, आयु. कमल मेश्राम, आयु. राजकुमार गजभिये, आयु. कविता चौरे, आयु. सिद्धार्थ बोरकर, आयु. सेंगीता बोरकर आदि शपथ ग्रहण समारोह में संस्था के लिए अधिक से अधिक काम करने अधूरे बुद्ध विहार को सीघ्र निर्माण करने का आश्वासन दिया है, तत्पश्चात पदिधिकारियों को संबोधन कर अनुशासन में रहकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई।

## ग्रीन बीन्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com






रविवार को दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रीन बीन्स में एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को इलेक्ट्रानिक वेस्ट को लेकर जागरूक किया। साथ ही इसके प्रभावों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. केशरीलाल वर्मा, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से अजय मालू सीनियर जनसंपर्क अधिकारी अमरप्रकाश सावन्त सहित कई प्रबुद्ध तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एचडीएफसी बैंक 9 को राष्ट्रीय रक्तदान का आयोजन करेगा

**रायपुर।** भारत में प्राइवेट सेक्टर का सबसे बड़ा बैंक, एचडीएफसी बैंक शुक्रवार, 9 दिसंबर को पूरे देश में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। यह वार्षिक अभियान एचडीएफसी बैंक के फ्लैगशिप सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत इसका अग्रणी हैल्थकेयर अभियान है। अपने 14वें वर्ष में रक्तदान शिविर भारत के 1150 शहरों में 5500 से ज्यादा केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। इनमें बड़े कॉर्पोरेटए कॉलेज और बैंक शाखाएं शामिल होंगी।जो लोग रक्तदान करना चाहते हैं, वो अपना नजदीकी केंद्र बैंक की वेबसाईट के निम्नलिखित लिंक द्वारा देख सकते हैं, इस साल रक्तदान शिविर में 4.5 लाख से ज्यादा रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है। टेक्निकल और फंक्शनल सहायता के लिए इन शहरों में बैंक ने स्थानीय अस्पतालोंए ब्लड बैंक्स और कॉलेजेस के साथ गठबंधन किया है। देश में 1200 से ज्यादा कॉलेजों को रक्तदान केंद्र बनाया गया है। इस अभियान को गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉड्र्स द्वारा 2013 में सबसे बड़े एक दिन में अनेक स्थानों पर रक्तदान अभियान के रूप में पहचान मिली थी।

## कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर अधिक से अधिक अंशदान देने की अपील

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड जशपुर डॉ. रवि मित्तल ने आमजनों को संदेश देते हुए कहा कि देश की सीमाओं की हिफाजत करते हुए अपने प्राणों का सर्वोत्तम बलिदान करने वाले अमर वीर शहीदों और सैनिकों को सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मैं जशपुर जिला के सभी सशस्त्र सेना के सेवारत जवानों, भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने कहा कि हमारी सेना देश का विश्वास, गौरव और प्रेरणा हैं। हमारी सशस्त्र सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा, आतंकवाद का सामना एवं प्राकृतिक आपदाओं में अपने वीरता, समर्पण एवं सेवा भाव से अनूठी मिसाल कायम की है जिसके लिए समस्त देशवासी कृतज्ञता व्यक्त करते है। अपने सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे लिए एक अवसर है।

## एनईसी इंडिया ने कॉन्टैक्टलैस बोर्डिंग के साथ यात्रियों को बनाया सशक्त, भारत के वाराणसी हवाई अड्डे पर लॉन्च किया डिजियात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनईसी ने वाराणसी हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए बहुप्रतीक्षित पेपरलैस बोर्डिंग प्रक्रिया-डिजियात्रा का लॉन्च किया है। गुरूवार, 1 दिसम्बर 2022 को एनईसी इंडिया ने फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी एवं बायोमेट्रिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से यात्रियों की कॉन्टैक्टलैस प्रोसेसिंग की शुरूआत कर देश की डिजिटल यात्रा में एक और उल्लेखनीय योगदान दिया है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिर्आदित्य सिंधिया ने वर्चुअल रूप से वाराणसी हवाई अड्डे पर डिजियात्रा प्रोग्राम की शुरूआत की। इस समाधान के ज़रिए भविष्य में हर नागरिक आसान यात्रा का आनंद उठा सकेगा। यात्रियों को विभिन्न चैकपॉइन्ट्स जैसे एयरपोर्ट अराइवल, सिक्योरिटी क्लीयरेन्स और बोर्डिंग आदि के लिए लाईनों में लगकर लम्बा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। फेशियल रिकॉग्निशन प्लेटफॉर्म द्वारा पेश की गई इस ऑप्ट-इन सर्विस से यात्रियों को बार-बार अपने फिज़िकल डॉक्युमेन्ट पासबोर्ड, बोर्डिंग पास आदि दिखाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें इस सर्विस का लाभ उठाने के लिए डिजियात्रा ऐप पर अपने सभी विवरण का वन-टाईम रजिस्ट्रेशन करना होगा। फेशियल रिकॉग्निशन प्लेटफॉर्म के अलावा, एनईसी कियोस्क टर्मिनल एवं बायोमेट्रिक इनेबल्ड ई-गेट्स भी भारत में यात्रियों के लिए बोर्डिंग के अनुभव को और अधिक बेहतर बना देंगे। एनईसी इंडिया ने दिसम्बर 2019 में चार हवाई अड्डों- वाराणसी, कोलकाता, पुणे और विजयवाड़ा- पर डिजियात्रा पहल के तहत बायोमेट्रिक बोर्डिंग प्लेटफॉर्म लागू करने के लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया से कॉन्टैऊक्ट हासिल किया था। पहले चरण में डिजियात्रा का लॉन्च 7 हवाई अड्डों पर किया जाएगा, वर्तमान में यह सर्विस बैंगलुरू, वाराणसी और नई दिल्ली हवाई अड्डो पर सक्रिय है।

# नये मेडिकल स्टूडेंट्स का वाइट कोट सेरेमनी के साथ स्वागत् किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com



6 दिसंबर को चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आए नये चिकित्सा छात्रों की पठन पाठन परंपरा गत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर नये मेडिकल स्टूडेंट्स को वाइट कोट सेरेमनी के साथ स्वागत् किया गया। इस अविस्मरणीय कार्यक्रम मे अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप पात्रा की उपस्थित में अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, शरीर रचना विभाग के आचार्य डॉ. दिलीप क्षीर सागर, डॉ. रोली चंद्राकर, डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, अनुषा दास, शरीर क्रिया विभाग के डॉ. अंशुल सिंघवी, जीव रसायन विभाग से डॉ. स्वाति हिवाले, डॉ. लोपा रे व सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डॉ. मनवानी, डॉ. बीसन, डॉ सौरभ, डॉ. वर्तिका सिंह व सभी संकायों के चिकित्सा शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों को सम्बोधित करते हुए अधिष्ठाता ने कहा कि ये वाइट कोट सिर्फ़ अप्रोन नहीं बल्कि इससे चिकित्सको का अनुशासन,उनकी स्वच्छ आभा व गरिमा जुडी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आप अपने शिक्षकों व सीनियर का सम्मान करें और अपने मरीज़ो का आदर करें क्योंकि वो भी हमारे लिए शिक्षक ही होते हैं और हम उन्हीं से सबकुछ सीखते हैं। इस अवसर पर एक और विशिष्ट परम्परा निभाई गई जिसे कैडेवरिक ओथ कहते हैं जिसमें हर चिकित्सा छात्र को उस शव के लिए एक शपथ लेनी होतीं है जिसके विच्छेदन कर डॉक्टर्स शरीर रचना एवं सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर शरीर रचना विभाग के प्राध्यापक डॉ. क्षीर सागर ने छात्रों को कैडेवरिक वोथ दिलवाई और सहप्राध्यापक डॉ. रोली चंद्राकर ने एक मार्मिक कविता से छात्रों को अभिभूत कर दिया जिसमे ये बताया गया कि वो शव जिसका विच्छेद कर वे कुशल चिकित्सक बनेगें उनसे कह रहा है कि जब मैंने इस शव -विच्छेदन मे प्रवेश लिया तो मैं सम्पूर्ण था, अब आप सब मेरे अंग प्रत्येकांगों को चीड़ फाड़कर, मेरी हड्डियों को हथोड़ियों से तोड़कर, मेरे दिल दिमाग़ और फेफड़ों को मेरे शरीर से विलग कर चिकित्सकीय ज्ञान प्राप्त करेंगे और मेरा अस्तित्व इन चिकित्सा छात्रों के प्रशिक्षण ने विलीन हो जायेगा।

**सूचना**

मैं देवाराम पिता श्री मासाराम, जाति-गोंड, उम्र-20 वर्ष, निवासी-ग्राम-मुठेली, ग्रापं-पेंदलनार, तहसील-छिंदगढ़, जिला सुकमा (छ.ग.) का निवासी हूँ, मैं छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र हूँ, मेरी दशवीं की अंकसूची 13/11/2022 को छिंदगढ़ में गुम हो गई है, जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया मुझ तक पहुंचाने की कृपा करें।
मेरा मो.न.- **9301866325**

भवदीय
देवाराम पिता-मासाराम

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23
ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बड़ेराजपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसमलता मरकाम जाति कृष्णा मरकाम जाति गोंड निवासी चिचाड़ी तहसील बड़ेराजपुर जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बड़ेराजपुर स्थित स्वयं के स्वामित्व की भूमि खसरा नं 838/6 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 19/12/2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागाँव (छ.ग.)**

# आधी रकम में समान के लिए 12 दिन पहले जमा करवाई जा रही रकम, पुलिस ने संचालक से की पूछताछ

## ठगी की आशंका, रकम दोगुना करने का झांसा देने की भी शिकायत आई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




पैसे जमाकर 12 दिनों बाद 50 प्रतिशत के साथ समान बेचे जाने की आड़ में ठगी की आशंका के चलते शहर में संचालित अम्मन ट्रेडर्स एंड आर्डर सप्लायर्स के संचालक से पुलिस ने पूछताछ की है। मामला तुलसीपुर इलाके का है। यहां हैदराबाद का एक शख्स अमन ट्रेडर्स एंड आर्डर सप्लायर्स के नाम से दुकान का संचालन कर रहा है। बताया जा रहा है कि यहां पहले 12 दिनों के लिए लोगों से पैसा जमा करवाया जाता है जिसके बाद उन्हें 50 प्रतिशत छूट के साथ किचन अप्लायंस व अन्य सामग्री बेची जाती है। कहा जा रहा है कि, इस संस्थान की आड़ में रकम दोगुना करने का झांसा भी लोगों को दिया जा रहा है। इस संदिग्ध संस्थान के संचालन की जानकारी मिलते ही नगर पालिक निगम आयुक्त ने सोमवार को ही पुलिस को सूचित किया था।

मामले में संज्ञान लेते हुए मंगलवार को अमन ट्रेडर्स एंड आर्डर सप्लायर्स के संचालक को कोतवाली थाना तलब किया गया। यहां काफी देर तक संचालक से लंबी पूछताछ की गई। संचालक से जानकारी मांगी गई है कि आखिर किस आधार पर संस्थान में लेन-देन किया जा रहा है। सीएसपी अमित पटेल ने बताया कि, मामला संज्ञान में आते ही हमने कार्रवाई की है।

### ठगी की आशंका

कि संचालक लोगों से पैसे जमा करवाने के 12 दिनों बाद सामान देने की बात कह रहा है। संदेह है कि अगर इस बीच लोगों से पैसे वसूल कर संचालक फरार हो जाए तो लोगों को बड़ी रकम का नुकसान हो सकता है। इसमें चिटफंड की भी तरह रकम दोगुना करने का झांसा देने की बात भी सामने आई है। हालांकि, पुलिस अब भी इस मामले में निवेशक या ग्राहकों की तलाश में है। जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के बाद नगर निगम ने इस पर सख्ती बरती और वेरिफिकेशन के साथ कार्रवाई के लिए एसपी को चिट्ठी लिखी थी।

### सालों पहले आगरा ट्रेडर्स ने की थी ठगी

कई वर्षों पहले तुलसीपुर के ही संगम चौक में आगरा ट्रेडर्स ने इसी तरह का प्रलोभन देकर लोगों से लाखों की ठगी की थी। उस दौरान लोगों से 50 प्रतिशत कम दर पर समान देने के नाम पर रकम जमा करवाई गई थी। शुरुआती दौर में कुछ लोगों को फायदा मिलने के बाद बड़ी संख्या में यहां लोगों ने पैसे जमा किए थे जिसके बाद संचालक बोरिया-बिस्तर समेटकर यहां से फरार हो गया जिसका आज तक कुछ पता नहीं चला। इस फर्म के साथ भी ऐसी ही ठगी की आशंका बनी हुई है। इसके चलते पुलिस को जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। आयुक्त डॉ.चतुर्वेदी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि राशि दुगुना करने या इस प्रकार का लाभ देने विभिन्न संस्था द्वारा प्रलोभन दिया जा रहा है, ऐसे प्रलोभनों से बचे।

# प्लेसमेंट कैम्प के प्रचार प्रसार करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

प्रदेश के कौशल विकास, तकनिकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर, छ.ग. के युवकों एवं युवतियों को रोजगार हेतु प्लेसमेंट कैम्प के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई डॉ. जगदीश कुमार सोनकर ने जिले के जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला ने अपने पत्र में कहा है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों ने विभिन्न नियोजकों से चर्चा करके निजी क्षेत्र में लगभग 46,616 रिक्तियों की जानकारी प्राप्त की है, जिनमें 8वीं पास से लेकर आई.टी.आई. डिप्लोमा तक के योग्यता रखने वाले व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। रोजगार के लिये उन्हें छत्तीसगढ़ के बाहर विभिन्न स्थानों पर कार्य हेतु जाना पड़ेगा। कुछ रोजगार के अवसर छत्तीसगढ़ के भीतर भी उपलब्ध है। नियोजकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोजगारों हेतु 8000 से 16000 तक का वेतन प्रस्तावित किया गया है। रोजगार चाहने वाले व्यक्तियों की सूची प्राप्त होते ही संबंधित नियोजकों द्वारा उनका साक्षात्कार करने का निर्णय लिया जाएगा। 12 से 16 दिसंबर 2022 के बीच साक्षात्कार की व्यवस्था जिले स्तर पर की जा सके। विभाग का प्रयास है कि दिसंबर माह के तृतीय सप्ताह में रायपुर में एक वृहत रोजगार मेला लगाकर इन सभी युवक, युवतियों को नियोक्ताओं से नियुक्ति पत्र प्रदान कराया जाएगा। यह वृहत कार्यक्रम तभी संभव हो सकेगा जब आप इसमें व्यक्तिगत रूचि लेकर तीव्र कार्य करेंगे।

# 5 स्टूडेंट नेशनल खो-खो टीम में चयनित

## डोंगरगांव कालेज के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खो खो महिला वर्ग प्रतियोगिता राजनांदगाँव जोन ने जीत ली है। राजनांदगाँव जोन की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए डोंगरगांव नगर के शासकीय कालेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राजनांदगाँव जोन ने रायपुर जोन को हराकर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता महिला वर्ग की विजेता ट्रॉफी हासिल की है। कालेज से आधिकारिक जानकारी मुताबिक राज्य स्तरीय खो खो महिला वर्ग प्रतियोगिता दरम्यान डोंगरगांव महाविद्यालय की प्रीति पटेल, रीना मंडावी, सीमा मोरिया, गौरी, जानकी निषाद ने खो खो की नेशनल टीम में जगह बनाई है। टीम मैनेजर स्वाति चौहान डोंगरगांव एवं मोरध्वज सोनवानी क्रीडा अधिकारी अंबागढ़ चौकी के निर्देशन में टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रीति पटेल को प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# कोचियों तक आसानी से पहुंच रही शराब, सरकारी दुकान के विक्रेताओं से सांठगांठ, आबकारी-पुलिस छोटी कार्रवाईयों तक सिमटे

## नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में घर-घर बेची जा रही, मुहिम की जरुरत

पायनियर संवाददाता < छुईखदान
www.dailypioneer.com



जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई मे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब निकालकर गांव-गांव के कोचियों तक पहुंचाना ही सबसे बड़ा प्रश्न बना हुआ है। आखिरकार शराब दुकान शासन के कंट्रोल में होने के बावजूद भी गांव-गांव तक अवैध शराब बिक्री कैसे हो पा रही है? सुपरवाइजर एवं सेल्समैन द्वारा खुले रूप से शराब दुकान से ही शराब पहुंचाने के लिए आदमी रखकर गांव-गांव तक पहुंचाने की चर्चा नगर में लगातार बनी हुई है। जिससे सुपरवाइजर एवं सेल्समैन को अधिक इनकम होती है। पुलिस विभाग द्वारा शराब का अवैध धंधा करने वाले छोटे लोगो के खिलाफ छोटी-मोटी कार्यवाही कर बड़े अवैध शराब कारोबारी को बख्शा जा रहा है। आबकारी विभाग का किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करना समझ से परे है। अवैध शराब परिवहन, बिक्री व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध चखना सेंटरो पर लगातार विभागीय कार्यवाही नहीं हो पाना समझ से परे है। पुलिस और आबकारी विभाग के बावजूद क्षेत्र मे अवैध शराब का कारोबार चरम पर है। नगर में पेट्रोल पंप के पास, टिकरी पारा पाल मोहल्ले मे घरों-घर अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही है। पाल मोहल्ले मे आय दिन अवैध शराब के कारण गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं हो रही है। मोहल्लेवासी बताते हैं कि यहां पर कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। इसका कारण है अवैध शराब जो कि मोहल्ले में ही बहुत से घरों में सुबह 5 बजे से ही बिकनी शुरु हो जाती है। इसी तरह कनक नगर सहित वार्ड वार्ड नंबर 9-8 में खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने की शिकायतें हैं। नगर के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के कुटेलीकला, बोरई, सूराडबरी, सीताडबरी, बुंदेली, भरदागोड, खुदमुड़ी , कानिमेरा, बीरुटोला, कोंडका, उदयपुर, पद्मावतीपुर में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है। कुछ दिन पूर्व ही 70 पौवा शराब के साथ खैरी के एक अवैध शराब कारोबारी को पकड़ कर जेल भेजा गया है। समाचार प्रकाशित होने पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करने के लिए उदयपुर के कुछ लोगो को उठाकर जेल भेज दिया जाता है। उदयपुर के आसपास के क्षेत्र में लगातार शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। जिस पर किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही हो रही है। ग्रामीण जनप्रतिनिधियो से शिकायत किए जाने पर ग्रामीणों को कोचियों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट कर धमकी देकर चुप करा दिया जाता है। एक ही व्यक्ति के पास अधिक मात्रा मे शराब उपलब्ध होना भी आबकारी विभाग के शराब दुकान संचालक व विक्रेता को भी संदेह के घेरे में लाकर खड़ा करता है। शराब दुकान के परिचित व्यक्ति अवैध शराब परिवहन करने वाले बेहिचक अवैध शराब कारोबारी तक शराब पहुंचा रहे हैं। अवैध शराब का परिवहन सरकारी शराब दुकान खैरागढ़, छुईखदान व गंडई तीनो दुकानों से लगातार हो रहा है।

शिकायत प्राप्त होने पर लगातार कार्यवाही हो रही है और आगे भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।
**जितेंद्र बंजारे, थाना प्रभारी छुईखदान**

जानकारी प्राप्त होने पर कार्यवाही कर रहे है। स्टाफ की कमी होने की वजह से समस्या हो रही है।
**सीपी सिंह, सहायक जिला आबकारी अधिकारी**

अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही जारी है।
**नीलम गंधर्व, आबकारी उप निरीक्षक**

### कच्ची महुआ शराब का व्यापार चरम पर

ग्राम खपरी दरबार कच्ची शराब की फैक्ट्री बन चुका है। दर्जनो ग्रामीण कच्ची महुआ का शराब निकालकर क्षेत्र मे अवैध रूप से विक्रय कर रहे हैं। आसपास के ग्रामीण खपरी दरबार मे रोज शाम को पहुंचकर शराब खरीद रहे है जिस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हो पा रही है। ग्रामीण की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही है कि अवैध शराब कारोबारी शराब पिलाकर गांव का माहौल खराब कर रहे हैं। महिलाओ का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कच्चा महुआ शराब को थोक में क्षेत्र मे विक्रय किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारी भी कच्चा महुआ शराब बेच रहे हैं।

### खराब हो रहा नगर का माहौल

नगरवासी धनीपाल कहते हैं, अवैध शराब बेचने वाले से पूरा नगर परेशान है। हमारे मोहल्ले मे तो सुबह 5 बजे से अवैध शराब बिकनी शुरु हो जाती है। कुछ बोलने पर गाली गलौज और मार देने की धमकी देते हैं। नगर पंचायत छुईखदान पार्षद शैव्या वैष्णव बताते हैं कि, छुईखदान नगर सहित आसपास क्षेत्र मे खुले रूप से अवैध शराब का कारोबार जारी है। इससे लोगो का परिवार बिगड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को नशे की आदत पड़ गई हे। कडरापारा निवासी दूजराम साहू बताते हैं कि, अवैध शराब खुलेआम बिक रही है। नगर का माहौल खराब होते जा रहा है। इस अवैध शराब के कारण भविष्य में बड़ी घटना को नकारा नहीं जा सकता। टिकरी पारा निवासी सोहन पाल कहते हैं, अवैध शराब ने तो लोगों को परेशान कर रखा है। पूरे नगर मे छोटे-छोटे बच्चो से लेकर बड़े तक इस अवैध शराब के गिरफ्त मे आ गए है।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्वाह्न 11.30 बजे मनाया जाएगा। इसमें जिले के गणमान्य नागरिक एवं भूतपूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित उपस्थित रहेंगे। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का उद्देश्य देश के बहादुर सैनिकों को सम्मान देना एवं इस दिन विशेष तरह के बने झंडे भेंट कर देश के शहीदों के परिवार के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र करना है। यह दिन युद्ध में विकलांग तथा शहीदों के परिवार के पुनर्वास के लिए मनाया जाता है। थल सेना, वायु सेना तथा जल सेना के कितने ही जांबाज शूरवीरों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है।

# बड़े बकायेदारों की सूची होगी प्रकाशित, कुर्की की कार्रवाई भी

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली की वार्ड वार जानकारी ली। कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए वसूली में तेजी लाकर शासन द्वारा निर्धारित माहवार वसूली के अनुरूप वसूली के निर्देश दिए। बड़े बकायादारों की सूची प्रकाशित कर कुर्की की कार्रवाई करने कहा। वार्ड प्रभारियों से कहा गया है कि जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं करने की स्थिति में एवं बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही कुर्की की कार्रवाई भी होगी। दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, अटल आवास योजना के किराए वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन, भूमि के नामांतरण एवं दुकानों के नामांतरण के संबंध में निर्देश दिए।

# शिशुनगरी में नन्हें विद्यार्थियों के मध्य खेल स्पर्धा नपं अध्यक्ष एवं जपं अध्यक्ष ने किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी थीम पर विद्यार्थियों के मध्य स्वस्थ खेलकूद स्पर्धा आयोजित हुई। नन्हे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर सांस्कृतिक व पाठ्यक्रम संबंधी प्रदर्शनी, नवाचार तथा खेलकूद आयोजित किये गए। जपंअध्यक्ष टिकेश साहू ने एक लाख देने तथा नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने वाटर कूलर व स्टील चेयर की घोषणा की।

जिला स्तरीय शिशु नगरी के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी सुधेश जैन, दीपेश जैन, दिनेश गांधी सशिमं संरक्षक, रामकिशन माहेश्वरी, बूंदा वर्मा, अनिल टावरी, दीना दास साहू, अभिषेक जैन सम्मिलित हुए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने की। विशेष अतिथि सेवाराम पटेल, पार्षद प्रियंक जैन व अलखराम साहू शामिल हुए। इस दरम्यान विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के अतिथियों द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कारिक गतिविधियों की सराहना कर निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। उपरांत नन्हे विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उक्त अवसर पर विभाग प्रमुख, प्राचार्य जितेंद्र शर्मा, सीता गुप्ता, सोहन यदु सहित समस्त आचार्यगण एवं भैया व दीदी उपस्थित थे।

# कार्रवाई जारी है: बकायादारों के कनेक्शन काटे जा रहे, 36 लाख की वसूली

## कंपनी ने 448 के घर – संस्थान की बिजली काट दी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा गैर घरेलू, औद्योगिक एवं घरेलु विद्युत कनेक्शनों के बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्त ाओं से बकाया वसूली के लिए वृहद स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं राजनांदगांव जिलें में मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा मोहला उपसंभाग, चौकी उपसंभाग, डोंगरगांव उपसंभाग, खैरागढ़ उपसंभाग, गंडई उपसंभाग, छुईखदान उपसंभाग, अमलीपारा उपसंभाग, राजनांदगांव पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, बोरी उपसंभाग, सोमनी उपसंभाग एवं ग्रामीण उपसंभाग के 836 बकायादार उपभोक्ताओं से 36 लाख 98 हजार रूपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले 448 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्त ाओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देंवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्त ाओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध भी कर रहे हैं। राजनांदगांव वृत के अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरें ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्त ाओं पर की जा रही कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। वर्तमान में गैर घरेलू एवं औद्योगिक कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही घरेलू श्रेणी के बकायेदार उपभोक्त ाओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसुली की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं राजनांदगांव जिलें 448 उपभोक्त ाओं के कनेक्शन जिन पर 33 लाख 19 हजार रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्त ाओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं तथा 836 बकायादार उपभोक्त ाओं से 36 लाख 98 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया।

# 4 साल बाद हुई पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता, आजम खान बने मिस्टर

**राजनांदगांव।** कोरोना काल के 4 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद रविवार की रात पद्मश्री स्व.गोविन्द राम निर्मलकर आडिटोरियम के मंच पर जिला स्तरीय शरीर सौष्ठव पावर लिफ्टिंग मेंस फिजिक तथा आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन गया। इस आयोजन में जिले भर से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिला जिम संचालक संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि इस आयोजन में युवाओं का खासा उत्साह दिखाई दिया। विजेता खिलाड़ियों को एक लाख रुपए की नकद राशि पुरस्कार में दी गई। इस स्पर्धा में राजनांदगांव के आजम खान मिस्टर राजनांदगांव बने। मेंस फिजिक में इमरान भोई को मिस्टर राजनांदगांव का खिताब मिला। पैरा बॉडी बिल्डिंग में देव यादव को खिताब मिला। वहीं पावर लिफ्टिंग में सीनियर वुमन अंजू सिंह, स्ट्रांग वुमन बनीं। प्रतियोगिता के सीनियर मेल में प्रत्युष यूनिस स्ट्रांग मैन और राजनांदगांव बने। पॉवर लिफ्टिंग जूनियर में मेल में बिट्टू नायक और फीमेल में सोनाली यदु को स्ट्रांग गर्ल ऑफ राजनांदगांव का खिताब दिया गया। स्ट्रांग आर्म ऑफराजनांदगांव का अवार्ड प्रिंस भाटिया को दिया गया। पॉवर लिफ्टिंग के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी लखन पटले, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह सिसोदिया मौजूद रहे। वहीं बॉडी बिल्डिंग में महापौर हेमा देशमुख और रईस अहमद शकील बतौर अतिथि मौजूद रहे।

# 3 बालिकाओं का टाटा हॉकी अकादमी की टीम में चयन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला हॉकी संघ की तीन युवा खिलाड़ी श्यामली राय, वसुंधरा मंडावी और शीतल यादव का चयन देश की बहुचर्चित नवल टाटा हॉकी अकादमी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की टीम से खेलो इंडिया थर्ड फेस फाइनल हॉकी प्रतियोगिता में हुआ है। यह आयोजन 5 दिसम्बर से लखनऊ में शुरू है। इनका चयन विगत दिनों आयोजित चयन स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उड़ीसा में इतने टैलेंटेड खिलाड़ी और बहुत से स्पोर्ट्स हॉस्टल होने के बाद भी राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों को टीम से प्रतिनिधित्व करने बुलाया गया है। ये जिले के साथ-साथ राज्य के लिए भी गौरव की बात है। तीनों खिलाड़ियों ने वर्ष 2018 से हॉकी खेलना शुरू किया और अपने 5 सालों की कड़ी मेहनत की बदौलत आज यह मुकाम हासिल किया है।

कोच अनुराज श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों ने हॉकी जीवन की शुरुआत से लगातार मेहनत करते हुए अपनी स्किल व फिटनेश की बदौलत नवल टाटा हॉकी अकादमी की टीम में अपना स्थान पक्का किया है जो राजनांदगांव जिले के लिए गर्व की बात है। उक्त उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, उपाध्यक्ष भूषण सॉव, गणेश प्रशाद शर्मा, आशा थॉमस, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सह-सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, अब्दुल कादिर, प्रिन्स भाटिया, बबिता लिल्हारे, कार्यकरिणी सदस्य कुमार स्वामी, गुणवंत पटेल,राजू रंगारी, ममता गुप्ता,दौलत चंदेल,अनूप श्रीवास्तव मनीष गौतम सहित खेल प्रेमी जनता ने खिलाड़ियो की उक्त उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## प्रभावितों ने की लिखित शिकायत, जांच के लिए तकनीकी जांच दल का गठन

# सामाजिक व्यवस्थापन सर्वे के लिए अनुबंधित एजेंसी वन फाउंडेशन के ऊपर लगा गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/खैरागढ़।
www.dailypioneer.com




एडीबी थर्ड लोन अंतर्गत निर्माणाधीन छुईखदान-दनिया मार्ग में सामाजिक पुनर्वास एवं व्यवस्थापन सर्वे कार्य को करने वाले एक निजी एजेंसी वन फाऊंडेशन के ऊपर कई गंभीर आरोप लग रहे हैं। मामला चर्चित छुईखदान-दनिया मार्ग निर्माण के जद में आने वाले अधोसंरचना, जिन्हें तोड़ा गया है या तोड़ा जाना है से संबंधित है। इस बारे में एडीबी प्रोजेक्ट प्रबंधक ने अपने एक लिखित जवाब में बताया है कि उक्त मार्ग के निर्माण के लिए एक निजी एजेंसी वन फाउंडेशन को सर्वे कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया अंतर्गत अनुबंधित किया गया था। उक्त एजेंसी के टीम के द्वारा रोड निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने के लगभग 2 साल पूर्व ही जनवरी 2018 में ही सामाजिक पुनर्वास एवं व्यवस्थापन हेतु सर्वे कर लिया गया था। इस संबंध में प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि सर्वे करने वाली टीम के द्वारा कब सर्वे हेतु उनकी संपत्ति का मापांकन एवं मूल्यांकन घर आकर किया गया है ये पता ही नहीं है, बल्कि ये बोलकर आधार कार्ड और बैंक पास बुक की फोटो कॉपी लिया गया कि आपका मकान रोड चौड़ीकरण की जद में आ गया तो रूपये डाला जाएगा। वन फाउंडेशन के टीम लीडर के रुप में वन फाउंडेशन के सचिव सुशील ओझा नामक व्यक्ति द्वारा मापांकन और मूल्यांकन की गणना की गई, किंतु किसी भी प्रभावित को वो गणना पत्र न दिखाया गया, न दिया गया। रोड में प्रभावित मकान मालिकों को तक ये नहीं पता कि उन्हें किस दर में कितने मलबे की सहायता राशि (मुआवजा) दिया गया है। उक्त गणना पत्र सभी प्रभावितों को व्यक्तिगत रुप से दिया जाना था, जो आज तक उक्त अनुबंधित एजेंसी वन फाउन्डेशन के द्वारा किसी भी प्रभावित को नहीं दिया गया है। इस संबंध में प्रोजेक्ट के अधिकारियों के द्वारा गोल-मोल जवाब दिया जाता रहा है। इस बारे में पिछले महा दनिया से पैदल चल कर ज्ञापन सौंपने वाले प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि ज्ञापन में हमारे द्वारा गणना पत्र दिलाने का आग्रह किया गया था, जिस पर छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे द्वारा 9 नवंबर की त्रिपक्षीय बैठक में एडीबी प्रोजेक्ट की ओर से बैठक में सम्मिलित इंजीनियर फारूक और सर्वे करने वाली एजेंसी वन फाउन्डेशन के सुशील ओझा को स्पष्ट आदेश दिए कि 12 नवंबर तक सभी प्रभावितों को उनका गणना पत्र व्यक्तिगत रुप से दे दिया जाएए जिस पर एडीबी प्रोजेक्ट के अधिकारी और सर्वे एजेंसी के ओझा ने सहमति व्यक्त किए, किंतु लगभग एक माह बीतने को है, किसी भी प्रभावित को अब तक गणना पत्र नहीं मिला है। एक बड़े प्रशासनिक अधिकारी (एसडीएम) के आदेशों की ऐसी खुली अवेहलना का कोई दूसरा उदाहरण अब तक देखने को नहीं मिला। गड़बड़ी उजागर होने के भय के कारण प्रभावितों को गणना पत्र नहीं दिया जा रहा है, सर्वे एजेंसी के द्वारा। इधर गणना पत्र नहीं मिलने के कारण जनाक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीण सर्वे एजेन्सी पर कार्यवाही किए जाने और गणना पत्र का वितरण शीघ्र कराने की मांग किए हैं। इस संबंध में एडीबी प्रोजेक्ट प्रबंधक ने बताया कि 9 हितग्राहियों के लिखित आवेदन पुनः मूल्यांकन-मूल्याकंन के लिए प्राप्त हुए हैं, जिसकी जांच के लिए एक तकनीकी जांच दल गठन कर दिया गया है, जो शीघ्र ही जांच कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल ने राम मंदिर में "मोर आवास मोर अधिकार" विषय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की

## बूथ स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास से वंचित एक एक हितग्राहियों तक पहुचेंगे

पायनियर संवाददाता ◂ पेंड्रा
www.dailypioneer.com

मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी जिला मंत्री नीरज जैन ने बताया कि प्रदेश स्तर पर कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को घेरने के लिए मोर आवास मोर अधिकार विषय को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास से वंचित एक एक हितग्राही तक पहुचेंगे और उन्हें प्रदेश की संवेदनहीन सरकार के द्वारा गरीब आदिवासी किसानों के जो आवास वापस किये गए और राज्यांश देने से भूपेश सरकार ने इनकार किया है उसकी हकीकत प्रत्येक हितग्राही को बतलायेंगे। उन्होंने बताया कि जिला की बैठक के बाद मंडल के प्रभारी तय किये गए और अब मंडल की बैठक करके ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किये गए है । बूथ स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास से वंचित एक एक हितग्राहियों तक पहुचेंगे एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पर उनके हस्ताक्षर



लेकर उनके रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ अपने आवास अपने अधिकार की मांग करेंगे। जैन ने बताया कि इस तरह सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश की हर ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्र से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिलवा कर इस भ्र्ष्ट सरकार के खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया जाएगा,पंचायत स्तर पर 6 से 20 दिसम्बर,विधानसभा स्तर पर 21 दिसम्बर से 5 जनवरी तक एवं जिला स्तर 10 जनवरी 2023 को आंदोलन प्रदर्शन के बाद प्रदेश स्तर पर 20 जनवरी 2023 को दुर्ग में विशाल आंदोलन प्रदर्शन पूरे छत्तीसगढ़ के आवास से वंचित हितग्राहियों के द्वारा किया जाएगा। बैठक को कार्यक्रम सह प्रभारी अंकुर गुप्ता,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ प्रवीण राय,जिला उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने संबोधित किया,बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री रमेश तिवारी ने किया।वार्ड स्तर पर प्रभारी सह प्रभारी की घोषणा कार्यक्रम प्रभारी नीरज जैन द्वारा की गई जो इस प्रकार है:वार्ड 1 से वेदराम कोल मैकू कोल,वार्ड 2 से रमेश तिवारी सीताराम कोल,वार्ड 3 से गोलू राठौरसंजीव रजक,वार्ड 4 से शिव काछी रमेश तिवारी,वार्ड 5 से कमल बहादुर/कृष्णकांत,वार्ड 6 से कमलेश चौधरी 00,वार्ड 7 से शरद गुप्ता आसिफ खान,वार्ड 8 से महेंद्र शुक्ला शरद ताम्रकार,वार्ड 9 से राकेश चतुर्वेदी मनीष श्रीवास,वार्ड 10 से कृष्ण दत्त उर्मलिया/संजीव गुप्ता,वार्ड 11 से राकेश श्रीवास प्रकाश राय,वार्ड 12 से अंकुर गुप्ता करण साहू,वार्ड 13 से राजकुमार वैश्य राकेश गुप्ता,वार्ड 14 से भूधर सोनी विनय सूर्यवानी,वार्ड 15 से गणेश जायसवाल राम मिलन सोनी। बैठक में समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर कृत्रिम पैर मिलने से फिर से चलने-फिरने लगी है दिव्यांग शांति

## जगी सुखद भविष्य की आस, कलेक्टर को कहा थैंक्यू

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की मॉगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाने वाली कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आम लोगों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। इसी क्रम में जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर निवासी दिव्यांग शांति बाई के लिए कलेक्टर जनदर्शन उनके समस्याओं के निराकरण के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुआ। कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा मिले कृत्रिम पैर के सहारे से दूर्घटना के पश्चात् दोबारा अपने पैरों पर चलना फिरना दिव्यांग शांति बाई के लिए नया जीवनदान एवं किसी बड़े सपने के साकार होने जैसा है। गरीबी में गुजर बसर करने वाले शांति बाई के लिए अपने गॉव के निर्माणाधीन नाली में गिरने के फलस्वरूप पैर खराब होने के पश्चात् कृत्रिम पैर के



सहारे दोबारा अपने पैर पर चलना वास्तव में अकल्पनीय था। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के संवेदनशील पहल के फलस्वरूप मिले कृत्रिम पैर को शांति बाई ने अपने लिए नया जीवनदान बताते हुए इसके लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित निःशक्त पुनर्वास केन्द्र द्वारा प्रदान किए गए इस कृत्रिम पैर के सहारे दोबारा चलने फिरने के कारण उसे अपने सुखद भविष्य की आस जगने लगी है। कलेक्टर ने कृत्रिम पैर का निर्माण कराने एवं अन्य मदद उपलब्ध कराने के दिए थे निर्देश-उल्लेखनीय है कि अपने गॉव के नाली में गिरने के कारण अपने पैर गंवा चुकी दिव्यांग महिला शांति बाई बारले ट्रायसायकल एवं अन्य मदद की मांग लेकर मंगलवार 22 नवम्बर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता एवं आत्मीयता के साथ दिव्यांग शांति बाई से मुलाकात कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को तलब कर जिला मुख्यालय बालोद स्थित निःशक्त पुनर्वास केन्द्र से शांति बाई के लिए कृत्रिम पैर का निर्माण कराने एवं अन्य मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर शांति बाई को समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 दिसम्बर को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। इसके साथ ही जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग शांति बाई को चलने फिरने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कृत्रिम पैर के सहारे से दोबारा चलने फिरने के कारण शांति बाई के चेहरे पर खुशी एवं संतोष के भाव साफ नजर आ रहा है।

# डा .अंबेडकर को एसईसीएल में अर्पित किया गया श्रद्धासुमन

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारत रत्न बाबा साहेब डॉं. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एसईसीएल में श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में भारत-रत्न बाबा साहेब डॉं. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉं. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना परियोजना) एस.के. पाल, निदेशक (वित्त) श्रीनिवासन, महाप्रबंधक (कार्मिक/ प्रशासन) ए.के. सक्सेना, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्रद्धासुमन अर्पित कर स्मरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉं. भीमराव अम्बेडकर एवं गौतम बुद्ध के चित्र के समीप उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलित किया गया उपरांत





पुष्पमाला अर्पित किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा में उपस्थित अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉं. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना परियोजना) एस.के. पाल, निदेशक (वित्त) श्रीनिवासन, महाप्रबंधक (कार्मिक/ प्रशासन) ए.के. सक्सेना, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर सुनील मेश्राम एवं साथियों ने महात्मा गौतम बुद्ध, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समीप ''बुद्ध वंदना'' व ''पंचशील पाठ'' किया ।

# लोगों ने जनदर्शन में बताई अपनी मॉग एवं समस्याए दिव्यांग महेश कुमार को मिला ट्रायसायकल

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जिला जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को सुना।

डॉ. श्रीवास्तव ने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों से क्रमशः मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपने



समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मोखा के दिव्यांग वृद्ध महेश कुमार की मांग पर तत्काल उसे ट्रायसायकल प्रदान किया गया। जिससे कि उसे आने-जाने में सुविधा हो सके। इस दौरान ग्राम सिंगारपुर के चैतराम धान पंजीयन में संशोधन कराने, ग्राम चिखली के ग्रामीणों ने ग्राम चिखली से पोराभांठा तक पहुँच मार्ग निर्माण कराने, ग्राम खड़बत्तर निवासी आनंद राम ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्रदान करने, ग्राम तितुरगांव निवासी उमेश कुमार ने अपने पिता स्व.शिवप्रसाद सिंह के विद्युत करंट लगने से निधन हो जाने पर मुआवजा राशि की मांग सहित अन्य लोगों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे। इस अवसर पर एडीएम योगेन्द्र श्रीवास विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल 12 से 14 तक बहतराई स्टेडियम में



पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का संभाग स्तरीय खेल उत्सव 12 से 14 दिसम्बर तक स्वर्गीय बी.आर.यादव स्मृति स्टेडियम बहतराई में होगा। संभाग के अंतर्गत शामिल जिलों से लगभग 500 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अधिकारी इसमें शामिल होंगे। संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने इन खेलों के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। स्टेडियम एवं खिलाड़ियों के आवास स्थलों की साफ-सफाई, पेयजल, टॉयलेट, मंच निर्माण, मैदान की तैयारी एवं फर्नीचर की व्यवस्था आयुक्त नगर पालिक निगम को सौंपी गई है। आयोजन स्थल पर एम्बुलैंस सहित चिकित्सा कर्मियों की तैनाती के लिए सीएमएचओ, महिला एवं पुरूष आरक्षकों की व्यवस्था के लिए जिला पुलिस अधीक्षक, रेलवे स्टेशन से आवास स्थल एवं स्टेडियम तक आने-जाने के लिए बस व्यवस्था के लिए आरटीओ, प्रत्येक खेल के लिए निर्णायक एवं नोडल अधिकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, भोजन के लिए जिला खाद्य नियंत्रक सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग को संपूर्ण समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है।

# सहारा ने जमाकर्ताओं को किया बेसहारा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सहारा इण्डिया के जमाकर्ताओ ने अपनी भुगतान की माँगों को लेकर बताया कि सहारा इण्डिया एवं सहारा क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी अलग-अलग संस्थायें हैं और जमाकर्ता का पैसा सहारा सोसायटी में जमा है तथा जमाकर्ता अपना पैसा जिसकी मियाद पूरी हो चुकी है के भुगतान की माँग करने के लिए जब-जब सहारा सोसायटी के ऑफिस में जाते हैं तो उन्हें गलत जानकारी के साथ बरगला कर उनका भुगतान नहीं किया जाता है और यह बताया जाता है कि सहारा-सेबी विवाद के कारण उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है जो कि अक्षरसः गलत है। भुगतान के संबंध में जमाकर्ताओं ने समय-समय पर स्थानीय राज्य एवं केन्द्र शासन के पास पत्र एवं अन्य सभी माध्यम से शिकायत की है परन्तु उसके बाद भी जमाकर्ताओं का भुगतान कराने में प्रशासन असफल रहा है। अतिरिक्त कलेक्टर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सहारा के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए 17नवंबर.2022 को आदेश




पारित किया है परन्तु आज तक उस आदेश का क्रियान्वयन पुलिस विभाग द्वारा नहीं किया गया है। सहारा के जमाकर्ताओं ने सहारा के खिलाफ उपभोक्ता न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक शिकायत दर्ज किये हैं। जमाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय आने के बाद भी सहारा प्रबंधन भुगतान को लेकर असहयोगात्मक रवैया अपना रहा है। जमाकर्ताओं को सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के सिवाय संयुक्तिक उपाय नहीं लग रहा है। इसलिए जमाकर्ताओं के मंच के द्वारा आगामी 13.दिसंबर.2022 को रैली निकालकर सहारा प्रबंधन के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए भुगतान की मांग के लिए ज्ञापन देकर निवेदन करेंगे। प्रेस कॉफ्रेन्स में सतीश शर्मा, जयदीप घोष, संजय मिश्रा, ऋतु चंद्राकर, परमेश्वर साहू, संतोष ठाकुर, सचिन काले, प्रशांत गुप्ता एवं अन्य जमाकर्ता एव कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोका युवक की मौत शिव सैनिकों ने ग्रामीणो के साथ किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा से बिलासपुर कि ओर जा रहे केप्सुल ट्रक ने लापरवाही पुर्वक गाड़ी चलाते हुए ट्रेक्टर के साथ चल रहे मजदुर सुखराम को अपने चपेट में ले लिया और घसिटते हुए ट्रेक्टर को ठोकर मार दिया जिससे धान से लदे ट्रेक्टर ट्राली पलट गई और अफ्रा तफ्री चिक पुकार मच गया। ग्रामीणो की भिड़ जुटती देख भाटापारा ग्रामीण पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और मृतक सुखराम की आधी अधुरी मृत शरीर को बिना पंचनाम किये बल पुर्वक पेट्रोलिंग वाहन में डालने लगी जिनको देखते ही पीड़ित परिवार के लोगों ने व शिवसेना पदाधिकारीयो ने विरोध किया जिसके बाद दोनों के बिच छुमा झपटी भी हुआ जिसमें शिवसेना जिलाध्यक्ष मनहरन साहु गिरफ्तार करने धक्का मारते हुए गाड़ी में बिठाने लगे जिनको महिला सेना पदाधिकारीयो ने बिच बचाव कर रोका लेकिन पुलिस बल की तैनाती ज्यादा होने के कारण मृतक के छत विछत शरीर को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर ट्रेक्टर को



जेसीबी से उठाकर सड़क के किनारे कर दिया जिस दौरान कुछ पुलिस अधिकारीयो ने मृतक के परिजनो से गाली गलौच भी किया। जिससे शिव सैनिक व ग्रामीण भड़क गये और भाटापारा बिलासपुर मार्ग को बंद कर चक्काजाम कर दिया। मामले की गंभिरता की जानकारी मिलते ही शिवसेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु देवरी घटना स्थल पहुंचे और मृतक के परिजनो को मुआंवजा व परिजनो व शिवसेना पदाधिकारीयो के साथ अभद्रता करने वाले पुलिस अधिकारीयो पर कार्यवाही की माँग को लेकर सड़क पर बैठ गये जिससे सड़क के दोनो तरफ कई किलोमीटर तक भारी वाहनो की लम्बी कतार लग गई जानकारी मिलते ही भाटापारा एसड़ीएम एवं पुलिस उप अधिक्षक अभिषेक सिंह, पुलिस अनुविभाग बलौदाजार सुभाष दास, पुलिस अनुविभाग भाटापारा सिद्धार्थ बघेल दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मान मनौव्वल करने लगे लेकिन ग्रामीण व शिवसैनिक आक्रोषित होकर नारेबाजी करने लगे जिसके बाद शासन व ट्रक मालिक से उचित मुआवजा दिलाने व अभद्र व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारीयो पर कार्यवाही करने के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त कर पीड़ित परिवार शिव सैनिको के साथ ग्रामीण थाना पहुंचे जहाँ पर मृतक के परिजनो को तत्काल नगद एक लाख पछत्तर हजार रूपये की तत्कालिक मुआवजा राशी शासन व ट्रक मालिक एवं दुर्घटना बिमा के वकील सभी ने मिलकर दिया एवं जल्द ही मर्ग कायम कर कार्यवाही पुरा कर क्षतिपुर्ति राशी कोर्ट के आदेश के अनुसार दिलाने की बात कही गई व क्षतिग्रस्त ट्रेक्टर ट्राली को मरम्मत कर देने की बात ट्रक मालिक ने स्विकारा जिसके बाद सभी शिवसैनिक मृतक के परिवार के साथ मृतक के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम कराने असपताल पहुंचे।

# डॉ. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दपूम रेलवे ने श्रद्धा सुमन अर्पित की

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों के द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रागण में आयोजित एक सादे समारोह में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की छाया चित्र पर श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्प अर्पित किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित किया गया । इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी बारी बारी से श्रद्धा सुमन उन्हें अर्पित किया। समारोह के प्रारंभ में बाबासाहेब के जीवन व उनके कृत्यों पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रकाश डाला गया।






संविधान के निर्माता, दूरदर्शी राजनेता, सामाजिक आंदोलन के प्रणेता, भारत सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य, विख्यात लेखक, कानूनविद, विलक्षण प्रतिभा के धनी विद्वान तथा अद्भुत इंसान आदि के रूप में उनका वर्णन किया गया । इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष सहित अधिकारी एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित थे।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने करीब ढाई घंटे तक 300 से अधिक लोगों से मुलाकात

# जन्म से दिल की बीमारी से जूझ रहे बालक कुणाल का होगा चिरायु योजना से इलाज

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सौरभकुमार ने यहां जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में बड़ी संख्या में शहर सहित दूर-दराज से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर बड़े इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने तत्काल हो सकने वाले कुछ आवेदनों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले कुछ गंभीर किस्म के मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए निराकरण के लिए अधिकारियों को समय-सीमा दी। जनदर्शन में कलेक्टर ने करीब ढाई घंटे तक 300 से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी निजी और सामुदायिक समस्याएं सुनी। उन्होंने जरूरतमंद 30 लोगों को मौके पर ही राशनकार्ड बनवाकर दिया, जिससे सभी ने खुश होकर त्वरित सुनवाई के लिए कलेक्टर को धन्यवाद दिया। जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर गिधौरी



गांव निवासी नरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने अपने 11 वर्षीय बालक कुणाल सूर्यवंशी का इलाज करवाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने गंभीरता से उनकी समस्या को सुना। सूर्यवंशी ने बताया कि जन्म से ही कुणाल की श्वांस नली नहीं बनी है और दिल में छेद है। उन्होंने बताया कि सभी जगह इलाज कराने के बाद डॉक्टरों ने कहा है कि बच्चे का ऑपरेशन दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में कराना होगा। उन्होंने बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता हूं। ऑपरेशन के लिए राशि जुटा पाना मुमकिन नहीं है। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए सीएमएचओ को बच्चे का इलाज चिरायु योजना से कराने के निर्देश दिए। रतनपुर तहसील के ग्राम लालपुर निवासी नारायण प्रसाद यादव ने आदिवासी सेवा सहकारी समिति चपोरा में कार्यरत अनुराग जायसवाल द्वारा नियम विरूद्ध कार्य किये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। कोटा तहसील के नवागांव से आए रामेश्वर साहू ने कलेक्टर से मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि 25 हजार रूपये मेरे खाते में न जाकर किसी और व्यक्ति के खाते में अंतरित कर दी गई है। बार-बार आवेदन देने के उपरांत भी त्रुटि सुधार नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने मामले का परीक्षण करने के निर्देश कोटा सीईओ को दिए। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कछार की सरपंच त्रिवेणी मरकाम ने ग्राम पंचायत कछार के नाला में पुलिया के पास रिटर्निंग वॉल बनवाने की मांग की। इस मामले को कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को सौंपा। सेमरताल के शांतनु मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों ने सेमरताल टारबांध में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए आवेदन दिया। इस मामले का परीक्षण एसडीएम बिलासपुर करेंगे। कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति के उपाध्यक्ष जे.एल.देवांगन ने दो वर्ष के बाद भी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के द्वारा भूमि के सीमांकन नहीं किये जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को मामले का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मझगांव की सरपंच भगवती देवी ने पुलिया निर्माण एवं अहाता निर्माण करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि डोंगरीपारा पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण की बहुत जरूरत है ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरदैयाडीह के ग्रामवासियों ने कलेक्टर के समक्ष ग्राम भरदैयाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

# पदोन्नत प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह


पायनियर संवाददाता ◂ पेंड्रा
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला गौरेला पेंण्ड्रा मरवाही के जिला पदाधिकारियों की बैठक बी आर सी गौरेला में रखी गई थी जिसमें वन टाइम रिलेक्शेसन के तहत सहायक शिक्षक से पदोन्नत हुए प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह का आयोजन डाइट पेंड्रा के सभागार में दोपहर 1:00 बजे माननीय प्रांतीय अध्यक्ष संजय शर्मा जी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, मनोज सनाढ्य प्रांतीय सचिव, बसंत चतुर्वेदी संभाग प्रभारी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी कार्यक्रम का प्रचार- प्रसार करें ,तथा सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी अपनी उपस्थिति दर्ज करावे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है सभी सदस्य अपने दिए गए उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। के बैठक में जिलाध्यक्ष मुकेश कोरी जी, ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला संजय नामदेव , ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही तरुण नामदेव जी, पेण्ड्रा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौधरी , जिला पदाधिकारियों में योगेश सिंह राजपूत, चंदूलाल सिंगरौल, मोतीलाल राठौर, श्रीनिवास पान्डे, महिला प्रकोष्ठ से स्मिता गोवर्धन सिंह, गुलाब द्विवेदी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403